

कानपुर में बढ़ सकता 400 करोड़ का निर्यात कारोबार - 12



शाह ने सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए नई राष्ट्रीय नीति पेश की - 12



अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए नए ऊष्मा स्रोत ईंधन का परीक्षण- 13



ऋषभ पंत के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे- 14


आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
29.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.30
सूर्यास्त 07.00

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 11:23 तक उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 25 जुलाई 2025, वर्ष 3, अंक 335, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### 95 लाख के ईनामी 26 नक्सलियों का सरेंडर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के तीन जिलों कांकेर, नारायणपुर और सुकमा में गुरुवार को सुरक्षा बलों तथा पुलिस को तब बड़ी सफलता हाथ लगी जब 95 लाख के ईनामी कंपनी कमांडर सहित 26 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पण करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने में उत्तर बस्तर में सक्रिय 62 लाख के ईनामी 13 नक्सली शामिल हैं जिसमें पांच महिला भी हैं। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में कंपनी कमांडर मंगलू उर्फ रूपेश कोमरा और उत्तर बस्तर डिविजन का कमांडर इन चीफ मैनू नेगी भी है। मंगलू पर 10 लाख जबकि मैनू पर आठ लाख का ईनाम घोषित है। सरेंडर करने वालों में 10 लाख का एक, आठ-आठ लाख के चार, 5-5 लाख के तीन और एक-एक लाख के पांच नक्सली हैं।

### तीन छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर का विकास

**नई दिल्ली।** भारत तीन प्रकार के छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) विकसित कर रहा है, जिनमें से एक रिएक्टर विशेष रूप से हाइड्रोजन उत्पादन के लिए होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में बताया कि ये रिएक्टर मुख्यत: ऊर्जा-गहन उद्योगों के लिए कैप्टिव प्लांट्स के रूप में इस्तेमाल किए जाएंगे। सिंह ने बताया कि स्वदेशी रूप से विकसित किए जा रहे तीन रिएक्टरों में 200 मेगावाट विद्युत क्षमता वाला भारत स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर, 55 मेगावाट क्षमता वाला एसएमआर, और पांच मेगावाट थर्मल गैस कूल्ड रिएक्टर शामिल हैं।

### विधायक के भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुलिस ने आज केडगांव-चौफुला क्षेत्र स्थित अंबिका लोकनाट्य कला केंद्र में हुई गोलीबारी में संलिप्तता के आरोप में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-अजित पवार गुट) के विधायक शंकर मांडेकर के भाई बालासाहेब मांडेकर और दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। रिपोर्ट के मुताबिक सांस्कृतिक केंद्र में बालासाहेब मांडेकर और उनके समूह द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी में एक महिला कलाकार घायल हो गई थी। इस बीच राकांपा (शरद गुट) के विधायक रोहित पवार ने सत्तारूढ़ दल पर मामले को दबाने और घायल कलाकार तथा सांस्कृतिक केंद्र के प्रबंधन पर चुप्पी साधे रहने का दबाव का आरोप लगाया।


अंदर देखें ... यूरेका





# ब्रिटेन से मुक्त व्यापार समझौता

## प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश पीएम स्टार्मर की मौजूदगी में हुए हस्ताक्षर | ऐतिहासिक समझौते से दोनों देशों में बढ़ेगा 34 अरब डॉलर का व्यापार

- समझौते से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को शुल्क से राहत
- ब्रिटेन से कारों और अन्य उत्पादों का निर्यात भी आसान होगा

लंदन, एजेंसी

भारत और ब्रिटेन ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए जिससे सालाना द्विपक्षीय व्यापार में करीब 34 अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है। इस समझौते से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश व्हिस्की, कारों एवं कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की उपस्थिति में इस समझौते पर भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड ने हस्ताक्षर किए। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि इस एफटीए के लागू होने से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को शुल्क से राहत मिलने की उम्मीद है। यह ब्रिटिश कंपनियों के लिए व्हिस्की, कारों और अन्य उत्पादों का भारत में निर्यात भी आसान करेगा। इस तरह दोनों देशों के बीच कुल व्यापार में बढ़ोतरी होगी। दोनों देशों के बीच तीन साल की बातचीत के बाद इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया है। इससे भारतीय वस्तुओं को सभी क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि भारत को लगभग 99 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों के पूरी तरह शुल्क-मुक्त होने से फायदा होगा। यह छूट लगभग 100 % व्यापार मूल्य को समाहित करती है। ब्रिटेन ने कहा कि समझौते के बाद भारतीय उपभोक्ताओं को सॉफ्ट ड्रिंक, सौंदर्य प्रसाधन, कार एवं चिकित्सा उपकरण जैसे ब्रिटिश उत्पादों तक आसान पहुंच मिलेगी।



मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश समकक्ष स्टार्मर। ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन और भारत के उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए ऐतिहासिक दिन

समझौते के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत-ब्रिटेन संबंधों में ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इससे पहले, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने गुरुवार वार को प्रधानमंत्री मोदी की अपने आधिकारिक आवास चेकर्स में मेजबानी की।

### आतंकवाद पर दोहरे मापदंड बर्दाश्त नहीं

**लंदन/नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों की कोई जगह नहीं है और उग्रवादी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक आजादी का दुरूपयोग नहीं करने दिया जाएगा। ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लंदन में अपने समकक्ष कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रेस वक्तव्य में कहा कि लोकतांत्रिक आजादी का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को ही कमजोर करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए ब्रिटेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों का कोई स्थान नहीं है। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि उग्रवादी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करने दिया जा सकता।

# रूस में विमान क्रैश 48 लोगों की मौत

मॉस्को, एजेंसी

- ब्लागोवेशचेंस्क से तिंडा जाते समय चीन सीमा पर हुआ क्रैश
- लैंडिंग करने के प्रयास में पहाड़ी से टकराया, लगी भीषण आग

रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में हुई विमान दुर्घटना में 48 लोगों की मौत हो गई है। अमूर क्षेत्र के प्रमुख ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बताया कि एएन-24 यात्री विमान रूस-चीन सीमा पर स्थित ब्लागोवेशचेंस्क शहर से तिंडा शहर की ओर उड़ान भरते समय रडार से गायब हो गया था। बाद में बचावकर्मियों को घने जंगलों से घिरी एक पहाड़ी पर विमान का जलता हुआ मलबा मिला। क्षेत्र के गवर्नर वैसिली ओर्लोव ने कहा कि विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य दुर्घटना में मारे गए। उन्होंने तीन दिन के शोक की भी घोषणा की।

मीडिया में आईं खबरों में बताया गया कि एंटोनोव एएन-24 टर्बोप्रॉप विमान पूर्वी साइबेरिया के तिंडा हवाई अड्डे पर उतरने का दूसरा प्रयास करते समय एक पहाड़ी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चीनी सीमा के निकट अमूर क्षेत्र के गवर्नर ने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि विमान में 43 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। गवर्नर ने कहा कि तिंडा हवाई अड्डे के निदेशक के अनुसार टक्कर के बाद, विमान में आग लग गई और उस क्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहे एमआई-8 हेलीकॉप्टर के चालक दल ने किसी के भी जीवित बचे होने की सूचना नहीं दी। क्षेत्रीय अंगारा एयरलाइंस का 50 साल पुराना विमान खाबरोवस्क-तिंडा-ब्लागोवेशेंस्क मार्ग पर उड़ान भर रहा था। रेडियो बीएफएम ने कुछ विशेषज्ञों के हवाले से बताया कि खराब मौसम के दौरान मानवीय चूक दुर्घटना का संभावित कारण है। दूसरी ओर इंजन की समस्या को भी दुर्घटना के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है।



क्रैश हुए रूसी विमान का मलबा।

# संसद में लगातार चौथे दिन भी कायम रहा गतिरोध




संसद परिसर में एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन करते विपक्षी दलों के सांसद।

नई दिल्ली, एजेंसी

- नहीं हो सका कामकाज, रास में छह सदस्यों को दी गई विदाई
- एसआईआर के विरोध में विपक्ष के सदस्यों ने किया हंगामा

संसद में गुरुवार को लगातार चौथे दिन बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर गतिरोध कायम रहा जबकि राज्यसभा में सेवानिवृत्त होने जा रहे छह सदस्यों को विदाई दी गई। हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों में एसआईआर के विरोध में विपक्ष के कई सदस्य आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करते रहे।

लोकसभा में कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी दलों ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की और तख्तियां लहराईं, जिन पर एसआईआर विरोधी नारे लिखे हुए थे। उन्होंने बिहार में एसआईआर की कवायद पर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। हालांकि, सदन में शोर-शराबे के बीच ही पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने प्रश्नकाल के दौरान कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आसन के समीप शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से प्रश्नकाल में भाग लेने की अपील की।

एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे जब निचले सदन की बैठक फिर शुरू हुई तो विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्षी सदस्यों से गोवा राज्य विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का समायोजन विधेयक, 2024 पर चर्चा में भाग लेने की अपील की।

# प्रेमिका और चार बच्चों के हत्यारे प्रेमी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- प्रेमी की पत्नी को उम्रकैद, दोनों पर 2,20,000 रुपये जुर्माना भी लगाया
- प्रेमिका बच्चों के साथ रहने का दबाव डाल रही थी तो सबको मार डाला

**अमृत विचार :** प्रेमिका और उसके चार मासूम बच्चों की हत्या करने के दोषी प्रेमी को अपर सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उसकी पत्नी को भी आजीवन कारावास की सजा दी। दोनों पर अर्थदंड भी लगा है।

जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय सिंह व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमान गांव के बाहर 25 अप्रैल 2017 को कछुआ नाले में दो लड़कियों, वहां से दो किलोमीटर दूर सड़क किनारे एक बालक और एक बालिका के शव बोरियों में भरे हुए मिले थे। दूसरे दिन एक तालाब से महिला का शव भी बरामद हुआ था। महिला की पहचान बिहार के पटना जिले की माधवपुर निवासी लालमुनी देवी उर्फ रीना पत्नी सत्यानंद के रूप में हुई थी।

शव उसके बच्चों रीता, संगीता, गीता व किशुन के थे। लालमुनी देवी का पति सत्यानंद मानसिक बीमार था और घटना से दो साल पहले घर छोड़कर कहीं चला गया था। इस दौरान लालमुनी देवी चित्रकूट के राजापुर थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी अवधेश यादव के संपर्क में आ गई। कुछ समय बाद लालमुनी ने अवधेश पर बच्चों के साथ गांव चलकर रहने का दबाव बनाया और ऐसा न करने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की बात कही थी। इस पर अवधेश ने अपनी पत्नी मंटू देवी उर्फ कुसुमकली के साथ मिलकर लालमुनी को रास्ते से हटाने का निर्णय लिया। साजिश के तहत अवधेश लालमुनी और उसके बच्चों को लेकर राजापुर (चित्रकूट) आया। राजापुर से 23 अप्रैल 2017 को रात में वह लालमुनी, उसकी बेटी संगीता, रीता, गीता व पुत्र किशुन को अमान गांव ले आया और यहां पत्नी के साथ मिलकर रात में सोते समय सभी की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी और शवों को अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिए। पुलिस ने मामले का राजफाश कर दंपती को गिरफ्तार किया था। न्यायालय में हत्यारोपी दंपती के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी अवधेश यादव को फांसी व उसकी पत्नी मंटू देवी उर्फ कुसुमकली को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही पति-पत्नी पर 2,20,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया।



अवधेश यादव और मंटू देवी।

# आरोपियों को बरी करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

**मुंबई ट्रेन विस्फोट मामला**

सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले पर गुरुवार को रोक लगा दी, लेकिन कहा कि उन्हें फिलहाल जेल लौटने की जरूरत नहीं है।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को नजीर न माना जाए। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले के सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार की अपील पर उनसे जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि सभी प्रतिवादियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस जेल भेजने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

# अनिल अंबानी समूह पर ईडी का छापा

मुंबई, एजेंसी

- 3000 करोड़ रुपये के ऋण घोटाले में एजेंसी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपये के कथित ऋण घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई जगह छापे मारे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन कंपनियों द्वारा लिए गए बैंक ऋणों के अलावा कुछ अघोषित विदेशी संपत्तियां भी एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में छापेमारी की जा रही है। ये परिसर 50 कंपनियों और करीब 25 लोगों से जुड़े हैं। यह कार्रवाई ईडी की दिल्ली स्थित जांच इकाई द्वारा की जा रही है। ईडी सूत्रों ने बताया कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये के ऋण के गलत इस्तेमाल के आरोपों में ये छापेमारी की जा रही है। समूह की दो कंपनी 'रिलायंस पावर' और 'रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर' ने शेयर बाजार को दी अलग-अलग सूचना में कहा कि ईडी की कार्रवाई का उनके व्यवसाय संचालन, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई असर नहीं पड़ा है।



# सीतापुर में स्कूलों का विलय रुका

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने दिया यथास्थिति बनाए रखने का अंतरिम आदेश

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए सीतापुर जनपद में स्कूलों के विलय/ पेयरिंग संबंधित कार्यवाही पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा कि सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से हलफनामे के साथ दाखिल रिकॉर्ड में स्पष्ट तौर पर कुछ विसंगतियां पाई गई हैं। लिहाजा अग्रिम सुनवाई तक सीतापुर जनपद के संबंध में चल रही कार्यवाही पर यथास्थिति बनाए रखी जाए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 अगस्त की तिथि नियत करते हुए अपीलार्थियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने सीतापुर के स्कूली बच्चों की ओर से उनके अभिभावकों द्वारा दाखिल दो विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। अपीलों में एकल पीठ के सात जुलाई के उस आदेश को चुनौती दी गई है। जिसमें स्कूलों का विलय करने के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। अपीलों पर तीन दिनों से चल रही सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से हलफनामा दाखिल किया गया जिसमें सीतापुर में स्कूलों के विलय/पेयरिंग के संबंध में कुछ डाटा प्रस्तुत किए गए जिन्हें देखने के बाद अपीलार्थियों के अधिवक्ता एलपी मिश्रा व गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि स्वयं सरकार की ओर से दाखिल उक्त हलफनामे से पता चलता है कि कई ऐसे भी स्कूल हैं, जहां बच्चों की संख्या 100 या अधिक है। फिर भी उक्त स्कूलों का विलय/पेयरिंग किया जा रहा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से स्थिति स्पष्ट करने के साथ ही सीतापुर में यथास्थिति रखने का आदेश पारित किया।

**अच्छी पहल** | योगी सरकार ने कृषि श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में की बढ़ोत्तरी

# अब कृषि श्रमिकों को मिलेगी प्रतिमाह 6552 न्यूनतम मजदूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नकद, उपज और डिजिटल भुगतान के तीन विकल्प लागू

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने कृषि मजदूरों के हित में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए न्यूनतम मजदूरी की दरों में व्यापक संशोधन किया है। अब राज्य के सभी जिलों में कृषि कार्यों से जुड़े वयस्क श्रमिकों को 252 रुपये प्रतिदिन या 6552 रुपये प्रति माह न्यूनतम मजदूरी मिलेगी। पहले 240 रुपये प्रति दिन और 6240 रुपये प्रतिमाह मिलती थी।

इस निर्णय से लाखों खेतिहर मजदूरों, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, कुक्कुट पालन जैसे कृषि आधारित उद्योगों से जुड़े लोगों को वित्तीय सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का आधार मिलेगा। श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव ने कहा कि यह दरें राज्य में हर प्रकार की खेती पर लागू होगी।

सरकार ने ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के करोड़ों मजदूरों का पंजीकरण कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा था। न्यूनतम मजदूरी की यह नई अधिसूचना उसी श्रृंखला में एक और मजबूत कड़ी है। यह फैसला न केवल श्रमिक कल्याण, बल्कि कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की स्थायित्व और उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देगा। साथ ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देकर आधुनिक और पारदर्शी प्रणाली की नींव भी रखेगा। श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एमके शनमुगा सुन्दरम् ने बताया कि यह दरें राज्य के हर प्रकार की खेती पर लागू होंगी, चाहे वह परंपरागत कृषि हो, मशरूम उत्पादन हो या मंडी तक फसल पहुंचाने का श्रम। मजदूरी का भुगतान अब नकद, आंशिक नकद, कृषि उपज या डिजिटल माध्यमों से किया जा सकता है, लेकिन किसी भी स्थिति में मजदूरी की कुल राशि विहित दर से कम नहीं होनी चाहिए। शासनादेश में कहा गया है कि न्यूनतम मजदूरी की प्रति घंटे दर भी दैनिक मजदूरी का 1/6 भाग से कम नहीं हो सकेगी।

### श्रमिक नीति में मूलभूत बदलाव का संकेत

योगी सरकार का यह फैसला सिर्फ मजदूरी तय करने का नहीं, बल्कि यह यूपी की श्रमिक नीति में मूलभूत बदलाव का संकेत है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे लाखों श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा और कृषि कार्यों में श्रम की गुणवत्ता व निरंतरता सुनिश्चित होगी। यह निर्णय योगी सरकार की सबका साथ, सबका विकास नीति का एक और उदाहरण है, जिसमें खेतिहर मजदूरों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

## स्टेट ब्रीफ

### बिना फार्मर रजिस्ट्री बीमित नहीं होंगी गैरऋणी फसलें

**अमृत विचार, लखनऊ :** अब बिना फार्मर रजिस्ट्री के गैरऋणी किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। किसानों को फसलों का स्वयं से बीमा कराने के लिए पहले फार्मर रजिस्ट्री कराना होगा। तभी फसलें बीमित की जाएंगी। केंद्र ने गैरऋणी किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गाइडलाइन में बदलाव किया है। नई व्यवस्था में फार्मर रजिस्ट्री कराये किसान ही जनसेवा केंद्र या स्वयं से फसलों का बीमा करा पाएंगे। सरकार ने पारदर्शिता के लिए यह व्यवस्था की है। इससे फर्जीवाड़ा या फिर दोहरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। सरकार ने केसीसी धारकों की प्रक्रिया में बदलाव नहीं किया है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं है, वे जल्द कराकर फसलों का बीमा कराएं।

### प्रदेश में बंद हो स्कूलों का विलय : अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उच्च न्यायालय के सीतापुर में स्कूलों के विलय पर रोक का स्वागत करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में स्कूलों का विलय बंद किया जाए। ऐसा न होने पर कांग्रेस संघर्ष तेज करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा में निजीकरण को बढ़ाने के लिए सरकारी विद्यालयों को बंद करने का षड्यंत्र रच रही है, जबकि कांग्रेस प्रदेश में 27 हजार प्राथमिक विद्यालयों के विलय के कुत्सित प्रयास के खिलाफ संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि निशुल्क शिक्षा सभी का अधिकार है। उच्च न्यायालय के आदेश से गरीब व वंचित वर्ग के बच्चों को समुचित शिक्षा मिल सकेगी।

### ऊर्जा मंत्री के बयान पर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब मंत्री बिजली विभाग को 'जनसेवा' बता रहे हैं, तो ऊर्जा निगमों का निजीकरण आखिर क्यों किया जा रहा है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने भी इसी बयान पर ऊर्जा मंत्री से सवाल किए। बीते दिन बिजली आपूर्ति की समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री ने विभाग के शीर्ष अधिकारियों को खूब खरी-खोटी सुनाई थी। उनका कहना था कि विभाग 'बनिया' की दुकान नहीं है। उन्होंने बकाया होने पर पूरे गांव की बिजली काटने पर नाराजगी जताई थी।

**नई बिजली दरों पर बैठक आज :** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर राज्य विद्युत नियामक आयोग की राज्य सलाहकार समिति की बैठक 25 जुलाई को होगी। बैठक में नई बिजली दरों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# चार देशों में पांच कंपनियां खोलीं, मिले 11 बैंक खाते

## गाजियाबाद के कविनगर में एक मकान में फर्जी दूतावास संचालन का मामला, दस्तावेजों की जांच में कई राज सामने आए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर्षवर्धन जैन के यूके में दो, यूएई मॉरिशस व कैमरून में है एक-एक कंपनी
- चंद्रास्वामी ने लंदन में कराई थी आर्म्स डीलर अदनान खशोगी और एहसान अली से मुलाकात




गाजियाबाद में इसी मकान से आरोपी हर्षवर्धन चलाता था फर्जी दूतावास। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गाजियाबाद के कविनगर में घर के अंदर फर्जी दूतावास चलाने के आरोपी हर्षवर्धन जैन को मंगलवार देर रात को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। आरोपी के पास से मिले दस्तावेजों की जांच की गई तो कई राज सामने आये। हर्षवर्धन चर्चित चंद्रास्वामी का काफी करीबी था। चंद्रास्वामी ने हर्षवर्धन की सउदी निवासी आर्म्स डीलर अदनान खशोगी और एहसान अली सैयद से लंदन में मुलाकात कराई थी। हर्षवर्धन के नाम से यूके में दो, यूएई, मॉरिशस और कैमरून में है एक-एक कंपनी हैं। जांच में दुबई (यूएई) में 6, मारिशस में 1, यूके में 3 तथा भारत में 1 बैंक खाते की जानकारी मिली है। एसटीएफ बैंकों में हुए लेन-देन के बारे में जानकारी हासिल करने में जुटी है।

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक जांच में सामने आया कि हर्षवर्धन जैन ने एहसान अली सैयद के साथ मिलकर विदेशों में कई कंपनियों का रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें यूके में स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन लि., ईस्ट इंडिया कंपनी यूके लि., यूएई में आईसलैंड जनरल ट्रेडिंग कोआपरेशन लि., मारिशस में इंदिरा ओवरसीज लि.अफ्रीका के कैमरून में कैमरून इस्पात एसएआरएल शामिल हैं। जांच में सामने आया कि एहसान अली सैयद हैदराबाद का रहने वाला है। उसने तर्किश की नागरिकता ले ली है। चंद्रास्वामी ने हर्षवर्धन को इसी के पास लंदन में भेजा था। हर्षवर्धन के साथ मिलकर कई शेल कंपनी बनाई। इसी तरीके से बड़ी कमाई की थी।

### अहसान और हर्षवर्धन ने दलाली से बनाए थे 3 अरब रुपये

जांच में सामने आया कि अहसान की स्विट्जरलैंड और बहरीन वेस्ड कंपनी वेस्टर्न एडवाइजरी ग्रुप थी। अहसान और हर्षवर्धन ने स्विस बेस्ड कई कंपनियों को वर्ष 2008 से 2011 के बीच में करीब 70 मिलियन पाउंड (भारतीय मुद्रा में आठ अरब, 19 करोड़, 37 लाख 31 हजार रुपये) लोन दिलाया था। इसके बदले में उसने 25 मिलियन पाउंड (2 अरब 92 करोड़ 64 लाख 60 हजार रुपये) दलाली ली थी। इसके बाद वहां से भाग गया। 22 नवंबर 2022 को स्विस सरकार की सिफारिश पर लंदन पुलिस ने हर्षवर्धन को गिरफ्तार किया था। जुलाई 2023 में वेस्ट मिनिस्टर कोर्ट लंदन ने जालसाजी करने के मामले में स्विट्जरलैंड को प्रत्यर्पण की मंजूरी दे दी है। जांच में सामने आया कि ज्यूरिच कोर्ट ने 16 कंपनियों को लोन दिलाने के नाम पर दलाली के रुपये लेकर ठगी करने और भाग जाने के मामले में अहसान को साढ़े छह साल की सजा सुनाई है। एहसान अली के साथ हर्षवर्धन की भी भूमिका की जांच की जा रही है। एसटीएफ को हर्षवर्धन के दो पैन कार्ड की भी जानकारी मिली हे। जिनके आधार पर उसने कई बैंकों में खाते खोले हैं। उसके भारत समेत चार देशों में खोले गये बैंक खातों में हुए लेनदेन की डिटेल जुटाई जा रही है।

### वेस्ट आर्कटिका, सबोरगा, पॉल्विया और लोडोनिया से जुड़े तार

एसटीएफ नोएडा के इंस्पेक्टर सचिन कुमार के मुताबिक गिरफ्तार किए गए हर्षवर्धन जैन कई देशों का काउंसिल एंबेस्डर बताता है। इसके तार खुद को देश घोषित करने वाले वेस्ट आर्कटिका, सबोरगा, पॉल्विया और लोडोनिया से जुड़े हैं। वह चार लग्जरी गाड़ियों पर राजनयिक नंबर प्लेट लगाकर चलता था। कविनगर में संचालित दूतावास का कोई पंजीकरण नहीं मिला। विदेशी कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने की भी शिकायतें की हैं।

### लंदन से किया एमबीए, सैटेलाइट फोन का करता था प्रयोग

एसटीएफ टीम के मुताबिक, हर्षवर्धन जैन ने गाजियाबाद से बीबीए और लंदन से एमबीए किया। इसके पिता जेडी जैन प्रतिष्ठित उद्योगपति रहे हैं। गाजियाबाद में इनकी जैन रोलिंग मिल और राजस्थान के बांसवाड़ा और काकरोली में इंदिरा मार्बल्स व जेडी मार्बल्स नाम से खदानें थीं। जहां आरोपी हर्षवर्धन ने भी काम किया था। खदानों से मार्बल लंदन भी भेजा जाता था। हर्षवर्धन लंदन में मार्बल एक्सपोर्ट का काम देखता था। एसटीएफ के मुताबिक वर्ष 2011 में हर्षवर्धन साउथ अफ्रीका में कारोबार करता था। इस दौरान अवैध तरीके से वह साउथ अफ्रीका से गाजियाबाद में सेटेलाइट फोन ले आया। कुछ दिन उसने सेटेलाइट फोन को ऑन किया तो केंद्रीय एजेंसी ने लोकेशन ट्रेस कर ली। एसटीएफ हर्षवर्धन को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए दिल्ली ले गई। जांच में देशविरोधी गतिविधियां न मिलने पर उसे छोड़ दिया गया।

### कब्जा मुक्त कराएं जमीन: मुख्यमंत्री

- जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। इलाज को लेकर आए लोगों को आश्वासन दिया कि पैसे की कमी से किसी का भी इलाज नहीं रुकेगा।

योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि जमीन का मामला यदि किसी परिवार का हो तो दोनों पक्षों के बीच संवाद कर उसका निस्तारण कराएं। हर पीड़ित को हक दिलाया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# आपदा राहत निधि से बना सकते हैं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़क

- मुख्यमंत्री का अहम फैसला जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर तेजी से सड़क बनाने के निर्देश
- योगी ने नगरीय क्षेत्र की सड़कों का विकास सीएम ग्रिड से करने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक अहम फैसला लेते हुए निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत निधि से भी सड़क बना सकते हैं। इसी के साथ उन्होंने नगरीय क्षेत्र की सड़कों का विकास सीएम ग्रिड से करने के निर्देश दिए।

गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे पहले गोरखपुर-बस्ती मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी सड़क निर्माण परियोजनाओं और प्रस्तावों का डिजिटल प्रेजेंटेशन देखा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विधानसभावार उनके क्षेत्र की सड़क आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। कुछ जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ के समय कुछ सड़कों के क्षतिग्रस्त होने का मुद्दा उठाया। इस पर योगी ने लोक निर्माण विभाग के अफसरों से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने इसके लिए जरूरत पड़ने पर आपदा राहत निधि का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और क्षेत्रीय जन आकांक्षा के अनुरूप नई सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर तेजी से सड़क बनाएं, इसके कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। योगी ने इस दौरान सड़क निर्माण परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता में कोई भी समझौता न करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी ने सड़क कनेक्टिविटी को लगातार सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों को लोक निर्माण विभाग गंभीरता से लें। जनप्रतिनिधि जिन सड़कों को प्राथमिकता दें, सबसे पहले उनका एस्टीमेट बनाएं और शिलान्यास कराकर निर्माण कार्य शुरू हो। उन सड़कों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाए, जो बड़ी आबादी को लाभान्वित करने वाले हों।

बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम समेत सांसद-विधायक आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### धर्मस्थलों को रोड कनेक्टिविटी से जोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जितने भी मंदिरों, धार्मिक स्थलों का पर्यटन विकास हुआ है और हो रहा है, उन्हें प्रमुख मार्गों से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग तत्परता से कार्य करें। इसके लिए कोई जनप्रतिनिधि प्रस्ताव दे तो उसका एस्टीमेट शीघ्रता से बनाकर कार्य शुरू कराया जाए।

### विकास के ब्रांड एंबेसडर हैं जनप्रतिनिधि

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले विकास के ब्रांड एंबेसडर हैं। इनकी जिम्मेदारी है कि वे जनता के बीच रहकर विकास कार्यों की चर्चा करें, विकास को लेकर उनकी और आकांक्षाओं को जाने तथा उसके अनुरूप प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करते रहें।

# दंगा और गुंडामुक्त यूपी बना उत्सव प्रदेश : योगी

## गोरखपुर के पीएसी परिसर में 11 मंजिला बैरक टॉवर और हॉस्पिटल का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोरखपुर के 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी देखते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो उत्तर प्रदेश आठ वर्ष पहले तक दंगा प्रदेश के रूप में बदनाम था, गुंडों-माफिया से तबाह था, वही आज कानून व्यवस्था का मानक पेश कर रहा है। दंगामुक्त और गुंडामुक्त उत्तर प्रदेश आज अनुशासित और उत्सव प्रदेश की पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है।

योगी गुरुवार को 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में 11 मंजिला बैरक टॉवर और 30 बेड के हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कोई भी बाहरी व्यक्ति कानून व्यवस्था के मामले में यूपी पर हंस नहीं सकता, न ही अंगुली नहीं उठा सकता है। यूपी का नौजवान आज कहीं भी जाता है तो सम्मान पाता है जबकि आठ वर्ष पहले यहां के नौजवान को यूपी के नाम पर एक कमरा तक नहीं मिलता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ साल पहले यहां शांति की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी, यह सपना था। तब पुलिस के लाखों पद खाली थे लेकिन नियत सही न होने से तत्कालीन सरकारें पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाती थीं।

### मुख्यमंत्री ने लोकनायक की प्रतिमा का किया अनावरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर के असुरन चौराहे के सुंदरीकरण कार्य का लोकार्पण व लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि कांग्रेस के तानाशाही के कारण जब एक बार लगा था कि भारत का लोकतंत्र दम तोड़ देगा, तब लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने उसे पुनर्जीवित करके नया जीवन दिया। योगी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी जयप्रकाश नारायण ने अपना जीवन भारत-भारतीयता और जीवन मूल्यों के लिए आगे बढ़ाया था, जिस पर भारत की मजबूत नींव टिकी हुई है।

### विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कई विधायी कार्यों को निपटाने की तैयारी



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तैयारियां तेज हैं। कई विधायी कार्यों को निपटाने की कार्यसूची लगभग तय है। इन कार्यों को निपटाने के लिए तारीखें व संबधित एजेंडे को कार्यमंत्रणा समिति में रखकर अंतिम फैसला लिया जाएगा। दरअसल, व्यवस्था यह है कि विधान सभा सत्र के लिए नियत तिथि की सूचना सदस्यों को आमतौर पर सात दिन पहले प्रमुख सचिव, विधान सभा स्तर से दी जाएगी। इस शीतकालीन सत्र में कई विधायी कार्य निपटाए जाएंगे वहीं, सत्र के दौरान राज्य सरकार कई अध्यादेशों को भी मंजूरी के लिए सदन में पेश कर सकती है। वहीं दूसरी ओर कैबिनेट ने विधानमंडल में सीएजी की रिपोर्ट पेश करने के लिए राज्यपाल की अनुमति लेने का वित्त विभाग का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया है। मानसून सत्र में सीएजी की रिपोर्ट भी सदन के पटल पर रखा जाना संभव है। मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के रहते विधानभवन ही नहीं सदन की कार्यवाहियों में भी बदलावों का दौर है। इस शीतकालीन सत्र में भी विधानभवन की व्यवस्था और अंदरूनी साजसज्जा में और आकर्षक परिवर्तन दिखेंगे। इस बार सदस्यों को आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस की भी ट्रेनिंग दिए जाने की तैयारी है।

# पंचायत चुनाव : मत पत्रों के मुद्रण के लिए निविदा जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तय समय पर होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पंचायत चुनाव की तैयारी में लगा है। केवल विवादित क्षेत्रों में चुनाव टाले जाने की आशंका है। इस बीच, आयोग ने मत पत्रों के मुद्रण के लिए निविदा भी जारी कर दी है।

प्रदेश में पंचायत चुनाव प्रक्रिया टलने की आशंका नगर विकास विभाग की ओर से पंचायतीराज विभाग को लिखे गये पत्र से पैदा हुई, जिसमें नगर विकास विभाग ने पंचायतीराज विभाग से पंचायत चुनाव सम्पन्न होने तक नये नगरीय निकायों के सृजन व सीमा विस्तार पर लगी रोक हटाने का अनुरोध किया है। साथ ही, पंचायतीराज विभाग की ओर से 21 मई को जारी शासनादेश को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया है। वर्तमान में 18 जुलाई से पंचायत चुनाव के लिए ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के वार्डों के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। 10 अगस्त को वार्डों की अंतिम सूची जारी करने की तैयारी है। आयोग के सूत्रों का कहना है कि आयोग निर्धारित समय के अनुसार चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। मत पत्रों के मुद्रण की भी तैयारी शुरू कर दी गई है।

# भ्रष्टाचार के आरोप में कानपुर के एसीएमओ समेत तीन डॉक्टर निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ के डफरिन अस्पताल की सीएमएस समेत कई पर विभागीय कार्वाई शुरू
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने शुरू की कार्वाई



"एसीएमओ, कानपुर नगर द्वारा चीफ फार्मासिस्ट एवं वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी के साथ मिलकर वित्तीय अनियमितता किए जाने संबंधी प्रकरण में एसीएमओ को निलंबित करते हुए विभागीय कार्वाई की संस्तुति की गई है। चीफ फार्मासिस्ट एवं वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी के विरुद्ध भी विभागीय कार्वाई की जाएगी। -ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में लग रहे आरोपों व शिकायतों के बाद राज्य सरकार ने कठोर कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार के आरोप में कानपुर नगर के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) समेत एटा के दो चिकित्सकों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा राजधानी लखनऊ में वीरांगना अवंती बाई महिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रेनू पंत को आरोप पत्र देते हुए, कानपुर नगर के चीफ फार्मासिस्ट व बांदा व हमीरपुर के एक-एक डॉक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

उप्र मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव ने डॉक्टर व अन्य के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रमुख सचिव ने बताया कि कानपुर नगर में एसीएमओ के पद पर रहते हुए डॉ.सुबोध प्रकाश यादव ने अपने पद का दुरुपयोग किया है। नवम्बर 2024 में डॉ. सुबोध ने चीफ फार्मासिस्ट अवनीश कुमार शुक्ला, डॉ. वन्दन सिंह, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी के साथ मिलकर सप्लायरों से साठगांठ कर वित्तीय अनियमितता बरती हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच के दौरान सीबीआई ने नियम विरुद्ध तरीके से 1.60 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का कुचक्र रचने की पुष्टि की। जांच के बाद उप मुख्यमंत्री ने डॉ. सुबोध प्रकाश यादव को निलम्बित करने के आदेश दिए।

### मेडिकल परीक्षण में पास करने के लिए ली थी घूस किए गए निलंबित

प्रमुख सचिव ने बताया कि मथुरा में उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती प्रकिया में गठित मेडिकल पैनल के डॉक्टर सदस्यों पर मेडिकल परीक्षण पास कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से धन वसूली करने के आरोप लगे थे। प्रथमदृष्टया जांच में जिला चिकित्सालय में तैनात आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. हरि नारायण प्रभाकर व जिला चिकित्सालय एटा में तैनात डॉ. राहुल वार्षणेव को निलम्बित करने के साथ विभागीय कार्वाई शुरू कर दी गई है।

### उप मुख्यमंत्री से जनता दर्शन में लोगों ने की थीं शिकायतें, जांच में आरोप सही मिले

उपमुख्यमंत्री से जनता दर्शन में लोगों ने वीरागना अवन्ती महिला चिकित्सालय (डफरिन) के खिलाफ शिकायतें की थीं। उप मुख्यमंत्री ने लखनऊ में मण्डलीय अपर निदेशक से अस्पताल का अचानक निरीक्षण कराकर जांच करायी। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेनू पंत को आरोप पत्र देकर विभागीय कार्वाई किये जाने के निर्देश प्रमुख सचिव को दिये गये हैं। इसके अलावा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि बदायूं जिला चिकित्सालय में तैनात डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ विभागीय कार्वाई करने के निर्देश दिए गए हैं। हमीरपुर जिला चिकित्सालय में नेत्र सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह को कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति उदासीनता बरतने के आरोपों का स्पष्टीकरण न देने पर विभागीय कार्वाई संस्तुति की गयी है। इसके अलावा सीतापुर में फर्श पर प्रसूता व नवजात शिशु के लेटे जाने का वायरल वीडियो को लेकर उप मुख्यमंत्री ने जिम्मेदारों पर कठोर कार्वाई के निर्देश दिए हैं।

**नई प्रणाली** — योजना के क्रियान्वयन से संबंधित किसी राजपत्रित अधिकारी को अधिकृत करने की हुई व्यवस्था

# राष्ट्रीय योजनाओं में नौकरशाहों के लिए बदला गया मानक

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- सभी बिलों की स्वीकृति व प्रतिहस्ताक्षर में आ रही थी व्यावहारिक कठिनाई

**अमृत विचार :** केंद्रीय योजना में भारत सरकार की ओर विभागीय प्रमुख को बिल प्रस्तुत करने बाद ही धनावंटन की अनिवार्यता संबंधी आदेश को नौकरशाहों ने अपने लिए खास इंतजाम कर लिया है। प्रमुख सचिव व सचिवों को सभी बिलों की स्वीकृति व प्रतिहस्ताक्षर में व्यावहारिक कठिनाई का हवाला देते हुए वित्त विभाग ने 10 जुलाई को जारी शासनादेश में संशोधन करते हुए इस तरह की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित किसी राजपत्रित अधिकारी को अधिकृत करने की व्यवस्था दे दी है।

दरअसल भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं में बजट आवंटन और भुगतान को लेकर एसएनए-एसपीएआरएसएच (स्पर्श) प्रणाली पूरी तरह लागू होगी। इसके लिए संबंधित विभाग अपने स्तर पर सुनिश्चित करेंगे कि लाभार्थी या वेंडर को परियोजनाओं की गाइडलाइन के अनुसार अनुमन्यता व देयता होने पर ही भुगतान किया जा रहा है। नई प्रणाली से योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। इसे लेकर यहां 30 जून को कार्यशाला में भारत सरकार के अधिकारियों ने बजट आवंटन की इस नई व्यवस्था के बारे में विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया। साथ ही, केंद्र की 67 योजनाओं नई व्यवस्था लागू की अनिवार्यता को लेकर 10 जुलाई को वित्त विभाग के सचिव मिनिस्ती एस ने सरकार की ओर सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव समेत विभागाध्यक्ष व प्रमुख कार्यालयाध्यक्षों को इसे लागू करने का शासनादेश जारी किया।

सूत्रों कहना है कि वरिष्ठ नौकरशाहों (प्रमुख सचिव और सचिव) की ओर से इसे लेकर आपत्ति जताई गई। दरअसल, जिन योजनाओं में उनकी भूमिका प्रमुख की है, वहां बिल पर हस्ताक्षर और प्रतिहस्ताक्षर में तमाम व्यावहारिक कठिनाई गिनाई गईं। इसके बाद सरकार को शासनादेश का संशोधन करना पड़ा है।

सचिव मिनिस्ती एस की ओर से जारी नए शासनादेश में कहा गया है कि जिनके एसएनए शासन में तैनात प्रमुख सचिव व सचिव हैं, ऐसे मामलों में, बिल प्रस्तुतीकरण हेतु प्रत्येक बिल के लिए एसएनए द्वारा भुगतान स्वीकृति आदेश निर्गत करने और प्रत्येक बिल को प्रतिहस्ताक्षर करने में व्यवहारिक कठिनाइयां स्वाभाविक हैं। इसे संशोधित करते हुए नए आदेश में कहा गया है कि इन बिलों पर प्रतिहस्ताक्षर करने और समेकित धनराशि के भुगतान के स्वीकृति आदेश पर हस्ताक्षर करने हेतु योजना के क्रियान्वयन से संबंधित किसी राजपत्रित अधिकारी को अधिकृत किया जा सकता है। इसके लिए संबंधित प्रमुख सचिव और सचिव को सुस्पष्ट आदेश निर्गत किया जाएगा। जिसका पृष्ठांकन महालेखाकार, उत्तर प्रदेश एवं मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, साईबर ट्रेजरी और भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय के प्रोग्राम डिवीजन को किया जाएगा।

# किसानों में बढ़ा तिलहन का क्रेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- धान और मक्के का रकबा भी बढ़ा, कपास में भी जगी आस

**अमृत विचार :** तिलहन और दलहन के उत्पादन में यूपी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार लगातार प्रोत्साहन दे रही है। धान और मक्के का रकबा भी बढ़ा है, साथ ही कपास में भी आस जगी है।

कृषि विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक, खरीफ के मौजूदा सीजन में 21 जुलाई तक तिलहन की सभी प्रमुख फसलों तिल, मूंगफली और सोयाबीन की बुवाई का रकबा पिछले सीजन की तुलना में करीब सवा गुना तक बढ़ा है। वर्ष 2024 में इन फसलों की बुवाई का कुल रकबा 432.250 हजार हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 547.144 हजार हेक्टेयर हो गया। इसमें तिल के रकबे में तो डेढ़ गुने से अधिक की वृद्धि हुई है। पिछले साल तिल का रकबा 180.26 हजार हेक्टेयर था, जो मौजूदा वर्ष में बढ़कर 303 हजार हेक्टेयर हो गया। रकबे की यह बढ़त खुद में अभूतपूर्व है।

इसी तरह इस सीजन की तिलहन की अन्य दो फसलों मूंगफली एवं सोयाबीन के बुवाई के रकबे में भी वृद्धि हुई है। इसी समयावधि में सोयाबीन का रकबा 34.12 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 40 हजार हेक्टेयर हो गया। मूंगफली का रकबा भी 204 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 218 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया। अरहर की बुवाई का रकबा 184 हजार हेक्टेयर से 273 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। मूंग भी 30 से बढ़कर 32 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गई है। उर्द में पीछे है। खरीफ की बाकी मुख्य फसलों धान एवं मक्के की बुवाई का रकबा भी बढ़ा है। धान का रकबा 4193 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 5546 और मक्के का रकबा 636 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 701 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। कपास के प्रति भी उत्तर प्रदेश के किसानों की रुचि बढ़ी है। इसका रकबा सात हजार हेक्टेयर से 18 हजार तक पहुंच गया है।




## सिटी ब्रीफ

### देवालय पुस्तक का विमोचन हुआ

**कानपुर।** नगर के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों पर आधारित पुस्तक देवालय का गुरुवार को सरसैया घाट स्थित सभागार में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ दीक्षा जैन, प्रभागीय वन अधिकारी दिव्या और सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी ने संयुक्त रूप से विमोचन किया। यह पुस्तक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश बाजपेई ने लिखी है। देवालय में शहर के प्राचीन मंदिरों, धार्मिक स्थलों, उनसे जुड़ी किंवदंतियों, पौराणिक कथाओं व सांस्कृतिक धरोहरों को चित्रात्मक रूप में अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में कानपुर नगर व कानपुर देहात जिले के 150 से अधिक मंदिरों को शामिल किया गया है। उनके स्थापत्य, पौराणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहलू को दर्शाया गया है। इस दौरान संतोष चंद्र बाजपेई, बृजेश बाजपेई, अनिल साहू, शरद कक्कड़ समेत आदि लोग रहे

### महापुरुषों की जयंती मनाई गई

**कानपुर।** ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर में बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद जयंती का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक शिक्षा विभाग कानपुर डॉ. भावना शुक्ला मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आजादी अनेक बलिदानों के बाद मिली है। समारोह में प्रधानाचार्य राममिलन सिंह ने परिचय कराते हुए स्वागत किया। संचालन आराध्या ने किया।

### केडीए ने चार परिसर सील किए

**कानपुर।** केडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर जोन-2 के अन्तर्गत जोनल प्रभारी संदीप मोदनवाल की अगुवाई में अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान चला। इस दौरान दो व्यवसायिक एवं दो आवासीय परिसर सील किए गए। कल्यानपुर खुर्द, न्यू शिवली रोड, बारासिरोही, कल्यानपुर, काकादेव में सील की कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रभारी अधिकारी व अवर अभियन्ता रमाकान्त व प्रवर्तन दल के लोग रहे।

## युवती ने जंगले से लटककर की खुदकुशी

**कानपुर।** बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने के बाद युवती ने कमरे में जंगले से लटककर आत्महत्या कर ली। सऊदी अरब में नौकरी करने वाले पिता ने वीडियो कॉलिंग कर आखिरी बार एकलौती बेटी का शव देखा और फफक पड़े। कोयलानगर कॉलोनी निवासी सुरेंद्र शाह सऊदी अरब में नौकरी करते हैं। यहां घर पर पत्नी, 23 वर्षीय बेटी रिद्धी कुमारी व बेटा करन रहता है। रिद्धी कुमारी बच्चों को घर पर कोचिंग पढ़ाती थीं। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम को उसने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाया और कमरे में चली गई। दरवाजा बंद करके जंगले से साड़ी से फांसी लगा ली।




# ठेकेदार तोड़ रहे नाले-नाली इसलिए धंस रहीं हैं सड़कें

## नगर निगम ने सीयूजीएल, बीएसएनएल, एयरटेल को दी नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में नाला, सीवरलाइन, नाली (यूटीलिटी) को क्षतिग्रस्त करने की वजह से सड़कें धंस रही हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने निरीक्षण में यह खामी पकड़ी है। विभाग का दावा है कि एचडीडी (क्षैतिज दिशात्मक ड्रिलिंग) विधि का उपयोग करने की वजह से दूरसंचार, केस्को व सीयूजीएल कंपनी के ठेकेदार समस्या खड़ा कर रहे हैं। नगर निगम मुख्य अभियंता ने सीयूजीएल, बीएसएनएल, एयरटेल को नोटिस देकर कहा कि यदि अब कोई क्षति होती है तो वसूली होगी।

नगर निगम के मुख्य अभियंता सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने दूर संचार और सीयूजीएल कंपनियों को पत्र लिखकर कहा कि नगर निगम क्षेत्र में भूमिगत केबल डालने का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण में पाया गया है कि आपके विभाग द्वारा एचडीडी विधि से भूमिगत केबल डालते समय पूर्व से स्थापित भूमिगत यूटीलिटी की गहराई का परीक्षण नहीं किया जाता है। जिस कारण कार्य के समय स्थल पर पूर्व से स्थापित यूटीलिटी क्षतिग्रस्त हो जा रही है। यही कारण है कि सड़कें धंस जा रही हैं। उन्होंने कंपनियों और ठेकेदारों से कहा है कि भूमिगत कार्य करते समय पूर्व से स्थापित यूटीलिटी (नाला, सीवर लाइन, नाली) के सम्बन्ध में क्षेत्रीय जोनल अभियन्ता (सिविल व जलकल) से संपर्क करते हुए स्थल का आकलन किया जाए। मुख्य अभियंता ने कहा कि एचटी लाइन डालने व केबिल बाक्स स्थापित करते समय कोई भी क्षति होती है तो उसका समस्त दायित्व विभाग के ठेकेदार व कार्यदायी संस्था की होगी। जिसकी क्षति की वसूली की जायेगी।



शहर में कई जगह सड़कें खुदी हैं। अमृत विचार

### सीएम ऑफिस पहुंचा चूहों के चौराहा खोदने का मामला

**कानपुर।** धंसे ब्रह्म नगर चौराहे का मामला सीएम कार्यालय तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से नगर निगम को भेजे गए पत्र में चूहे द्वारा चौराहा खोदने के मामले में आख्या मांगी गई है। गुरुवार को मुख्य अभियंता एसएफए जैदी क्षेत्रीय अभियंता के साथ मौके पर पहुंचे और जल्द ही चौराहे का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय पार्षद ने भी चौराहे की समस्या को अवगत कराया। कहा कि रास्ता बंद होने से एक तरफ जाम लग रहा है। इस पर मुख्य अभियंता ने बजरिया की ओर जाने वाला रास्ता खोलने के साथ ही नाले के प्रमुख चैंबर के अलावा अन्य सीवर लाइनों का चैंबर चौराहे के किनारे-किनारे बनाए जाने के निर्देश दिए ताकि, दबाव पड़ने पर धंसने का डर न रहे।

## जेल से रिहाई पर जश्न, जुलूस निकालने में 40 पर रिपोर्ट

**कानपुर।** जेल से हत्या के प्रयास में छूटे अपराधी राहुल राजपूत उर्फ नन्नू का उसके साथियों ने अतिशबाजी कर स्वागत किया था। वाहनों के काफिले के साथ जुलूस निकाला था। इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया और राहुल समेत 40 के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। नजीराबाद के रंजीतनगर रेलवे लाइन निवासी राहुल राजपूत उर्फ नन्नू और उसके तीन साथियों के खिलाफ चकेरी निवासी इंद्राणी ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था। इंद्राणी का आरोप है कि उसके पति रोहित वर्मा घर आ रहे थे, तभी आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला किया था। बेदम अवस्था में छोड़कर भाग निकले थे। पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेजा था। सोमवार देर शाम राहुल जेल से छूटा तो जेल के बाहर करीब दो दर्जन कारों और बाइकों के साथ उसके साथी पहुंचे और जश्न मनाया। वीआईपी रोड पर साथियों ने उसकी रिहाई का जश्न मनाते हुए सड़क जाम कर आतिशबाजी की। घटना का वीडियो वायरल होने पर मामला पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आया। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## चिकित्सा अधीक्षक को मुख्यमंत्री का पीआरओ बताकर धमकाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोपी ने कबूला कि एक एएनएम के कहने पर धमकाया था

**अमृत विचार।** हरजेंदरनगर सीएचसी की चिकित्सा अधीक्षक को फोन पर अभद्रता कर धमकाया गया। धमकाने वाले ने खुद को मुख्यमंत्री का पीआरओ बताया। कहा, नौकरी से हटवा दूंगा और उठवा लूंगा। चकेरी पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। श्यामनगर निवासी डॉ. दीपमाला हरजेंदरनगर सीएचसी की चिकित्सा अधीक्षक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 22 जुलाई की दोपहर उनके पास एक अनजान कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को मुख्यमंत्री का पीआरओ बताया। उसने कहा कि वह दिवाकर त्रिपाठी है। फोन करने वाले ने उनसे अभद्रता की। सीएचसी में कार्यरत संविदा एएनएम सरोज शाह का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने आपकी शिकायत की है। उन्होंने शिकायत को गलत बताकर साक्ष्य मांगे। इस पर वह अभद्रता से बात करने लगा। धमकी दी कि नौकरी खा जाएंगे और उठवा लेंगे। चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि सर्विलांस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम दिवाकर दत्त और निवासी सुल्तानपुर हसनपुर बताया है। आरोपी मौजूदा समय में फतेहपुर जिले के मुरैटनटोला में रह रहा था। उसकी एएनएम सरोज से जान-पहचान है। उसके कहने पर ही चिकित्सा अधीक्षक को फोन कर धमकी दी है।



आरोपी दिवाकर।

**विकास** | तीसरे चरण में कानपुर मेट्रो को नौबस्ता तक ले जाने की तैयारियां जोरों पर

## बैलेंस सेक्शन में लिफ्ट-एस्केलेटर का काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत दो चरणों में आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो सेवा का विस्तार किया जा चुका है। अब तीसरे चरण में कानपुर मेट्रो को नौबस्ता तक ले जाने की तैयारियां जोरों पर है। इस कड़ी में कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक कुल 7 झकरकटी, ट्रांसपोर्ट नगर, बारादेवी, किदवई नगर, बसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता स्टेशनों में लिफ्ट व एस्केलेटर इंस्टॉल करने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। झकरकटी और ट्रांसपोर्ट नगर अंडरग्राउंड हैं तो वहीं बाकी के पांच स्टेशन एलिवेटेड हैं।

कानपुर मेट्रो के कॉरिडोर-1 (आईआईटी- नौबस्ता) के अंतर्गत बैलेंस सेक्शन यानी, कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक सात स्टेशनों पर प्रवेश द्वारों से कॉनकोर्स तक जाने के लिए और कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए कुल मिलाकर 23 एस्केलेटर और 26 लिफ्ट लगाए जाने हैं, जिनकी शुरुआत हुई है। अंडरग्राउंड स्टेशनों में प्रत्येक पर 3 लिफ्ट और 4 एस्केलेटर तथा एलिवेटेड स्टेशनों में प्रत्येक पर 4 लिफ्ट और 3 एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं। अब तक सातों स्टेशन को मिलाकर कुल 23 में से 11 एस्केलेटर और कुल 26 में से 10 लिफ्ट इंस्टॉल किए जा चुके हैं। इन स्टेशनों पर लिफ्ट और एस्केलेटर के इंस्टॉलेशन के साथ लोड टेस्टिंग की प्रक्रिया भी की जा रही है।



मेट्रो स्टेशनों में लगाए जा रहे एस्केलेटर।






## सिटी ब्रीफ

### छेड़ने का आरोप लगा दिव्यांग का सिर मुंडवाया

**कानपुर।** सचेंडी में आर्मी की वर्दी पहनकर स्कूली छात्राओं को छेड़ने का आरोप लगाकर दिव्यांग का ग्रामीणों ने सिर मुंडवा दिया। उसका मुंह पर कालिख पोत दी गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुरुवार रात पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। सचेंडी के भीमसेन इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर गुरुवार देर शाम वायरल हो गया। वायरल वीडियो में ट्राइ साइकिल पर सवार एक युवक का सिर मुंडवा कर और चेहरे पर कालिख पोत कर कुछ लोग पिटाई करते हुए नजर आ रहे हैं। एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

### महिला ने पति पर मुकदमा दर्ज कराया

**कानपुर।** श्याम नगर निवासी विनीता के अनुसार उनका पति सुशील कुमार शराब का लती है। वह घरों में चौका बर्तन कर अपना और अपनी छह साल की बेटी का भरण पोषण कर रही है। पीड़िता ने बताया कि पति रोजाना शराब के नशे में उनके साथ मारपीट करता है। 20 जुलाई की रात नौ बजे पति नशे की हालत में आया और उनके साथ विवाद करने लगा। फिर उन्हें लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा और बेटी समेत उन्हें घर से निकाल दिया। जिसके बाद पीड़िता ने चकेरी थाने में शिकायत की।

# लिव इन में रह रहे युवक का शव बेड पर मिला

## विवाहित महिला के साथ रावतपुर में किराये पर रह रहा था युवक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला ने कहा फांसी लगाई, परिजनों का हत्या का आरोप
- शरीर पर खरोंच के निशान मिले हाथापाई की आशंका

**अमृत विचार।** रावतपुर में तलाकशुदा महिला के साथ लिवइन रिलेशन में रह रहे युवक का शव बेड पर पड़ा मिला। गले में फंदा कसा था। महिला के अनुसार युवक ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाई है, जबकि युवक के परिजनों का कहना है कि बेटे की हत्या की गई है। उसके शरीर पर नाखून के खरोंच के निशान मिले हैं। जिससे उनके बीच हाथापाई होने की आशंका है।

बर्रा के जरौली फेस-टू निवासी अर्जुन शुक्ला का स्वीट हाउस है। उनके साथ उनका 24 वर्षीय बेटा लाखन भी कारोबार में हाथ बंटाता था। पिता के अनुसार करीब छह माह पहले बेटा बर्रा हरदेवनगर निवासी तलाकशुदा महिला के संपर्क में आया। उनके बीच नजदीकियां बढ़ीं और लिवइन रिलेशन में रहने लगे। इसके बाद बेटा काम-धंधा से दूर रहने लगा। दो माह से वह उसी महिला के साथ रावतपुर ओम चौराहा स्थित हॉस्टल में रह रहा था। पिता का आरोप है कि महिला का पति दिल्ली में रहता है। वह उसके संपर्क में थी और बेटे को पैसे हड़पने के लिए जाल में फंसाया था। वह बेटे से करीब पांच साल बड़ी है। बुधवार रात रावतपुर पुलिस ने उन्हें बेटे के आत्महत्या करने की सूचना दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो बेटे के शरीर पर नाखून के खंरोच के कई निशान देखे। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। वहीं हॉस्टल में रहने वाले पड़ोसियों ने बताया कि कमरे से आवाज आ रही थी। इस पर उन लोगों ने वीडियो बनाते हुए दरवाजा धकियाना शुरू किया तो महिला ने आवाज दी कि चाबी मिल गई है। दरवाजा खोल रहे हैं। अंदर पहुंचे तो युवक का शव बेड पर पड़ा था, गले व पंखे में फंदा पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

### दोनों ने देखी थी सैयारा फिल्म

- परिजनों के अनुसार हाल ही में लाखन व महिला ने सैयारा फिल्म देखी थी। जिसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। परिजनों ने आशंका जताई कि उसी विवाद के बाद यह घटना सामने आई है।

### अवसाद में युवक ने फांसी लगा दी जान

- **कानपुर।** अवसाद से ग्रसित युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात ढाई बजे घर के समीप पेड़ से युवक का शव लटका मिला। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बिधनू के अटवा मिर्जापुर निवासी 45 वर्षीय ओम प्रकाश मवेशियों का काम करते थे। बीते पांच साल से अस्वस्थ होने के कारण काम-धंधा छोड़ दिया था। बड़े भाई राजेंद्र उर्फ टासी ने बताया कि ओम प्रकाश कभी पेट तो कभी सिर दर्द की समस्या बताता था। कई चिकित्सकों को दिखाया, लेकिन बीमारी पकड़ में नहीं आई। ओम प्रकाश अवसाद से ग्रसित रहने लगा। बुधवार रात नौ बजे वह घर से अचानक बाहर चला गया। जब रात 12 बजे तक नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की और पुलिस को सूचना दी। रात ढाई बजे शव घर से 200 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला। परिवार में पत्नी रामप्यारी के अलावा भाई व भतीजे हैं।

# महापौर इलेवन ने सीपी इलेवन को हराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विजयी टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी देतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

- द स्पोर्टस हब में खेला गया मैच, 6 विकेट से जीत हासिल की

**अमृत विचार।** द स्पोर्टस हब, पालिका स्टेडियम में बुधवार रात टी-20 मैत्री क्रिकेट मैच में मेयर इलेवन ने सीपी इलेवन को 6 विकेट से हरा दिया। गुरुवार को मेयर इलेवन के विजयी खिलाड़ियों को नगर निगम मुख्यालय स्थित कार्यालय में महापौर प्रमिला पांडेय ने सम्मानित किया। पार्षद सौरभ देव, योगेन्द्र शर्मा, नीरज वाजपेई, आकर्ष बाजपेयी को ट्रॉफी दी गई।

सीपी इलेवन के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज और कप्तान अभिषेक बिंद 10 रन बनाकर आउट हो गए। टीम का स्कोर 33 रन पर 6 विकेट तक पहुंच गया था, लेकिन अखिल कुमार ने मोर्चा संभालते हुए 22 गेंदों में 41 रनों की पारी खेली। इसके अलावा अनुभव चौधरी ने 27 रन का योगदान दिया। पूरी टीम 19.2 ओवर में 115 रन बनाकर सिमट गई। मेयर इलेवन की टीम की शुरुआत बेहद तेज रही। सलामी बल्लेबाज पियूष मिश्रा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 31 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। देवांश स्वरूप ने 16 रन बनाए और अर्पित यादव ने 30 रनों की पारी खेली। अंत में सचिन ने 20 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को 13.4 ओवर में ही जीत दिला दी। टीम ने मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम किया। मैच में टीएसएच के डायरेक्टर प्रनीत अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# घुमनी बाजार का कारोबारी गंगा में कूदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कैंट में कैंसर से परेशान कारोबारी ने गंगा में कूदकर जान दे दी। गोताखोरों की मदद से पुलिस ने कई घंटे बाद महाराजपुर क्षेत्र में शव खोजा।

लाल बंगला निवासी 50 वर्षीय राजेश कुमार जायसवाल बेयरिंग का कारोबार करते थे। घुमनी बाजार में उनकी दुकान है। परिवार में पत्नी कंचन, बेटा शिवम व एक बेटी है। साले वीरेंद्र ने बताया कि जीजा राजेश जलाभिषेक के लिए मंगलवार रात नौ बजे मेस्कर घाट से गंगाजल लेने गए थे, तभी पैर फिसलने से गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस व गोताखोरों ने तलाश शुरू की। बुधवार दिनभर गोताखोर तलाश में जुटे रहे। देर शाम महाराजपुर के राजपुर गांव के पास शव बरामद किया। कैंट थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि कारोबारी ने कैंसर की बीमारी से परेशान होकर गंगा में कूदकर आत्महत्या की है।

### कर्मचारियों के लिए हुई कार्यशाला

**कानपुर।** आईआईटी की स्टाफ ट्रेनिंग यूनिट ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला पेशेवर विकास, ज्ञान साझा करने और के लिए हुई। आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय का स्टाफ शामिल हुआ।

# बढ़ कर आ रहा बिजली का बिल नहीं उठता केस्को वालों का फोन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने दिया ज्ञापन
- व्यापारी बोले, अघोषित बिजली कटौती से व्यापार हो रहा चौपट


कानपुर उद्योग व्यापार मंडल ने केस्को एमडी को ज्ञापन दिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर की बिजली समस्या पर गुरुवार को कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से व्यापारियों ने केस्को एमडी को ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने बढ़े हुए बिजली के बिल और कंट्रोल रूम के फोन न उठाने की समस्या बताई। कहा कि अघोषित बिजली कटौती से बाजारों में खरीदार नहीं आ रहे हैं। कारोबार चौपट रहा है।

व्यापारियों ने केस्को एमडी सैमुअल पॉल से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल उनके प्रयोग से कई कई गुना ज्यादा आ रहे हैं। केस्को का टोल फ्री नंबर नहीं उठाता है। यदि उठ भी जाए तो पता नहीं कौन बोल रहा है न उसे कोई जानकारी है अधिकारी स्तर पर तो फोन उठाता ही नहीं है। जहां-जहां अंडरग्राउंड केबल डालने के लिए खुदाई की जा रही है। बाद में उसका भराव नहीं किया जा रहा है। व्यापारियों ने बिजली दरों की प्रस्तावित बढ़ोतरी न की जाने की भी बात कही। व्यापारियों ने कहा कि बाजारों में कई जगहों पर खुले तार मौजूद हैं। जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। व्यापारियों में जिला अध्यक्ष आशीष सचान, महामंत्री मोहम्मद कलीम, प्रदेश मंत्री मनोज तिवारी, युवा अध्यक्ष आयुष द्विवेदी, खोया बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरिद्वारि गुप्ता, युवा महामंत्री शेखर गुप्ता, अर्जुन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# नगर निगम के कर्मी पर चापड़, डंडों से हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित ने नवाबगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, एक गिरफ्तार

**अमृत विचार।** नवाबगंज में पुरानी रंजिश में आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर नगरनिगम के आउटसोर्सिंग कर्मचारी पर चापड़ से हमला कर दिया। पीड़ित ने क्षेत्रीय पार्षद के घर में घुसकर जान बचाई। घायल को साथियों ने हैलट में भर्ती कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

बेनाझावर आफिसर कॉलोनी निवासी आनंद सिंह नगरनिगम में आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं। वह कूड़ा उठाने का वाहन चलाते है। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले नवाबगंज में रहने वाले मोहित सिंह एक रिक्शा वाले को मार रहे थे। विरोध करने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज व मारपीट की थी। इसके बाद नवाबगंज थाने में उसके खिलाफ फर्जी रिपोर्ट दर्ज करा दी। बुधवार को उनकी कॉलोनी में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

जिस कारण वह पार्षद महेंद्र कुमार पांडेय के घर शव रखने वाला डीप फ्रीजर लेने गए थे। आरोप है कि इस दौरान मोहित सिंह ने अपने पिता जालिम सिंह समेत 12 अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर चापड़, लाठी-डंडे और हांकी से हमला कर दिया। किसी तरह उन्होंने पार्षद के घर में घुसकर जान बचाई। नवाबगंज थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी जालिम सिंह के गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। अन्य की तलाश हो रही है।

# डॉ. एएस प्रसाद, आर के जालान व डॉ. सिधांशु राय उपाध्यक्ष बने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू की एग्जीक्यूटिव कमेटी की घोषणा की गई
- पूर्व छात्रों की एलुमनाई यूथ कमेटी भी बनाई गई

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में गुरुवार को एलुमनाई एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान नई एग्जीक्यूटिव कमेटी की घोषणा की गई। डॉ एएस प्रसाद, उद्यमी आरके जालान व डॉ सिधांशु राय उपाध्यक्ष के रूप में चयनित हुए।

कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीए अर्जित गुप्ता सचिव, डॉ उमेश पालीवाल कोषाध्यक्ष व मुकेश अग्रवाल संयुक्त सचिव चुने गए। उद्यमी मुख्तारुल अमीन, डॉ अतुल कपूर, डॉ संजय कपूर, डॉ अरविंद दीक्षित, डॉ अवध दुबे, विश्वनाथ गुप्ता, आलोक मिश्रा, अंकित श्रीवास्तव व सुबोध कटियार कमेटी में एग्जीक्यूटिव मेंबर बने हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी, कुलसचिव, अधिष्ठाता कला संकाय एवं अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय भी एलुमनाई एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव कमेटी के मेंबर बने हैं। इंजीनियरिंग विभाग एवं मैनेजमेंट विभाग के एक छात्र एवं एक छात्रा भी छात्र प्रतिनिधि के रूप में कमेटी में शामिल हुई हैं।

बैठक के दौरान पूर्व छात्रों की एक एलुमनाई यूथ कमेटी भी गठित की गई है। जिसके लिए डॉ सिधांशु राय को जिम्मेदारी दी गई है। सीएसजेएम विश्वविद्यालय एलुमनाई एसोसिएशन का एक वार्षिक कैलेंडर भी तैयार किया गया है। जिसके तहत गतिविधियां निरंतर चलती रहेगी। बैठक में कुलपति विनय कुमार पाठक ने कहा कि पूर्व छात्र विशेष व्याख्यानों के माध्यम से अपने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के वर्तमान विद्यार्थियों को अपने अनुभव से समय-समय पर अवगत करते रहेंगे।

एलुमनाई एसोसिएशन अपने पूर्व छात्रों को डिस्टिंग्विश एलुमनाई अवार्ड भी प्रदान करेगा। बैठक में उमेश पालीवाल, मुख्तारुल अमीन आरके जालान, डॉ संजय कपूर, डॉ अतुल कपूर अर्जित गुप्ता, डॉ विवेक सचान मौजूद रहे।


सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नगर आयुक्त सुधीर कुमार। अमृत विचार

# गंदगी पर सफाई नायक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, कर्मचारियों की उपस्थिति भी जांची
- जिलाधिकारी गेट पर भी मिला कूड़ा, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को बढ़ाने के निर्देश

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त सुधीर कुमार गुरुवार सुबह-सुबह अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने निकले। सिविल लाइंस के वार्ड 78 में मोस्टर रोल देखकर सफाई कर्मचारियों की हाजिरी जांची। जोनल स्वच्छता अधिकारी से कहा कि सफाई नायक हर एक कर्मचारी की बीट के अनुसार अलग-अलग सूची तैयार करें। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन भी प्रत्येक घर से कराया जाए। जोन 3 दीप टॉकीज रोड पर निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त को गंदगी मिली इसपर सफाई निरीक्षक को निलंबित करने के आदेश दिए।

मुख्य अभियंता, अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ सबसे पहले नगर आयुक्त सिविल लाइंस गए इसके बाद मेघदूत चौराहे से वीआईपी रोड होते हुए सरसैया घाट चौराहे पहुंचे। जिलाधिकारी कार्यालय के सामने कूड़े का ढेर पाया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि तत्काल कूड़े को उठाया जाए। इसी तरह बर्फ खाना मोड़ पर खाली बैरिकेटिंग प्लाट के बाहर कूड़े का ढेर पड़ा पाया गया। नगर आयुक्त ने रोष व्यक्त करते हुए तत्काल कूड़ा उठाने के निर्देश दिए। चंद्रकांता हॉस्पिटल वाली गली से होते हुए इनकम टैक्स रोड होते हुए कचहरी रोड तक का भी निरीक्षण किया। दूध वाला बंगला वाली गली में एक निर्माणाधीन मकान के सामने कूड़े के ढेर मिलने पर प्रत्येक घरों से कूड़ा कलेक्शन करवाने के निर्देश दिए।

### गंगा बैराज पर स्टंटबाजी की

**कानपुर।** बस तबाही है, गम के साये हैं, सूनी आंखों में सिर्फ पानी है, और क्या जिंदगानी है....रील में यह गाना लगाकर दो युवकों ने गंगा में छलांग लगा दी। गंगा बैराज पर स्टंटबाजी के चक्कर में युवकों ने खुद की जान जोखिम में डालकर रील बनाई। इंस्टाग्राम आईडी में रील डाली गई है। बता दें कि हाल में ही दो युवकों ने जाजमऊ में भी पुल से गंगा में छलांग लगाकर रील बनाई थी और स्टंट किया था। इसका भी वीडियो वायरल हुआ था।

हेल्थ जोन

## हार्मोनल सिस्टम प्रभावित होने से प्रजनन पर भी पड़ रहा असर

# पीसीओएस से अंडाशय में सिस्ट बनने की समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर मासिक धर्म रुकने या अनियमित होने, मुंहासे, वजन बढ़ने, शरीर पर अधिक बाल व सिर के बाल गिरने समेत आदि समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो यह पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के लक्षण हो सकते हैं। इसकी वजह से संबंधित महिलाओं का दैनिक जीवन प्रभावित हो सकता है। पीसीओएस की वजह से अंडाशय में सिस्ट बनने की समस्या भी देखी जा रही है, लापरवाही के कारण प्रजनन पर भी असर पड़ सकता है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओपीडी में इन दिनों प्रतिदिन 15 से 20 महिलाएं पीसीओएस की समस्या से ग्रस्त पहुंच रही हैं। पीसीओएस से ग्रस्त कुछ महिलाओं के अंडाशय में सिस्ट बनने की समस्या भी बढ़ी है। इसके कारण महिलाओं का दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.रेनू गुप्ता ने बताया कि प्रसव उम्र की महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के कारण पीसीओएस और इससे संबंधित अन्य जटिलताओं का खतरा रहता है। इस समस्या में शरीर में एंड्रोजन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिसकी वजह से अंडाशय में कई छोटे सिस्ट होने की समस्या महिलाओं में देखी जा रही है। डॉ.शैली अग्रवाल ने बताया कि मासिक धर्म में होने वाली समस्याओं के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन अगर बार-बार दिक्कत बनी रहती है तो इसको गंभीरता से लेकर ध्यान देना चाहिए। इसे पीसीओएस की दिक्कत माना जा सकता है।

इसके कारण गर्भधारण की दिक्कतें भी हो सकती है। प्रजनन क्षमता पर भी नकारात्मक असर हो सकता है, इसलिए समय रहते इसके लक्षणों की पहचान और उपचार जरूरी है।

### पीसीओएस के कारण होने वाली मुख्य समस्याएं

- डॉ.सीमा द्विवेदी ने बताया कि पीसीओएस से अनियमित मासिक धर्म की समस्या से लेकर चेहरे या शरीर पर अत्यधिक बाल आने, मुंहासे की दिक्कत और बालों का झड़ने (एलोपेसिया) की समस्या इसका आम लक्षण हैं। इससे प्रजनन क्षमता में कमी, मानसिक स्वास्थ्य समस्या जैसे तनाव, चिंता और अवसाद और वजन बढ़ने का खतरा भी बढ़ जाता है।

### ऐसे करें बचाव

- संतुलित आहार और फाइबर और प्रोटीन से भरपूर डाइट लें।
- फल, सब्जियां व साबुत अनाज का सेवन करें।
- प्रोसेस्ड फूड, मीठा और फास्ट फूड से बचें।
- प्रतिदिन 30 मिनट तक व्यायाम जरूर करें।
- जितना हो सके तनाव मुक्त रहने की कोशिश करें।
- किसी भी बात को लेकर अवसाद ग्रस्त होने से बचें।


आचार्य नगर श्रीराम चौक पर फटी पेयजल लाइन से उठता फव्वारा। अमृत विचार

# आचार्य नगर में फटी पेयजल लाइन

**कानपुर।** आचार्य नगर श्रीराम चौक पर गुरुवार शाम 10 इंच की पेयजल लाइन फट गई। इससे तेजी से फव्वारा छूट पड़ा। जलकल की पेयजल फटने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर जलकल ने आपूर्ति बंद की और मरम्मत कार्य शुरू किया। आपूर्ति रुकने से शाम को गांधी नगर और पी रोड के आशिंक भाग में रहने वाली 5 हजार जनता को पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। जलकल अधिकारी रमेश चंद्रा ने बताया कि जलकल की पुरानी 10 इंच की लाइन अचानक फट गई है। जिससे पानी की बहाव शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि दो मौहल्लों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। देर रात तक समस्या को दूर कर लिया जाएगा शुक्रवार से पेयजल की आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित करता हूँ कि मेरा नाम शफीक था, जिसे बदलकर मैंने रफीक कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे रफीक के नाम से जाना व पहचाना जाये। **रफीक पुत्र रसीद, निवासी– ग्राम दरगाह मकनपुर जिला बाराबंकी, मो0– 7526006482**

**सूचना**

मैने अपना नाम KAMLESH KUMAR PANDEY से बदलकर KAMLESH PANDEY रख लिया अब से भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o- PANCHANAN PANDEY ADD- BASANT BIHAR COLONY L.R.P. GOLA ROAD, CHHAUCHH DIST - LAKHIMPUR - 262701 (U.P)**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मुझे मीरा व मीरा यादव दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। **मीरा पत्नी रुद्र प्रसाद निवासी ग्राम– रखौना, तहसील बीकापुर, जनपद अयोध्या।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0– 724556060127 पर उसका नाम वैदिक श्रीवास्तव अंकित है जबकि उसका सही नाम कृष्णा श्रीवास्तव है। आज के बाद मेरा पुत्र अपने सभी प्रकार के कार्य कृष्णा श्रीवास्तव के नाम से करेगा। अतः उसके आधार कार्ड में उसका सही नाम कृष्णा श्रीवास्तव अंकित किया जाये। **अर्चना श्रीवास्तव पत्नी शरद श्रीवास्तव निवासी– 149 ऊपरी मंडई, छोटा चौराहा, सण्डीला तहसील सण्डीला जनपद हरदोई।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम अभिषेक सिंह नागवंशी अंकित है जबकि अन्य सभी दस्तावेजों मैं मेरा नाम अभिषेक सिंह लिखा है। अतः भविष्य में मुझे अभिषेक सिंह के नाम से ही जाना जाये। **अभिषेक सिंह नागवंशी पुत्र श्री बच्चन प्रसाद सिंह निवासी– एस एच 3/514 नवलपुर पश्चिम, शिवपुरी, भोजूबीर, शिवपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश – 221103**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी इण्टरमीडिएट की अंकसूची जिसका अनुक्रमांक 215874972 वर्ष 2021 है। वास्तव में कहीं खो गई है। मिलने पर मो0नं0– 7985277285 पर संपर्क करें। **मनोरमा देवी पुत्री श्री शिवकुमार निवासी– ग्राम कहली, पोस्ट गौसगंज, जिला हरदोई।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम Shashi Singh अंकित है व पासपोर्ट में Shashi Kumari दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे शशि सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए। **शशि सिंह पत्नी रत्नेश कुमार सिंह पता– 498/132, बाबूगंज फैजाबाद रोड, लखनऊ, उ0प्र0– 226020**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्रा0वि0 बेवाना अकबरपुर अम्बेडकरनगर में यूकेलिप्टस के 42 पेड़ों की नीलामी दिनांक 26.07.2025 दिन शनिवार को होनी है। आप सादर आमंत्रित हैं।

**सूचना**

मेरी पुत्री के डाकखाने के खाता संख्या 4038066151 में नाम बेबी है जो कि गलत है। जबकि मेरी पुत्री का आधार कार्ड आदि सभी अभिलेखों में नाम स्नेहा (SNEHA) है। जो सही है मेरी पुत्री को स्नेहा (SNEHA) पुत्री शिवम कुमार के नाम से ही जाना पहचाना व पढा लिखा माना जाये। **शिवम कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी– भैसोल, थाना– फफूंद, तहसील– बिधूना, जनपद औरैया।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र प्रवीन कुमार व प्रदीप कुमार को उनके गलत आचरण से दुखी हो कर मैंने अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करके संबंध समाप्त कर लिया है। इन दोनो द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रामशंकर उर्फ राममिलन पत्नी मंशा देवी निवासी–ग्राम सभा खेड़ा, मजरा पल्ली पश्चिम, थाना थाना–पी.जी.आई, तह0–सरोजनी नगर जिला–लखनऊ (उ.प्र.)**

## सिटी ब्रीफ

### घनी आबादी में कूड़ा उठान नहीं हो रहा

**कानपुर।** घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नियमित कूड़ा उठान नहीं होने के कारण लाखों लोग गंदगी से परेशान हैं। बेकनगंज थाना के पास एक गली में तो कई ट्रक कूड़ा भरा है जिससे ये गली बंद हो गई है। बेकनगंज में सुल्तान होटल के सामने वाली गली में विगत कई महीनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है जिससे यहां कूड़े का अंबार लगा है और क्षेत्र में बदबू के कारण लोगों का जीना दूभर है और तमाम लोग बीमार हो रहे हैं। इस संबंध में कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद परवेज आलम का कहना है कि क्षेत्र के कुछ लोग इसी गली में कूड़ा आदि फेंक रहे हैं जिससे गली में कई ट्रक कूड़ा भरा है। इसी प्रकार कंघी मोहाल का बुरा हाल है।

### समाधान दिवसों का रोस्टर जारी

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने समाधान दिवसों में अध्यक्षता/निरीक्षण किये जाने का रोस्टर जारी किया है। प्रत्येक तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी। शेष तहसीलों में अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी/उप जिलाधिकारियों द्वारा की जायेगी। जिन तहसीलों में अध्यक्षता जिलाधिकारी द्वारा की जायेगी उनमें पुलिस आयुक्त एवं विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों तथा सहायक पुलिस आयुक्त, थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक एवं तहसील स्तरीय अधिकरियों द्वारा भाग लिया जायेगा। समस्त संबंधित अधिकारी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। अपर जिलाधिकारी (नगर), (वि0/रा0) तथा (न्यायिक) तहसीलों के कार्यों के प्रभारी होंगे।

### नौबस्ता और थाना बर्रा का निरीक्षण

**कानपुर।** संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) आशुतोष कुमार ने सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय नौबस्ता एवं थाना बर्रा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेख संधारण, अपराध विवेचना, महिला हेल्प डेस्क आदि का मूल्यांकन किया। सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शन में कमी, वांछित अभियुक्तों की बढ़ती संख्या, वारंटियों की गिरफ्तारी में कमी व थाना रैंकिंग में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# तान्वी तीज थीम विनर और शिवानी डांसिंग क्वीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** क्लब एंजेल्स की ओर से गुरुवार को हरियाली तीज महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम की थीम नारी शक्ति का रंगारंग उत्सव रहा। ब्यूटीफुल हेयरस्टाइल का टाइटल नेहा गुप्ता को मिला। तीज थीम विनर तान्वी रही। मेहंदी क्वीन के रूप में मोनिका गुप्ता को चुना गया। ब्यूटीफुल बेंगल्स का खिताब पूजा गुप्ता को मिला। डांसिंग क्वीन के रूप में शिवानी गुप्ता चुनी गईं।



हरियाली तीज महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम हुए। अमृत विचार

इस दौरान ग्रुप और सोलो डांस सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। निधि गुप्ता ने भगवान शंकर और मानसी जिंदल ने पार्वती बनकर सभी को भाव-विभोर किया। इस ग्रुप में नेहा गुप्ता, शिवानी गुप्ता और विजेता शर्मा भी शामिल रही। समारोह में प्रीति दिवाकर ने क्लब एंजेल्स के लिए खास तैयार गीत पर परफॉर्मेंस दी। गेम्स, फैशन वॉक और रैंप वॉक में भी सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

समारोह में चांदनी जैन, अंजलि गुप्ता, दिव्या जश्नानी, तन्वी अग्रवाल, मोनिका जना, नेहा गुप्ता, ज्योति खेड़ा, कंचन गुप्ता, तन्वी ढींगरा, पारुल सिन्हा मौजूद रहीं।

### द गौर्स फाउंउेशन ने मनाया तीज महोत्सव



हरियाला सावन में सजी-धजी महिलाएं। अमृत विचार

**कानपुर।** सिविल लाइंस स्थित एक रेस्टोरेंट में गुरुवार को द गौर्स फाउंडेशन की मातृ शक्ति ने हरियाला सावन एवं तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। महोत्सव में तीज क्वीन का चयन किया गया, जिसमे निधि शर्मा प्रथम रही। फाउंडेशन की महिलाओं ने गीत का गायन व नृत्य किया। इस दौरान संगीता शर्मा, देवी गोस्वामी, रंजीला शर्मा, अर्चना गौड़, दीपाली शर्मा, नेहा गौड़, पूजा, निर्मल, रेनू शर्मा, वैजयंती गौड़, तरु, शर्मा, अनीता गौड़, सरला स्वामी, पूजा गौड़, अंजू गोस्वामी, दीपाली रमेश शर्मा समेत आदि महिलाए रही।

### डरें नहीं, जागरूक रहें और साइबर अपराध से बचें

**कानपुर।** मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की सूचना एवं प्रौद्योगिकी समिति की ओर से गुरुवार को व्याख्यान आयोजित हुआ। 'साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और धोखाधड़ी के व्यावहारिक पहलू' विषय पर हुए व्याख्यान में विशेषज्ञों ने राय रखी। इस दौरान साइबर अपराध को तकनीक के साथ अब व्यक्तिगत होना गंभीर समस्या बताया गया। इसके बचाव के लिए डरें नहीं, जागरूक रहें, साइबर अपराध से बचें का सूत्र दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आईआईटी के प्रो संदीप के सक्सेना ने कहा कि साइबर अपराधी अब तकनीक के साथ व्यक्ति को भी अपना निशाना बना रहे हैं। इससे जागरुकता जरूरी है।

### विवादित जेएम फार्मा को भुगतान करने का दबाव बनाने का लगाया गया था आरोप

# सीएमओ की जांच में भी दोषी मिले थे एसीएमओ

**2003** से कानपुर में ही तैनात हैं एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश

**1.60** करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का कुचक्र रचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नियमों के विपरीत व पार्टी विशेष के लिए कार्य करने का भी आरोप
- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया है निलंबित

**अमृत विचार।** सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश की शिकायत मुख्यमंत्री से की थी, साथ ही पत्र की कॉपी उप मुख्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव को भी भेजी थी। डॉ.नेमी ने एसीएमओ डॉ.सुबोध पर गंभीर आरोप लगाए थे और जेएम फार्मा को भुगतान करने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया था जबकि जांच में जेएम फार्मा की सामाग्री अधोमानक मिली थी। एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश 2003 से कानपुर में ही तैनात हैं।

सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को तैनाती के बाद एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश यादव के खिलाफ शिकायत मिली थी, जिसकी उन्होंने एक टीम गठन कर जांच कराई, जिसमे उन्होंने पाया था कि डॉ. सुबोध यादव नियमों के विपरीत व पार्टी विशेष के लिए कार्य करते हैं और भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। इस वजह से डॉ. सुबोध प्रकाश यादव को उस समय भंडार व नोडल अधिकारी नर्सिंग होम के पद से हटाते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी के पद पर स्थानान्तरित कर दिया था। वहीं, आरोप है कि सीबीआई से चार्ज शीटेड आचार्य नगर के प्रोपाइटर मेसर्स जेएम फार्मा को एक करोड़ 60 लाख 47 हजार रूपये का भुगतान करने के लिए कहा गया था, जिसपर सीएमओ ने जांच समिति का गठन कर जांच करायी है।



डॉ. सुबोध प्रकाश। अमृत विचार

सीएमओ के मुताबिक फर्म सीबीआई की चार्ज शीटेड मिली थी और स्वास्थ्य विभाग से भ्रष्टाचार के आरोप पाए गए, जांच में फर्म द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्री अधोमानक, कम मात्रा में व बैच नम्बर के विपरीत पाई थी। ऐसी दशा में सीबीआई से आरोपित फर्म के अधोमानक सामान के क्रम में भुगतान नहीं किया गया। जानकारी हुई कि डॉ. सुबोध ने चीफ फार्मासिस्ट अवनीश कुमार शुक्ला, डॉ. वंदना सिंह, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी के साथ अपने पद का दुरुपयोग किया।

मिलीभगत कर जेम पोर्टल व अभिलेखों में हेराफेरी कर अधोमानक सामग्री प्राप्त की और नियम विरुद्ध 1.60 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का कुचक्र रचा। सीएमओ की जांच में दोषी पाये जाने, विभाग व सरकार छवि धूमिल करने में डॉ. सुबोध प्रकाश यादव को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने निलम्बित करने के आदेश प्रमुख सचिव को दिए। साथ ही विभागीय कार्यवाही की गयी है। वहीं, आरोपी चीफ फार्मासिस्ट और वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी के खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी। इस मामले में सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने कुछ भी नहीं बोले।

# शहीदों की मां के नाम लगाएंगे पौधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर होगा कार्यक्रम

**अमृत विचार।** भाजपा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों के परिवारों, युद्ध में सम्मिलित वीर योद्धाओं को सम्मानित करेगी। एक पेड़ शहीद की मां के नाम कार्यक्रम के तहत शहीद वीर सैनिकों की मां के नाम पर पौधारोपण किया जाएगा। गुरुवार को भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में तैयारी बैठक हुई। कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि क्षेत्रीय मुख्यालय के सभागार में जिला संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी में कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों के परिजनों एवं युद्ध में सम्मिलित वीर योद्धाओ को सम्मानित किया जाएगा। कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों की प्रतिमाओं के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। शहीद सैनिकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा एक पेड़ शहीद की मां के नाम कार्यक्रम के तहत शहीद वीर सैनिकों की मां के नाम पर पौधारोपण किया जाएगा। सभी मंडल अध्यक्ष अपने अपने मंडल में निवास करने वाले कम से कम दस दस सैनिकों को संगोष्ठी में आमंत्रित करेंगे। इसके साथ ही मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुना जाएगा। दक्षिण मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 1962 से लेकर अब तक हुई विभिन्न लड़ाइयों में शहीद हुए 57 वीर शहीदों की मां के नाम पर सर्किट हाउस चौराहा स्थित शहीद पार्क में वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रमुख रूप से राम बहादुर यादव, जसविंदर सिंह, विनोद मिश्रा, गणेश शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, केपी सिंह चौहान, अर्जुन बेरिया, विनय मिश्रा, संजय कटियार, अनुराग शुक्ला, अर्चना आर्या, वीरेंद्र दिवाकर, शिवम मिश्रा, बिट्टू परिहार दीपांकर मिश्रा, विनीत दुबे, दीपू पासवान, सनी जायसवाल, सुमित तिवारी, ओपी आर्या, आलोक वर्मा आदि मौजूद रहे।




भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में तैयारी बैठक हुई। अमृत विचार

# 17 लोगों को मिले वरासत के शस्त्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में वरासत शस्त्र लाइसेंस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे 17 लाभार्थियों को उनके पारिवारिक उत्तराधिकार स्वरूप वरासत के शस्त्र लाइसेंस प्रदान किए गए।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वरासत से जुड़े शस्त्र लाइसेंस केवल कानूनी दस्तावेज नहीं होते, ये किसी के पिता, भाई या अन्य परिजनों की स्मृतियों से जुड़े होते हैं। यह उत्तराधिकार अपनों की यादों को सहेज कर रखने का एक माध्यम बनते हैं।



डीएम ने पात्रों को वरासत के शस्त्र लाइसेंस सौंपे। अमृत विचार

बताया कि वरासत से जुड़े शस्त्र लाइसेंस जिन्हें दिए गए है, वह स्पोर्ट्स शूटर, सिक्योरिटी गार्ड व व्यापारी आदि हैं, जिनके लिए शस्त्र लाइसेंस उनके रोजगार और पेशेवर दायित्वों से भी जुड़ा है। शस्त्रों के विधिक उपयोग के प्रति विशेष सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए गए। बताया कि बर्रा सात निवासी उर्मिला देवी, यशोदा नगर निवासी गौरव आदित्य, बाबूपुरवा निवासी अवनीश प्रकाश, चकेरी बीबीपुर निवासी विजय सिंह, रायपुरवा के एल्डिको गार्डन निवासी अंकित सिंह, पनकी आवास विकास तीन के जितेंद्र प्रताप सिंह, लक्ष्मी रतन कालोनी निवासी मुकेश यादव, दामोदर नगर बर्रा निवासी आनन्द राजपूत, विश्व बैंक बर्रा निवासी मीना वर्मा समेत 17 लोग शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि शस्त्र को घर में सुरक्षित स्थान पर रखना प्रत्येक लाइसेंसधारी की मूल जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित उपयोग कानूनन दंडनीय है।

# ग्राम पंचायतों की विकास रैंकिंग डेटा आधारित होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जागरुकता के संबंध में शुरु हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

**अमृत विचार।** सरसैयाघाट स्थित सभागार में पंचायत उन्नयन सूचकांक (पीएआई) संस्करण 2.0 के संबंध में गुरुवार को विभागीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों को पीएआई की प्रक्रिया से अवगत कराना और ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए डेटा आधारित मूल्यांकन की दिशा में कदम बढ़ाना है। ताकि ग्राम पंचायतों की कार्यशैली और विकास कार्यों का आकलन पारदर्शी तरीके से हो सके।

पंचायत उन्नयन सूचकांक (पीएआई) संस्करण 2.0 के संबंध में हुई कार्यशाला के दौरान अधिकारियों को पीएआई पोर्टल, इंडिकेटर फॉर्मेट, सत्यापन प्रक्रिया और रैंकिंग पद्धति की जानकारी दी गई। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वह अपनी विभागीय जिम्मेदारियों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग देंगे। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अब पंचायतों की प्रगति 12 विभागों से जुड़े 174 विशिष्ट सूचकांकों के आधार पर उनकी कार्यशैली का मूल्यांकन किया जाएगा। इन सूचकांकों को सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के 9 प्रमुख क्षेत्रों से जोड़ा गया है, जिसमें स्वच्छता, पोषण, शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, लैंगिक समानता और सामाजिक समावेशन जैसे मानक शामिल हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत अपने स्तर पर इन सूचकांकों पर आधारित डेटा पोर्टल पर अपलोड करेगी। इसके बाद विभागों द्वारा ब्लॉक स्तर पर सत्यापन कर जिला मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## सिटी डायरी



वॉलीबाल में भिड़ते खिलाड़ी। अमृत विचार

### सीएमकेपी सैनिक स्कूल बना विजेता

**कानपुर।** गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई वॉलीबाल क्लस्टर-4 प्रतियोगिता के अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। फाइनल मैच में अंडर-14 के अन्तर्गत सीएमकेपी सैनिक स्कूल लखनऊ ने गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल को हराकर जीत हासिल की। अंडर-17 में गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ने विद्याज्ञान स्कूल सीतापुर को 2-1 से हराकर शानदार जीत अपने नाम दर्ज की। अंडर-19 के अन्तर्गत आर्मी पब्लिक स्कूल फर्रुखाबाद ने आर्मी पब्लिक स्कूल एसपी मार्ग, लखनऊ को हराकर जीत हासिल की। मुख्य अतिथि योगेश कुमार यादव (ऑब्जर्वर सीबीएसई), धीरेन्द्र सचान, विद्यालय की प्रबन्ध निदेशिका आरती कटियार, प्रधानाचार्या रूपा दास, एकेडेमिक व इवेंट कोऑर्डिनेटर अनिकेत तिवारी ने विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए।



स्कूल का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

### स्कूल का वार्षिक पैनल निरीक्षण

**कानपुर।** केंद्रीय विद्यालय संगठन ,लखनऊ संभाग के सहायक आयुक्त अनूप अवस्थी के नेतृत्व में प्राचार्यों के दल ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अर्मापुर में वार्षिक पैनल निरीक्षण किया। शैक्षणिक गतिविधियों का गहराई से अवलोकन किया। निरीक्षण दल ने बाल वाटिका, निपुण भारत, डिजिटल लाइब्रेरी, आईसीटी अटल टिंकरिंग, खेलकूद, साफ सफाई, शैक्षणिक विधियों, रिसर्च एवं संचालित वीडियो रिसर्च एवं शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा इत्यादि को देखा। कक्षा 10 वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से संपर्क किया। आयुक्त ने सभी शिक्षकों को यह संदेश दिया कि नई शिक्षा नीति के अनुसार अपनी कार्य योजना बनाएं तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रयास करें।



छात्र पदाधिकारियों ने शपथ ली। अमृत विचार

### छात्रों ने ली शपथ

**कानपुर।** विष्णुपुरी स्थित श्री नंदलाल खन्ना विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को छात्र संसद अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश त्रिपाठी प्रधानाचार्य वेंडी हाई स्कूल नारामऊ रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञान सिंह ने भी बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम में स्कूल कैप्टन के रूप में तेजस्व व डिप्टी हेड मानवी रुहेला ने शपथ ली। इसी तरह एक्टिविटी हेड ज्ञानवी सिंह डिप्टी एक्टिविटी हेड आराध्या गुप्ता, डिप्टी स्पोर्ट्स हेड आरव मीना चुने गए। हाउस कैप्टन के रूप में गरिमा पासवान व आराध्या मिश्रा, प्रखर सिंह व कौशिक मिश्रा ने शपथ ली।



जैनब को शिक्षिकाओं ने बधाई दी। अमृत विचार

### जैनब ने दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

**कानपुर।** नगर निगम बालिका विद्यालय चुन्नीगंज की छात्रा जैनब ने कानपुर ओलंपिक संघ के यूथ ओलंपिक 2025 सीजन में एथलेटिक्स स्पर्धा में 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस पर नगर निगम बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य नीता सिंह ने छात्रा को सम्मानित किया। कहा कि छात्रा ने सीमित संसाधनों में यह मुकाम हासिल किया।

## जागरुकता

### ओआरएस बच्चों और बुजुर्गों के लिए हो सकता है जीवनरक्षक

# ओआरएस का महत्व बताने के लिए चलाएंगे अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर किसी भी बच्चे या बुजुर्ग को उल्टी व दस्त की समस्या होती है तो ऐसे में ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करता है। यह उल्टी व दस्त के कारण शरीर में खोए हुए तरल पदार्थों और इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में मदद करता है, जिससे गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है। गर्भावस्था के समय में भी ओआरएस काफी अहम भूमिका अदा करता है। यह जानकारी गुरुवार को वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अनुराग भारती ने दी।




बाल रोग विभाग में बाल रोग विशेषज्ञों ने दी जानकारी। अमृत विचार

ओआरएस का महत्व समझाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे शहर में 25 जुलाई से 31 जुलाई तक विश्व ओआरएस सप्ताह का आयोजन भारतीय बाल रोग अकादमी द्वारा किया जाएगा। अभियान की तैयारी के संबंध में गुरुवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में एक गोष्ठी हुई। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अनुराग भारती ने बताया कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों में दस्त की स्थिति में ओआरएस का प्रयोग अनिवार्य है। बाल रोग अकादमी की अध्यक्ष डॉ. रोली मोहन ने बताया कि विश्वभर में हर साल लगभग 12 लाख बच्चे डायरिया से मृत्यु का शिकार होते हैं, जिनमें से लगभग 5 लाख बच्चे भारत मे होते हैं। अधिकांश मामलों में वायरस के कारण डायरिया होता है, जिसपर एंटीबायोटिक बेअसर होती हैं। ऐसे में ओआरएस ही जीवनरक्षक उपाय है। डॉ. वीएन त्रिपाठी ने बताया कि डायरिया के दौरान और उसके बाद 14 दिनों तक जिंक का सेवन करने से डायरिया की गंभीरता में कमी आती है और दोबारा होने की संभावना कम हो जाती है।

बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष के डॉ. शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि डायरिया आज भी छोटे बच्चों की मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, लेकिन इसके रोकथाम के लिए ओआरएस जैसे सरल और सस्ते उपाय मौजूद हैं। डॉ. शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि बच्चों को बोतल से दूध पिलाने से बचना चाहिए और उन्हें स्वच्छ भोजन व पानी देना चाहिए। अकादमी के सचिव डॉ.अमितेश यादव ने बताया कि विश्व ओआरएस सप्ताह की थीम स्मार्ट तरीके से घूंट लें, मजबूत रहें - ओआरएस को हां कहे है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज मनेगी पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती

**घाटमपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी की दिवंगत सांसद फूलन देवी का जन्म दिवस घाटमपुर विकासखंड के अंतर्गत अकबरपुर बीरबल गांव में शुक्रवार को मनाया जाएगा। उक्त जानकारी घाटमपुर विधानसभा के अध्यक्ष राजू वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य अतिथिके रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मुनेंद्र शुक्ला व सुनील मांझी सहित अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचें और कार्यक्रम को सफल बनायें।

### अस्पतालों में जुकाम बुखार के मरीज बढ़े

**घाटमपुर।** विकास खंड व पतारा के कई गांव में वायरल का प्रकोप चल रहा है। यहां पर कड़ी धूप व बार-बार मौसम के उतार चढ़ाव के चलते जुकाम-बुखार वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते अस्पतालों में भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं जुकाम बुखार के चलते क्षेत्र के झोलाछापों की बल्ले बल्ले है। क्षेत्र के नौरंगा, सजेती, बरीपाल, रेवना,नवेड़ी व पतारा ब्लॉक के नंदना, भदौली, तरगांव, पतारा सहित आदि गांव में झोलाछापों की दुकान इस समय खूब चल रही हैं। अभी हाल ही में सजेती के एक गांव में झोला छाप के गलत इलाज से एक महिला की मौत हो गई थी, फिर भी कोई देखने सुनने वाला नहीं है।

### एसपी ने समझीं ट्रेनिंग की व्यवस्थाएं

**कानपुर देहात।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द मिश्र ने गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन का भ्रमण किया। उन्होंने पुलिस लाइन में ट्रेनिंग कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ सम्मेलन में संवाद किया और प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं आवासीय व्यवस्था के साथ पानी, बिजली और भोजनालय में भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता और स्वच्छता आदि समस्त मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। एसपी ने प्रशिक्षणार्थियों के रहन-सहन की स्थिति, अनुशासन और उनकी समस्याओं को समझकर उनका निराकरण करने, प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त वातावरण और संसाधनों की उपलब्धता तथा बैरक और संबंधित गतिविधियों का अवलोकन किया।

# खेत में पड़ा मिला मजदूर का शव

## शव के पास खून से सना डंडा मिलने से परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता बिल्हौर



रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार



सोनेलाल।

**अमृत विचार।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के खुर्द खोजनपुर गांव में मजदूरी के लिए निकले 45 वर्षीय मजदूर सोनेलाल का शव 24 घंटे बाद गुरुवार सुबह गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर मोहम्मदपुर गांव के पास सुरेंद्र कटियार के खेत में पड़ा मिला। सोनेलाल बुधवार सुबह धान की बेड़ उखाड़ने के लिए निकले थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर उनका कोई पता नहीं चल सका था।

गुरुवार सुबह शौच के लिए निकली महिलाओं ने खेत में शव देखा तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते पूरे गांव खबर फैल गई। जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गये। शव को देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, क्योंकि सोनेलाल के सिर और शरीर पर खून व चोट के निशान थे।

सूचना मिलते ही एसीपी अमरनाथ यादव, कोतवाल अशोक कुमार सरोज और अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम को घटनास्थल से लगभग 300 मीटर की दूरी पर खून से सना डंडा भी मिला और शराब की बोतल बरामद हुई। खून से सना डंडा मिलने से परिजनों व अन्य लोगों ने यह आशंका जताई कि युवक की डंडे से पीटकर हत्या की गई है। मृतक की पत्नी छुन्नी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में लगभग आधा दर्जन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बुधवार शाम को भी कुछ लोगों ने शव को देखा था, लेकिन पुलिस के झमेले से बचने के लिए किसी को सूचना नहीं दी थी। वहीं एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया कि परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

> परिजनों की तहरीर के आधार पर छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट पंजीकृत की गई है पुलिस जांच चल रही है हत्या के खुलासे के लिए टीमों का गठन भी किया गया है जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> **कपिल देव सिंह (एडीसीपी वेस्ट)**

**परिजनों की तहरीर के आधार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज :** मजदूर सोनेलाल की हत्या के मामले में मृतक की पत्नी छुन्नी देवी की तहरीर के आधार पर अविनाश पुत्र राम रतन ,विनय पुत्र राम रतन ,दिनेश पुत्र राम रतन,रामू पुत्र मिजाजीलाल ,मनीष पुत्र छुन्ना दोहरे, छुन्ना दोहरे पुत्र शिवलाल निवासी गण खुर्द खोजनपुर थाना बिल्हौर कानपुर नगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है।

## जिला पंचायत सदस्य के भाई के साथ की मारपीट

चौबेपुर। क्षेत्र के एक जिला पंचायत सदस्य के भाई का कस्बे में मेडिकल स्टोर है। मेडिकल स्टोर के ठीक बगल में एक चाट पकौड़ी की दुकान होने से यहां दिन भर लोगों का आना-जाना रहता है। गुरुवार शाम एक बाइक पर सवार तीन युवक कुछ खाने पीने के लिए पहुंचे थे। वहां पर पहले से खड़े जिला पंचायत सदस्य के भाई के पैर पर बाइक का पहिया चढ़ जाने को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। इसी दौरान बाइक सवार युवकों ने जिला पंचायत सदस्य के भाई के साथ हाथापाई शुरु कर दी। इतना ही नहीं बचाव के लिए भागने पर ईंट पत्थर लेकर उन्हें दौड़ा लिया। जानकारी पर जिला पंचायत सदस्य के पक्ष के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। विवाद बढ़ता देख मारपीट करने वाले युवक बाइक छोड़ मौके से फरार हो गए। इस दौरान बीच बचाव के लिए आये एक सब्जी विक्रेता को भी भीड़ ने पीट दिया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट करने वाले युवकों की बाइक को कब्जे में लिया।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार छात्र को रौंदा, मौत

संवाददाता बिधनू

- आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर लगाया भीषण जाम

**अमृत विचार।** बिधनू थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मारने के बाद युवक को रौंद दिया। वहीं दुर्घटना के बाद डंपर चालक डंपर लेकर भाग निकला लेकिन लोगों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और शव को हाईवे पर रख कर जाम लगा दिया। इससे हाईवे पर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई और जाम लग गया। हंगामें की जानकारी मिलते ही कई थानों का फोर्स पहुंच गया ।

उरियारा गांव निवासी महेश यादव का 19 वर्षीय बेटा अभिषेक उर्फ सूरज यादव एलएलबी में प्रवेश लेने के लिए गुरुवार सुबह रमईपुर स्थित एसजे कालेज गया था। वहां पर फीस आदि की जानकारी कर वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। उरियारा चौराहे से उसने गांव के लिए जैसे ही बाइक मोड़ी तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मारते हुए उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे बाद डंपर चालक वहां से भाग निकला लेकिन इलाकाई लोगों ने पीछा करके नौबस्ता सब्जी मंडी के पास डंपर चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। अभिषेक के पिता महेश प्राइवेट नौकरी करते हैं।

जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण वहां पर पहुंच गये और हाईवे पर जाम लगा दिया। खबर लिखे जाने तक परिवार वालों ने शव को उठने नहीं दिया। कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर हंगामे के चलते करीब एक घंटे से जाम लगा हुआ है। वहीं, हंगामे की सूचना पर कई थानों का फोर्स और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और परिवार वालों को समझाने का प्रयास करते रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घाटमपुर में असेंट पब्लिक स्कूल के छात्रों ने खेलकूद में दिखाया दम

संवाददाता घाटमपुर





विजेता छात्रों के साथ मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** असेंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में लखनऊ में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय के छात्र अरमान ने अंडर 14 शॉट पुट कैटेगरी में पूरे उत्तर प्रदेश में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके साथ ही, अंडर 17 जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में विद्यालय के एक अन्य छात्र शौर्य प्रताप ने पूरे उत्तर प्रदेश में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय तथा घाटमपुर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। विद्यालय खेल प्रशिक्षक धीरज सिंह चंदेल तथा जीतेंद्र सिंह द्वारा इन छात्रों को दिए गए निरंतर मार्गदर्शन व अभ्यास का यह नतीजा है कि छात्रों राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विजेता छात्रों के विद्यालय वापस आने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा भी छात्रों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित व सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन रमेश वर्मा ने कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के सचिव संदीप वर्मा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक आरती वर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय के साथ ही घाटमपुर क्षेत्र का भी मान बढ़ाया है।

# हाईवे पर संकेतांक बोर्ड न होने से होते हैं हादसे

संवाददाता बिल्हौर

- सपा नेता विनय यादव ने समर्थकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर सौंपा ज्ञापन
- उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने लिया ज्ञापन, समस्याओं के निराकण का दिया आश्वासन



समस्याओं को लेकर ज्ञापन देते सपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण ने बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी, कानपुर नगर को एक ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के दौरान कई सपा नेता भी मौजूद रहे उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने सपा नेताओं का ज्ञापन लिया।

जिलाधिकारी जीतेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन देने पहुंचे सपाइयों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि राजमार्ग पर अन्ना पशु घूमते रहत हैं,जिससे गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं । साथ ही उन्होंने कहा कि हाईवे पर संकेतांक न होने के चलते तमाम दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाईवे की लाइटें खराब पड़ी हैं जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है।इन्हें तुरंत ठीक कराया जाना चाहिए। बिल्हौर, शिवराजपुर, चौबेपुर की बसें समय पर नहीं आती हैं इससे लोगों को समस्याएं हो रही हैं। बिल्हौर विधानसभा के ककरमन, बिधनू, अरौल में सामुदायिक ई-बसों का संचालन शुरू किया जाए।

ज्ञापन देने के दौरान राजेंद्र प्रसाद पाल प्रदेश सचिव मजदूर सभा, बैकुण्ड नाथ भारतीय राष्ट्रीय सचिव, राम कुमार प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी अम्बेडकर वाहिनी और वीरेंद्र वर्मा राष्ट्रीय सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।


## कानपुर नगर निगम
### कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग

**ई-निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत विद्युत सामग्री कय हेतु विद्युत ठेकेदारों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुसार 11 कार्य हेतु ई-निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www://etender.up.nic.in/ से प्राप्त कर अपलोड किये जा सकते है।

| | |
|---|---|
| आन लाईन निविदा प्रारम्भ की तिथि व समय | 25.07.2025 अपरान्ह 2:00 बजे से |
| आन लाईन निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 05.08.2025 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| आन लाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 05.08.2025 सांय 4:00 बजे |
| कार्यो की संख्या | 11 कार्य |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

प्रभारी अभियन्ता (मा0प्र0) नगर आयुक्त
Ro no. 127 दिनांक: 24.07.2025


# केबल जलने से 12 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता बिल्हौर



फुंकी केबल को सही करते विद्युतकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरुवार को बिल्हौर कस्बे में भूमिगत विद्युत केबल में आग लग गई इसके चलते केबल फुंक गई। इससे 12 घंटे तक पूरे कस्बे में बिजली आपूर्ति ठप रही।

गुरुवार सुबह अचानक बिल्हौर कस्बे की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जांच करने पर पता चला कि भूमिगत विद्युत केबल में आग लग गई थी, जिसके कारण विद्युत वितरण प्रणाली पूरी तरह से चरमरा गई। बिजली विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और मरम्मत का कार्य शुरू किया, लेकिन भूमिगत केबल होने के कारण काम में काफी समय लगा। दिन भर बिजली न होने से कस्बे के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उमस भरी गर्मी में पंखे, कूलर और एयर कंडीशन बंद रहने से घरों और दुकानों में रहना मुश्किल हो गया था।

स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया। उनका कहना था कि ऐसे समय में जब गर्मी अपने चरम पर है, इतनी लंबी बिजली कटौती बर्दाश्त से बाहर है।

### कर्मी ने शिकायत करने पर की अभद्रता

- विद्युत आपूर्ति ठप होने के बाद बिल्हौर टाउन के एक उपभोक्ता ने एक बिजली विभाग के कर्मचारी से शिकायत दर्ज करानी चाही तो कर्मी द्वारा उपभोक्ता से अभद्रता की गई। ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है। अधिशाषी अभियंता अखिलेश चौधरी ने बताया कि जांच करने के बाद कार्यवाही होगी।

### फाल्टों और कटौती से परेशान हैं ककवन के लोग

- ककवन कस्बे समेत आसपास के कई गांव मे लोग इन दिनों भारी विद्युत फाल्टों का दर्द झेल रहे हैं ।कस्बे के सर्वेन्द्र स्वर्णकार ,ओम नरायन शुक्ला ,लला सिंह ,नीरज शर्मा आदि लोगो ने सब स्टेशन कुरौली शिकायत करनी चाही तो कर्मियों द्वारा अभद्र तरीके से जवाब दिया गया। मामले में जेई ककवन अजीत कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है तीन सब स्टेशन का चार्ज होने के कारण दिक्कतें हो रही हैं।

# सरखेलपुर में प्रधान चयन प्रक्रिया पर लगे आरोप

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के सरखेलपुर ग्राम पंचायत में प्रधान के इस्तीफा देने के करीब दो माह बाद अस्थाई प्रधान का चयन किया गया। लेकिन इस चयन प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

ग्राम पंचायत सदस्य साधुरी ने इस प्रक्रिया को गैर कानूनी और लोकतंत्र के विरुद्ध बताते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने स्थायी प्रधान के लिए उपचुनाव कराने की मांग की है। साधुरी ने बताया कि सरखेलपुर के प्रधान अनुपम कुमार ने पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर चयनित होने के बाद इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद करीब 60 दिनों से प्रधान पद खाली था और कोई उपचुनाव नहीं कराया गया। उनका आरोप है, कि 22 जुलाई को पंचायत सचिव ने बिना किसी वैधानिक आदेश या जिलाधिकारी की अधिसूचना के अस्थायी प्रधान चयन की कार्यवाही शुरू कर दी। बीडीओ, एडीओ पंचायत और पंचायत सहायक ने दो सदस्यों के नाम की पर्ची डाली। फिर तीसरे सदस्य से पर्ची खुलवाकर अस्थायी प्रधान का चयन कर दिया गया। इस मामले में पतारा के बीडीओ शिवनरेश राजपूत का कहना है कि आरोप निराधार हैं।

उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया गाइडलाइन के अनुसार की गई है। सदस्यों की ओर से ही दो नाम प्रस्तावित किए गए थे। आधे-आधे सदस्य दोनों पक्ष में बंटे थे, इसलिए लॉटरी सिस्टम से चयन किया गया। वहीं घाटमपुर के एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। जानकारी होने पर जांच होगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खोह विकास खण्ड चित्रकूट धाम कर्वी

पत्रांक :मेमो/निविदा/2025-26 दिनांक 24.07.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/पंद्रहवां के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खोह में निम्नांकित कार्य की सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत आपूर्ति हेतु दिनांक 29.07.2025 के अपरान्ह 1.00 बजे तक मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन 2.00 बजे अपरान्ह अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 25.07.2025 से 28.07.2025 तक ग्राम पंचायत खोह से प्राप्त की जायेगी। जो ग्राम पंचायत के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क अदा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0 में) | 2% धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत खोह में राजे के घर से जितेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा और के0 सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2.09 लाख | 4180 | 500 |
| 2 | रज्जन के घर से सत्यभान के घर तक इंटरलॉकिंग और के0 सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2.54 लाख | 5080 | 500 |
| 3 | मुन्ना पाण्डेय के घर से बबलू तिवारी के घर तक और साथ ही उज्जैन के घर तक इंटरलॉकिंग और के0 सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1.77 लाख | 3540 | 500 |
| 4 | कमलेश पाण्डेय के घर जगवन्दन के घर तक इंटरलॉकिंग और के0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 3.33 लाख | 6660 | 500 |
| 5 | मंगल के घर से देवीदयाल के घर तक इंटरलॉकिंग और के0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 3.82 लाख | 7640 | 500 |
| 6 | ललक सिंह के घर के पास इंटरलॉकिंग और के0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1.25 लाख | 2500 | 500 |
| 7 | छोट्टन के घर से राजबहादुर के घर तक इंटरलॉकिंग और के0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2.34 लाख | 4680 | 500 |
| 8 | ग्राम पंचायत खोह में सुनील के घर से घनश्याम के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा और के0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1.23 लाख | 2460 | 500 |
| 9 | रामचन्द्र के घर से देवीदयाल के घर तक इंटरलॉकिंग और के0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 4.20 लाख | 8400 | 500 |

निविदा शर्ते : किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है।

प्रधान, ग्राम पंचायत खोह, वि0ख0 चित्रकूट धाम कर्वी
सचिव, ग्राम पंचायत खोह, वि0ख0 चित्रकूट धाम कर्वी


**आनंदेश्वर धाम** | प्राचीन शिव मंदिर में स्थानीय लोगों के अलावा दूरदराज जनपदों से पहुंचते हैं भक्त

# यहां आने से भक्तों की पूरी होती हर मनोकामना

संवाददाता, चौबेपुर





श्री आनन्देश्वर मंदिर। अमृत विचार



शिवलिंग का किया भव्य श्रृंगार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्रमुख प्राचीन मंदिरों में शुमार कस्बा स्थित आनंदेश्वर धाम मंदिर वर्षों से भक्तों के लिए आस्था व विश्वास का प्रतीक बना हुआ है। मान्यता है कि यहां मांगी गई मनोकामना पूर्ण अवश्य होती है। यही वजह है कि यहां महाशिवरात्रि पर्व व सावन के महीने में भक्तों की भारी भीड़ पूजन के लिए उमड़ती है।

कस्बे में जी टी रोड किनारे पुराने टेंपो स्टैंड के निकट स्थित आनंदेश्वर धाम मंदिर लगभग दो दशक पहले तक रामशाला ट्रस्ट के नाम से जाना जाता था।मंदिर मे स्थापित शिवलिंग कितना प्राचीन है, इसका सही आंकलन लोगों को नहीं है।लेकिन बुजुर्गों के बताए अनुसार यह एक सदी से अधिक पुराना है। आनंदेश्वर धाम कमेटी के सदस्यों ने श्रृद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का जीणोद्धार कराकर इसका स्वरूप ही बदल दिया है।

हरे भरे परिसर के बीच स्थित मंदिर में श्रावण मास में ब्रह्म मुहूर्त से लेकर दिए रात तक बम भोले के जयकारे गूँजते रहते हैं।

महाशिवरात्रि पर व सावन माह के सोमवार को क्षेत्रीय लोगों के अलावा दूर-दराज जनपदों से श्रद्धालु यहाँ दर्शन व जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। कमेटी के सदस्य एवं ग्राम प्रधान कल्लू प्रधान, अमिताभ त्रिपाठी श्याम गुप्ता आदि ने बताया कि प्राचीन मंदिर की मान्यता और दिन-ब-दिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए मंदिर को भव्य रूप दिए जाने की योजना है। जिसके लिए रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। मंदिर के पुजारी सुधीर दुबे ने बताया कि सच्चे भाव से दर्शन और पूजन के लिए यहां आने वाले भक्तों की मनोकामना आनंदेश्वर बाबा अवश्य पूरी करते हैं।

यही वजह है कि श्रद्धालु आनंदेश्वर बाबा के दर्शन व पूजन के लिए ग्रामीण अंचल के इस शिव मंदिर में बड़ी तादात मे पहुँचते हैं। मुख्य मार्ग के किनारे स्थित होने से बस, रेल व निजी वाहन द्वारा यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हज यात्रा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि हज यात्रा-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। आवेदन के लिए पासपोर्ट मशीन पठित होना चाहिए, हस्तलिखित नहीं। पासपोर्ट वैधता 31 दिसंबर 2026 तक होना अनिवार्य है। हज सामान्य 40 दिवस व छोटी 20 दिवसीय यात्रा के लिए आवेदन का विकल्प रखा गया है। छोटे विकल्प के लिए केवल सात उड़ान स्थल निर्धारित हैं। इनमें अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोच्चिन, दिल्ली, हैदराबाद व मुम्बई हैं। आनलाइन आवेदन के लिए पासपोर्ट साइज फोटो, पासपोर्ट का प्रथम पृष्ठ, अन्तिम पृष्ठ, एड्रेस प्रूफ, बैंक खाते का विवरण कैन्सिल चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति अपलोड करना आवश्यक है।

### रोजगार मेला का आयोजन आज

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि बेरोजगारों के लिए 25 जुलाई को मंगलम आईटीआई मुरीदपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निजी क्षेत्र की छह कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में आईटीआई, नान आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक उर्तीण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ निगला

**मंगलपुर।** गुरुवार को मंगलपुर थाना क्षेत्र के कस्बा झींझक स्थित श्रीनगर निवासी 28 वर्षीय संदीप पुत्र तुलसीराम ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घर में मौजूद परिजनों को जानकारी हुई और तत्काल 112 पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। और युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींझक में भर्ती कराया। डॉक्टर राजीव कुमार यादव ने प्राथमिक इलाज शुरू किया। हालत में सुधार न देख डॉक्टर ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। झींझक चौकी प्रभारी अभिनेष कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींझक में युवक संदीप से पूछताछ की। युवक ने बताया कि घर मे भाई और भाभी के साथ खम्हैला रोड स्थित श्रीनगर मोहल्ले में रहता है। और आपसी झगड़े से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया।

# मासूम की हत्या में बुआ दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- बिल्हौर क्षेत्र में ढाई साल पहले हुई थी पांच माह के बच्चे की हत्या
- अदालत 28 जुलाई को सजा के बिंदु पर करेगी सुनवाई

**अमृत विचारः** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के लालूपुर्वा गांव में करीब ढाई साल पहले हुई पांच माह के मासूम बच्चे की हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट ने आरोपी बुआ को दोषी ठहराया है। अदालत ने दोषी को सजा के बिंदु पर 28 जुलाई को सुनवाई करेगी।

सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के लालपुर्वा गांव निवासी रिंकू का पांच माह का पुत्र सुशील 14 नवंबर 2022 की दोपहर घर के कमरे में सोते समय गायब हो गया था। उसकी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चलने पर पिता रिंकू ने शक के आधार उन्नाव जनपद के बांगरमऊ थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी अपने बहनोई देशराज के खिलाफ बच्चे का अपहरण करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

पिता का कहना था कि उसकी बहन सीता का बहनोई देशराज से विवाद होने के कारण वह मायके में उसके साथ रहती है। सीता के भी पांच माह का बच्चा है, जिसका अपहरण करने की धमकी बहनोई दे चुका है। पुलिस की विवेचना के दौरान बच्चे का शव 18 नवंबर 2022 को गांव के करीब ईशान नदी पर उतराता मिला था। इस पर पुलिस को सीता की भूमिका पर संदेह हुआ। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बच्चे की हत्या करने का अपराध स्वीकार कर लिया। गुरुवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी सीता को दोषी ठहराया। अब सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

### फूफा के खिलाफ दर्ज हुई थी अपहरण की रिपोर्ट

- पुलिस ने विवेचना में आरोपी देशराज का नाम हटाकर सीता के खिलाफ अपहरण, हत्या और साक्ष्य छिपाने के अपराध में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 9 गवाहों को अदालत में पेश किया गया, जिन्होंने सीता के अपराध को साबित किया।

## 3 का समूह बनाएं और अनुदान पाएं

**कानपुर देहात।** जिला समाज कल्याण अधिकारी गीता सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम-अजय के घटक ग्रांट इन एड योजना में ग्रामीण/ शहरी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर है।

योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के इच्छुक अभ्यर्थी कम से कम तीन लोगों का समूह बनाकर अथवा कलस्टर के रूप में अपनी इकाई स्थापित कर सकते हैं। इसमें लाभार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण उनके व्यवसाय के अनुसार दिया जाएगा। प्रति व्यक्ति 50 हजार रुपये अथवा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत सरकारी अनुदान के रूप देय होगा। साथ ही परियोजना लागत का 5 प्रतिशत लाभार्थी अंशदान एवं शेष धनराशि बैंक के माध्यम से ऋण के रूप में प्राप्त होगी।

# मदरसा से गायब बच्चे आगरा में मिले

संवाददाता, मंगलपुर

- मदरसा से भागकर अजमेर शरीफ जा रहे थे बच्चे
- झींझक पुलिस ने बरामद कर परिवार वालों को सौंपा



पुलिस और परिजनों के साथ बरामद बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचारः** झींझक के मदरसा से एक साथ गायब हुए तीन बच्चों को चौकी पुलिस ने परिजनों की मदद से आगरा में सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चों के मिलते ही परिजनों के चेहरे पर मुस्कान दौड़ गई। मदरसा से भागने के बाद तीनों बच्चे अजमेर शरीफ जा रहे थे।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के झींझक कस्बे में फैजान-ए-गोसिया नाम का मदरसा चलता है, जिसमें करीब 10 बच्चे अरबी पढ़ने के लिए लिए मदरसे में ही रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। 22 जुलाई की दोपहर एक बजे मदरसा के तीन बच्चे आशिफ, समीर और अनस अचानक लापता हो गए। तीन बच्चों के एक साथ लापता होने की खबर से हड़कंप मच गया। मदरसा के संचालक ने चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी।

पुलिस ने मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों से पूछताछ की तो लापता हुए बच्चों के ख्वाजा मुऊनिद्दीन चिश्ती की दरगाह पर जाने की बात सामने आई। चौकी पुलिस ने बच्चों के परिजनों की सहायता से तीनों को बरामद कर लिया। पुलिस ने बच्चों को आगरा से अजमेर शरीफ जाने वाली सड़क पर बरामद किया। बच्चे एक ऑटो पर सवार होकर अजमेर शरीफ जा रहे थे। सुबह बच्चों को पाकर परिजनों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। पुलिस चौकी इंचार्ज अभिनेष चौधरी ने बताया कि बच्चों को बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# कोतवाल को हटाने के लिए राज्यमंत्री का धरना

## अकबरपुर कोतवाली में दरी बिछाकर समर्थकों के साथ बैठीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, एसपी से बंद कमरे में वार्ता नकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



अकबरपुर कोतवाली में समर्थकों के साथ धरने पर बैठीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार



राज्यमंत्री को मनाने का प्रयास करतीं सीओ प्रिया सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सदर विधायक एवं प्रदेश सरकार में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला गुरुवार को अकबरपुर थाने में अपने समर्थकों के साथ दरी बिछाकर धरने पर बैठ गईं। उनके धरने पर बैठने से हड़कंप मच गया। सीओ सिटी प्रिया सिंह मनाने का प्रयास करती रहीं, मगर राज्यमंत्री ने ऐलान कर दिया कि जब समर्थकों पर दर्ज मुकदमे वापस और इंस्पेक्टर को हटाया नहीं जाएगा, तब तक धरना खत्म नहीं होगा।

धरने पर बैठीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने खुला आरोप लगाया कि अकबरपुर थाने की पुलिस मनमानी पर उतारू है। उनकी भी बात नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने अकबरपुर थाने के इंस्पेक्टर सतीश कुमार को हटाने और समर्थकों पर दर्ज कराए गए मुकदमों को खत्म किए जाने की मांग उठाई। राज्यमंत्री के थाने में धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही सीओ प्रिया सिंह पहुंचीं और उन्हें मनाने में लगी रहीं, लेकिन राज्यमंत्री ने ऐलान कर दिया कि जब तक दोनों मांगें नहीं पूरी होंगी,

- दो समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से नाराज थीं राज्यमंत्री
- मनाने और समझाने की कोशिश करती रहीं सीओ सिटी प्रिया सिंह

तब तक धरना खत्म नहीं होगा। वह समर्थकों के साथ बैठी रहेंगीं।

मामला बढ़ता देख पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा भी अकबरपुर कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने कमरे में बैठकर वार्ता करने के लिए राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला को बुलाया, लेकिन राज्यमंत्री ने कमरे में वार्ता करने से इंकार करते हुए धरनास्थल पर आकर वार्ता करने की बात कही। उनका कहना था कि समर्थकों के खिलाफ फर्जी एससी-एसटी एक्ट के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। वह समर्थकों के सामने ही पूरी बात करना चाहती हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पुलिस की मनमानी कतई नहीं चलेगी। अकबरपुर कोतवाल को तत्काल हटाया जाए। बहरहाल, देर रात तक राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठी रहीं। मामला शासन तक पहुंचने से पुलिस अधिकारी परेशान रहे।

### बरसात के बीच डटी रहीं राज्यमंत्री

- अकबरपुर कोतवाली में धरने के दौरान बारिश होने लगी। इसके बावजूद राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला और उनके समर्थक बरामदे में बैठकर धरना देते रहे। राज्यमंत्री के धरने पर बैठने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में भाजपाई भी कोतवाली पहुंच गए। मामला सत्ता पक्ष से जुड़ा होने के कारण पुलिस बैकफुट पर नजर आई। अकबरपुर कोतवाली में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, मगर पुलिसकर्मी सिर्फ तमाशबीन बनकर नजारा देखते रहे।

### अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा

- समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के इंस्पेक्टर के खिलाफ अकबरपुर कोतवाली में धरने पर बैठने पर योगी सरकार को घेरा है। अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट किया कि सत्ताधारी राज्यमंत्री खुद अपनी पुलिस की करतूतों खिलाफ धरना दे रही हैं। मुख्यमंत्री जी को कुछ और सुबूत चाहिए क्या। पूर्व मुख्यमंत्री ने दो वीडियो भी पोस्ट किए हैं।

### दो दिन में दो समर्थकों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

- बदलापुर में बुधवार को सभासद शमशाद खान ने सड़क निर्माण रोक दिया था। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला मौके पर पहुंची थीं और सभासद को मौके पर बुलाया था। इस दौरान हाजी अबरार और सभासद के बीच विवाद होने लगा था। बाद में ठेकेदार की तहरीर पर सभासद के खिलाफ रंगदारी मांगने सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। यह मामला अभी थमा नहीं था कि गुरुवार को मदारपुर तस्दूक अलीपुर के बाबूराम गौतम ने शिवा पांडेय सहित पांच लोगों के खिलाफ जातिसूचक शब्द कहने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसी बात से नाराज राज्यमंत्री कोतवाली पहुंचकर धरने पर बैठ गईं।

### बोलीं, मुकदमे के लिए कौन बना रहा दबाव

- राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने ऐलान किया कि अकबरपुर कोतवाली के इंस्पेक्टर सतीश कुमार को हटाए जाने तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस ने दबाव में मुकदमा दर्ज किया है। इस बात का पता चलना चाहिए कि झूठा मुकदमा दर्ज कराने के लिए आखिर कौन दबाव बना रहा है। यह योगी जी की सरकार है, ऐसा नहीं चलेगा।

# अकबरपुर से राजधानी लखनऊ तक हलचल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अखिलेश यादव के कटाक्ष ने अफसरों की बढ़ाई धड़कन
- राज्यमंत्री के पूर्व सांसद पति ने डिप्टी सीएम से फोन पर बात की



एडीएम को ज्ञापन देते पूर्व सांसद अनिल शुक्ल, साथ में राज्यमंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के अकबरपुर कोतवाली में थाना प्रभारी को हटाने के लिए घरने पर बैठने के बाद राजधानी लखनऊ तक हलचल मच गई। प्रदेश से बड़े नेताओं के फोन भी घनघनाते रहे। सूत्रों के मुताबिक इस मामले को लेकर डिप्टी सीएम सहित कई बड़े नेताओं के फोन भी आए।

दिन भर के धरने के बाद शाम को अकबरपुर कोतवाली धरनास्थल पर पहुंचे राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने फोन पर डिप्टी सीएम से बात कर उन्हें पूरी वस्तुस्थिति से अवगत कराया। मामला राजधानी लखनऊ तक पहुंचने से पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तनाव में आ गए। इसी बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के एक्स पर इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधे जाने के बाद मामला सियासी तूल पकड़ने लगा। मामले की नजाकत को भांपते हुए अफसर किसी भी तरह मामले को शांत कराने के प्रयासों में जुट गए। पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा और जिलाधिकारी आलोक सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार भी शआम को कोतवाली में धरनास्थल पर पहुंच गए।

वार्ता की पहल शुरू होने पर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने लालपुर चौकी इंचार्ज और कोतवाली इंस्पेक्टर पर कार्रवाई करने की मांग के साथ समर्थकों पर दर्ज किए गए मुकदमे को निरस्त करने की मांग की। पूरे सात घंटे की गहमा-गहमी के बाद रात नौ बजे अधिकारियों ने राज्यमंत्री की मांगें पूरी करने का आश्वासन देकर उन्हें मना लिया। राज्यमंत्री गुरुवार की दोपहर 2 बजे अकबरपुर कोतवाली में धरने पर बैठ गई थीं और रात करीब 9 बजे पुलिस अधीक्षक और अपर जिलाधिकारी के मौके पर आने पर कार्रवाई पर बात बन पाई।

### राज्यमंत्री बोलीं सत्यमेव जयते

- अकबरपुर कोतवाली में धरने पर बैठीं प्रदेश सरकार की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने गुरुवार की रात नौ बजे धरना खत्म करने के बाद समर्थकों से कहा, 'सत्यमेव जयते'। उन्होंने 'अमृत विचार' से बातचीत करते हुए बताया कि लालपुर चौकी इंचार्ज को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है, जबकि अकबरपुर कोतवाली के इंस्पेक्टर सतीश कुमार सिंह को हटाने का आश्वासन दिया है। समर्थकों पर दबाव में दर्ज कराए गए मुकदमों के बारे में पुलिस अधीक्षक ने जांच कराने के बाद खत्म करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में गलत काम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।



एसपी को ज्ञापन देते पूर्व सांसद अनिल शुक्ल, साथ में राज्यमंत्री। अमृत विचार

### चौकी इंचार्ज का पुलिस लाइन स्थानांतरण

- सात घंटे बाद रात नौ बजे धरना खत्म होने के बाद राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने लालपुर चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है और अकबरपुर कोतवाली इंस्पेक्टर को हटाने का आश्वासन दिया है, मगर देर रात पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने एक वीडियो जारी कर जो बयान दिया है, उसमें चौकी इंचार्ज पर निलंबन की कार्रवाई का कोई जिक्र नहीं है। एसपी ने अपनी बाइट में कहा है कि 'एक क्रॉस केस के मामले को लेकर राज्यमंत्री अकबरपुर कोतवाली आई थीं। उन्होंने नाराजगी जाहिर की थी। हम और डीएम मौके पर आए और उन्हें बैठाकर विस्त्रत वार्ता की गई। उन्हें पूरा उचित आश्वासन दिया गया कि इस मामले में जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई होगी। जाएगा। इस पर वह संतुष्ट रहीं। देर रात चौकी इंचार्ज के पुलिस लाइन स्थानांतरण का आदेश जारी हुआ।

## खोए हुए मोबाइल पाकर खिले चेहरे

**मंगलपुर।** थाने की साइबर हेल्प डेस्क टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने आधा दर्जन खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर लोगों को सौंपे। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 77 हजार रुपये है। मंगलपुर थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइलों को ट्रेस कर वापस लाया गया। बरामद मोबाइल लोगों को सौंप दिए गए। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मैथा जनपद कानपुर देहात।**
**वाद सं0-T-202503400700292**
**अन्तर्गत धारा- 116/117 उ0प्र0रा0सं0-2006, ग्राम- मदारपुर गजीउद्दीन, तहसील- मैथा, जनपद कानपुर देहात।**
**चन्द्रभान सिंह**
**बनाम**
**अभिलाख सिंह आदि**
1-अभिलाख सिंह पुत्र चुन्नीलाल नि0ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 2-जगपाल सिंह पुत्र चुन्नीलाल नि0 ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 3-सुशील कुमार पुत्र चुन्नीलाल नि0 ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 4- मुन्नी देवी पत्नी बलवीर सिंह नि0ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 5- रामवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह नि0 ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 6-शिववीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह नि0 ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 7-महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र कमल सिंह नि0 ग्राम सुनवरसा पो0 मैथा रेलवे स्टेशन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। 8-रघुराज पुत्र विश्वनाथ नि0ग्राम चौथियाई म0 मदारपुर गाजीउददीन तहसील मैथा जिला कानपुर देहात। बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत... दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29.07.2025 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 17.07.2025 ई0 को जारी किया गया।
**उप जिलाधिकारी (न्यायिक), मैथा, कानपुर देहात।**

समन्वय बैठक

## जिलाधिकारी ने आशाबहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और एएनएम को घर-घर जाने के दिए निर्देश

# बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करना जरूरी : डीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जनपदीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय व एमडीए/आईडीए कार्यक्रम की प्रथम जिला समन्वय समिति की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रट में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जो भी बिंदु डीएचएस की समीक्षा के दौरान उठाया जाए, उसका अनुपालन किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी व एमओआईसी को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक स्तर पर जनमानस को स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ मिले, इसके लिए प्रत्येक स्तर तक सूचना और प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाए।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर आशा, आंगनबाड़ी तथा एएनएम की टीम सक्रिय रूप से भ्रमण करें और घर-घर जाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दें। बैठक में बीएचएनडी सत्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि टीकाकरण, पोषण, प्रसवपूर्व देखभाल जैसी आवश्यक सेवाओं को इन सत्रों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर प्रदान किया जाए।





कलेक्ट्रेट सभागार में समन्वय समिति की बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह।

बैठक में जिलाधिकारी ने इम्यूनाइजेशन के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्ति के निर्देश दिए। पुरुष नसबंदी, एनआरसी, जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व मृत्यु दर, सी सेक्शन डिलीवरी, फैमिली प्लानिंग, टीकाकरण, हेल्थ वैलनेस सेंटरों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। उन्होंने शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष पुरूष नसबन्दी, टीकाकरण आदि में प्रगति लाने, मातृत्व मृत्यु दर को कम करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग आपस में समन्वय बनाकर जोखिम पूर्ण प्रसव की पहचान कर समय से भर्ती कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा एमओआईसी, सीडीपीओ आपस में समन्वय कर बच्चों से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन कराए। बैठक में तृतीय पक्ष, यूनीसेफ, डब्लूएचओ द्वारा किये गये सर्वे की भी समीक्षा की गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि 10 अगस्त से 28 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए/ आईडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। टीमों का प्रशिक्षण कराया जाएगा। ये टीमें घर-घर जाकर लोगों का दवा खिलाएंगी।

बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत सन्दलपुर व सरवनखेड़ा ब्लाक के स्कूलों, कालेजों में 11 अगस्त को दवा खिलाई जाएगी। छूटे हुए लोगों को 14 अगस्त को दवा खिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जीरो पावर्टी अभियान के तहत पात्र लाभार्थी परिवार का एक सप्ताह के अन्दर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन., मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एके सिंह, डीडीओ सुनील कुमार तिवारी, डिप्टी सीएमओ डॉ. सुखलाल वर्मा, डीडीएजी, एबीएसए, सभी एमओआईसी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरसेटी में महिला टेलर गारमेंट ट्रेनिंग

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह ने बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (आरसेटी) में गुरुवार को महिला टेलर गारमेंट प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण समूह से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाएगा। उन्हें न केवल सिलाई और होजरी प्रोडक्ट निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि प्रशिक्षण उपरांत गाके बाद गारमेंट इंडस्ट्री से जोड़ा जाएगा। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। सीडीओ लक्ष्मी एन ने कहा कि यह अवसर न केवल हुनर सिखाने का है बल्कि अपने पैरों पर खड़ा होने का आत्मबल देगा। यहां उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सऊद, डीसी गंगाराम, अग्रणी जिला प्रबंधक राकेश कुमार, आरसेटी निदेशक मयंक कटियार उपस्थित रहे।

## स्टेट ब्रीफ

### एंटीलार्वा के छिड़काव व साफ-सफाई पर दें ध्यान

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक कार्यालय पर खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें इसमें खंड विकास अधिकारी द्वारा समस्त सचिवों को संचारी रोग अभियान के अंतर्गत सभी गांवों में एंटीलार्वा के छिड़काव एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिए गए। सीएचसी प्रभारी डा. प्रवीण दीक्षित द्वारा संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी गई।

### सरकारी जमीनों पर कब्जे की शिकायत

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत जिगिनिया खुर्द के निवासी सचिन श्रीवास्तव ने डीएम अनुनय झा से शिकायत दर्ज कराई है। उसने डीएम को सौंपे गए मांग पत्र में कहा कि ग्राम पंचायत जिगिनिया खुर्द में सरकार की बेशकीमती जमीनों पर कुछ लोगों ने स्थानीय राजस्व कर्मी से साठगांठ कर कब्जा कर लिया। सरकारी जमीनों पर स्थाई निर्माण के तौर पक्के मकान तैयार कर दिए गए हैं। एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्र ने कहा कि शिकायत कर्ता उनके समक्ष उपस्थित होकर लिखित में बात कहे तो टीम गठित कर जांच कराएंगे। सरकारी जमीनों पर कब्जा पाया गया तो नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

### दो बाइकें टकराने से घायल युवक की मौत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में दोनों युवक घायल हो गए थे, जिनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक रवि पुत्र विश्राम के चाचा लालता प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक अचल गुप्ता निवासी आसिगांव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रवि के साथी आयुष का लखनऊ में इलाज चल रहा है।

# निष्क्रिय आशाओं को हटाया जाएगा

## डीएम ने शासी निकाय की बैठक में कार्यवाही पूर्ण करने का दिया निर्देश

संवाददाता, हरदोई



वेयर हाउस का निरीक्षण करते डीएम अनुनय झा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निष्क्रिय आशाओं को हटाने की कार्रवाई पूर्ण की जाये। प्रतिमाह शून्य प्रगति वाली आशाओं की सूची प्राप्त की जाये। प्रभारी अधीक्षक हरियावां को निष्क्रिय आशाओं पर प्रभावी कार्रवाई न करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लापरवाही व सुव्यवस्थित आंकड़े न प्रस्तुत कर पाने पर प्रभारी अधीक्षक सुरसा को कठोर चेतावनी व बीसीपीएम का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओं के रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई की जाये। ई-संजीवनी सेवा को अधिक प्रभावी बनाया जाये। रोगी कल्याण समिति के संसाधनों का प्रयोग मरीजों की सुविधाओं में सुधार हेतु किया जाये। संस्थागत प्रसव की संख्या में वृद्धि की जाये। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संस्थागत प्रसव की सुविधा का विस्तार किया जाये। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में देरी न की जाये। मल्लावां, माधोगंज व बेहदर में जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में देरी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, प्रभारी सीएमएस एके सचान व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गुरुवार को ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयरहाउस की व्यवस्थाओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की वेयरहाउस कि वाह्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। परिसर में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था रखी जाए। आवश्यक सूचनाएं ससमय राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आरआरसी सेंटरों को सक्रिय अवस्था में रखा जाये : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आरआरसी सेंटरों को सक्रिय अवस्था में रखा जाये। नये ग्रामों के चयन के लिए स्थल की उपयुक्तता की अच्छी तरह से जाँच कर ली जाये। गोबर्धन बायोगैस प्लांट को पूरी तरह से सक्रिय रखा जाये। चिन्हित स्थानों पर फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य जल्द प्रारम्भ किया जाये। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की व्यवस्था सुचारु बनाई जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला पंचायती राज अधिकारी विनय कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेई, ग्राम प्रधान बांसा, नेदुरा व खजूरमई, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार तथा अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल्द कराया जाए टेक्सटाइल पार्क का आंतरिक विकास

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में यूपीसीडा व टेक्सटाइल पार्क के सम्बंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि टेक्सटाइल पार्क के आतंरिक विकास के लिए आवश्यक कार्रवाई जल्द प्रारम्भ की जाये। मास्टर प्लान जल्द तैयार किया जाये। संडीला औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के सम्बन्ध में कहा कि अधिग्रहण की कार्रवाई जल्द समाप्त की जाये। प्रस्तावित ग्रामों का अधिग्रहण पूर्ण कर नोटिफिकेशन जारी कराया जाये। डिजिटल सर्वे मैप के आधार पर आतंरिक विकास की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाये। एक मास्टर प्लान तैयार किया जाये। जमसारा की रजिस्ट्री की प्रक्रिया जल्द प्रारम्भ की जाये। गंगा एक्सप्रेस वे की चर्चा करते हुए उन्होंने यूपीडा को निर्देश दिए। आईएमएलसी (इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एण्ड लॉजिस्टिक क्लस्टर) की भूमि पर जल्द कार्य शुरू कराया जाये। भूखण्डों के आकार को पुनः जनपद की आवश्यकतानुसार संशोधित किया जाये।

### आवेदनों के निस्तारण में न हो देरी : सीडीओ

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के आवेदनों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। स्वीकृत आवेदनों में जल्द डिस्बर्सल कराया जाये। साप्ताहिक लक्ष्य के अनुसार आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न की जाये। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, एलडीएम अरविन्द रंजन व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत, पति पर लगाया आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बीमार पत्नी की मौत के बाद उसके पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में बीमारी से मौत होने की बात सामने आ रही है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

टड़ियावां थाने के जयराजपुर निवासी रामप्रताप की 26 वर्षीय पुत्री रेशमा की शादी हुई थी। लेकिन कुछ अरसे बाद टूट गई, उसके बाद रामप्रताप ने उसकी विदाई शाहाबाद कोतवाली के बेझा बासित नगर निवासी सालिगराम के साथ कर दी। सालिकराम का कहना है कि विदाई के पहले से रेशमा बीमार थी, उसका इलाज चल रहा था, उसके एक बच्चा हुआ था, कुछ दिनों बाद उसकी मौत हो गई। बुधवार को रेशमा की मौत हो गई। खबर होने पर वहां पहुंचे पिता रामप्रताप ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी कि दहेज़ की मांग के चलते उसकी पुत्री की हत्या कर दी गई। वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पूछताछ की,पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में बीमारी के चलते रेशमा की मौत होने की बात सामने आ रही है। फिलहाल शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कुछ कहा जा सकता है।

# छात्र बोले-हेलमेट लगाओ जान बचाओ

संवाददाता, हरदोई




सड़क सुरक्षा अभियान में वाहन चालकों को जागरूक करते छात्र-छात्राएं व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

● सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर वाहन चालकों को किया गया जागरूक

**अमृत विचार।** सड़क हादसों को लेकर एक और जहां शासन प्रशासन लोगों में जागरूकता लाने के लिए अभियान चला रहा है, वहीं सरकारी विभाग भी सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैला रहे हैं। समय-समय पर सरकारी विभागों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाते रहते हैं। वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित होते हैं।

इस क्रम में स्कूल के बच्चे भी वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान चला रहे हैं। हरदोई के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में बुधवार को सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने शहर के लोगों को यातायात से जुड़े नियमों का पालन करने को लेकर जागरूक किया। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने और यातायात के नियमों का पालन करने को लेकर जागरूक किया।छात्र छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से वाहन चालकों को जागरूक किया है इस अवसर पर प्रधानाचार्य मौसमी, उप प्रधानाचार्य सीपी जोशी, स्कूल के अध्यापक अमर रंजन राय, स्कूल की अध्यापिका नेहा त्रिपाठी, पूजा मिश्रा समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजा टोडरमल सर्वेक्षण एवं भूलेख प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया। बताया कि वर्तमान समय में जो महिलाएं अपने घरों से बाहर निकल कर कार्य करती हैं। यह अधिनियम उन सभी महिलाओं के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न की रोकथाम की व्यवस्था की गई है।

# नाले में गिरे किशोर ने दम तोड़ा

संवाददाता, हरदोई, बिलग्राम



**अमृत विचार।** पिता को खाना देकर घर वापस लौट रहा छात्र बाइक के साथ नाले में जा गिरा,उसे वहां से निकाल कर सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां से लखनऊ हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया,लखनऊ के रास्ते उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि उसके पास ऐसी कोई तहरीर नहीं आई है, अगर आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला कासूपेट निवासी राजपाल सैनी की मिठाई की दुकान है। राजपाल का 15 वर्षीय इकलौता बेटा आयुष सैनी निजी स्कूल का छात्र था। आयुष बुधवार की दोपहर पिता को खाना देने के बाद दुकान से घर लौट रहा था। उसी बीच कस्बे में कोल्ड स्टोरेज के बगल से निकलते हुए उसकी बाइक नाले में गिर गई। इसका पता होते ही लोगों ने हिम्मत जुटाकर छात्र को नाले से बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। वहां के डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज भेज दिया। बुधवार को ही मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने आयुष सैनी को लखनऊ हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। उसे वहां ले जाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। आयुष के घर वाले उसके शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे, उसी वजह से शव लेकर घर चले गए।

## शौच को निकला किशोर लापता परिजन व पुलिस कर रहे तलाश

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर मजरा महगवा से मंगलवार की सुबह शौच को निकला किशोर लापता हो गया था। पुलिस ने पिता बुद्धिसागर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है। गुरुवार को थाना प्रभारी मार्कण्डेय सिंह गांव आदमपुर में किशोर के परिजनों व दोस्तों से पूछताछ की और गांव से 300 मीटर दूर नहर पर जाकर देखा। पलिया नहर पुलिया से डेढ़ किलोमीटर तक खोजबीन की। मां सोनी ने बताया कि अंकुल (13) हत्याहरण के एक प्राइवेट विद्यालय में कक्षा छह में पढ़ाई करता था। मंगलवार की सुबह वह शौच के लिए अपने दोस्त सूरज, सौरभ, ललित के साथ नहर पर गया था जहां से वापस नहीं आया। अंकुल के दोस्त सूरज ने बताया कि उसके साथ साईकिल पर बैठकर अंकुल नहर पुलिया पर गया था पर उसके बाद कहीं चला गया।

# कांवड़िये की ट्रेन से गिरकर मौत

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** भाई,बहनोई और गांव वालों के जत्थे में शामिल कांवड़िया हरिद्वार से कांवड़ लेकर जनता एक्सप्रेस से वापस लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में मसीत रेलवे स्टेशन के पास वह चलती ट्रेन से गिर पड़ा। साथी कांवड़ियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

सीतापुर ज़िले के शिवथान थाना मिश्रिख निवासी उमाशंकर का सबसे छोटा बेटा 22 वर्षीय अजय अपने बड़े भाई सुनील, आकाश, चचेरे भाई शिवम और बहनोई सोनू के साथ 15 जुलाई को पिकअप से कांवड़ लेने हरिद्वार के लिए निकला था। बुधवार को सभी जनता एक्सप्रेस पर सवार होकर लौट रहे थे। गुरुवार की सुबह जनता एक्सप्रेस ट्रेन मसीत रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने वाली थी,अजय बाथरुम के लिए उठा,उसी बीच का झटका लगने से वह नीचे गिर पड़ा। हादसा होते ही सभी कांवड़िये चीखने-चिल्लाने लगे। चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई। लेकिन उससे पहले ही कांवड़िये अजय की मौत हो हो चुकी थी। वहां पहुंची जीआरपी ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। अजय मजदूरी कर अपने परिवार का सहारा बना हुआ था,उसकी मौत होने से मां आशा देवी का रोते-रोते बुरा हाल है।

## बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद पीटा

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला न्यू कटरा निवासी रामसिंह राठौड़ गुरुवार सुबह बाइक से अपनी दुकान से घर आ रहा था। तभी कोतवाली गेट के सामने दबंग बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। इस पर दबंग बाइक सवार उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर दबंग ने अपने एक दर्जन साथियों को बुलाया और रामसिंह को लात-घूंसों से पीट दिया। बाद में हमलावर उसे लेकर उसके घर पहुंचे और महिलाओं को गालियां देने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधा दर्जन हमलावरों को मौके से हिरासत में ले लिया।

# अधेड़ ने घर में फंदे से लटककर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के सुमराहा गांव में किसान ने अपने पुराने घर में पड़े छप्पर की धन्नी में फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है।

सुमराहा गांव निवासी धुन्नी यादव (56) पुत्र स्व. राम किशुन खेती व पशुपालन कर जीविका चलाता था। वह गांव में बने पुराने कच्चे घर में मवेशी बांधता था। लेकिन परिजनों के मुताबिक इस समय उसके पास मवेशी नहीं थे। गुरुवार सुबह नहाने के बाद वह पुराने घर चला गया। खाना खाने के लिए बेटा उसे बुलाने पहुंचा तो पिता को रस्सी के फंदे से धन्नी से लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुन परिजन व पड़ोसी पहुंचे और उसके जीवित होने की संभावना से फंदा काटकर नीचे उतारा। परिजन जब तक उसे अस्पताल ले जाते इससे पहले मौत हो गई। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। पति का शव देख पत्नी सरोजनी देवी बेहाल हो गई। उसके चार बच्चों में बेटे अखिलेश, विमलेश बेटी अंजू व प्रतिमा हैं। पिता की मौत से सभी का रो-रोकर कर बुरा हाल है। बेटे अखिलेश के मुताबिक पिता शराब के लती थे और सुबह से ही नशा करते थे।

## कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**हसनगंज उन्नाव:** कोतवाली हसनगंज क्षेत्र के नेवलगंज गांव निवासी प्रदीप त्रिवेदी (50) पुत्र महेश प्रसाद खेती कर परिवार पालता था। बुधवार देररात उसने अपने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। उसका शव देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। पत्नी रेनू के मुताबिक पति ने किसान क्रेडिट कार्ड से लोन लिया था। जिसकी किस्त समय से नहीं पहुंच पाई थी। इससे बैंक से उसे नोटिस जारी कर कर्ज अदायगी के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इससे पति परेशान रहते थे। संभवतः इसी से परेशान होर उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। हालांकि पत्नी के आरोप सिर्फ मौखिक है। उन्होंने इस संबंध में कोई लिखित तहरीर नहीं दी है।

# पतंग पकड़ने में एचटी लाइन की चपेट में आया किशोर, मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● रमसाही गांव का मामला, बेटे की मौत से बेहाल हुई मां

**अमृत विचार:** पतंग पकड़ने के प्रयास में एचटी लाइन की चपेट में आकर 13 वर्षीय किशोर गंभीर झुलस गया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बेटे की मौत से माता-पिता सदमे में हैं।

कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के रमसाही गांव निवासी कमल सिंह अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ कानपुर के नौबस्ता थानाक्षेत्र के बौद्ध नगर में किराए का कमरा लेकर रहता है। कमल वैन चालक है और ज्योति घरों में खाना बनाने का काम करती है। कमल ने बताया कि वह और पत्नी काम पर गए थे। तभी दोपहर में स्कूल से लौटा उनका बड़ा



निखिलेश की फाइल फोटो।

बेटा निखिलेश (13) घर के पास पतंग उड़ाने चला गया। तभी एक कटी पतंग को पकड़ने के प्रयास में ऊपर से निकली एचटी लाइन की चपेट में आकर वह गंभीर झुलस गया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए। जहां से उसे डॉक्टर ने केजीएमयू के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे लेकिन गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मरहला चौराहा के पास उसकी हालत अधिक बिगड़ गई। इस पर एंबुलेंस चालक उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी लाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवा पुलिस को सूचना दी गई। पिता की तहरीर पर गुरुवार को सदर कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। निखिलेश तीन भाइयों आदी व सिद्धार्थ से बड़ा था। उसकी मौत से मां ज्योति बेहाल है। बेटे का शव देख वह अचेत हो गई। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि घटना कानपुर में हुई थी। अस्पताल में मौत से पिता की तहरीर पर पोस्टमार्टम कराया गया है। आगे की कार्रवाई कानपुर से होगी।



घटना के बाद बिलखते परिजन।

**समस्या** ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के चलते पोनी रोड तिराहे तक वाहनों की लगीं लंबी कतारें

# नवीन पुल पर लगे भीषण जाम में दो घंटे फंसे रहे वाहन सवार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गुरुवार सुबह शुक्लागंज के नवीन पुल पर जाम लग गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को दो घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह करीब आठ बजे टेंपो और ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के चलते पुल पर जाम की स्थिति बन गई। उसी समय कानपुर और अन्य कार्यस्थलों की ओर जाने वाले लोग वाहनों से निकले, जिससे ट्रैफिक का दबाव और बढ़ गया।

जाम की स्थिति तब और गंभीर हो गई जब शुक्लागंज और कानपुर से ई-बसें भी पुल पर पहुंचीं। देखते ही देखते पोनी रोड तिराहे तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गंगाघाट पुलिस और यातायात कर्मियों ने मोर्चा संभाला। आड़े-तिरछे खड़े वाहनों को व्यवस्थित कर ट्रैफिक को धीरे-धीरे चालू कराया गया। करीब दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा, जिससे कई लोग समय से कार्यालय नहीं पहुंच सके। स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी।



नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**45 मिनट मरहला चौराहे पर लगा जाम:** गुरुवार को मरहला चौराहे पर आरओबी के कार्य के दौरान बीच सड़क पर क्रेन खड़ी हो गई। जिससे मार्ग संकरा हो गया और जाम लगना शुरू हो गया। जिससे वाहन सवारों को परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान चार बजे से पौने पांच बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। वहां मौजूद चौकी पुलिस ने क्रेन को किनारे करवाकर किसी तरह जाम हटवाया। जिसके बाद राहगीरों ने राहत की सांस ली।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से पोनी रोड और विष्णुपुरी के सैकड़ों घरों की बिजली घंटों रही गुल

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर में गर्मी और बारिश के बीच बिजली आपूर्ति फॉल्ट के कारण लगातार बाधित हो रही है। बुधवार रात पोनी रोड झंडा चौराहा स्थित 630 केवीए ट्रांसफार्मर फुंकने से चार मोहल्लों में बिजली आपूर्ति पूरी रात ठप रही। वहीं गुरुवार सुबह विष्णुपुरी में 100 केवीए ट्रांसफार्मर खराब होने से दो मोहल्लों में छह घंटे तक बिजली नहीं रही। बुधवार रात करीब 11:45 बजे पोनी रोड झंडा चौराहा के पास लगा ट्रांसफार्मर अचानक फुंक गया। सूचना पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने प्रयास किया, लेकिन ट्रांसफार्मर रिपेयर नहीं हो सका। इस कारण रामनगर, पोनी रोड सब्जी मंडी गली, आंशिक ब्रह्मनगर और मुख्य पोनी रोड के सैकड़ों घरों में पूरी रात बिजली गुल रही। उमस भरी गर्मी में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे ट्रांसफार्मर दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल की गई। इसी तरह गुरुवार सुबह करीब 6 बजे विष्णुपुरी में 100 केवीए ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इससे शारदा नगर और विष्णुपुरी इलाके के सैकड़ों उपभोक्ताओं को करीब छह घंटे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। दोपहर 12 बजे मरम्मत के बाद आपूर्ति शुरू की गई।



ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते विद्युत कर्मी।

## हाईवे पर सड़क दुर्घटना में दंपति सहित तीन घायल

**नवाबगंज, उन्नाव:** कानपुर जिला के रावतपुर निवासी श्याम शर्मा (50) पुत्र शंकर दयाल गुरुवार को विकासखंड क्षेत्र के मकदुमपुर गांव अपने भांजे से मिलने आया था। दोपहर में बाइक से वापस जा रहा था। इस दौरान हाईवे पर ब्लॉक कार्यालय के पास आगे चल रही कार में पीछे से टकराकर गंभीर घायल हो गया। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार दंपति विपिन (33) व पत्नी गुंजन (29) निवासी कुंदन रोड अकरमपुर उन्नाव भी हाईवे पर गिरे श्याम शर्मा की बाइक से टकराकर गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। वहीं परिजन घायल अधेड़ को निजी अस्पताल ले गए।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, चालक घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र के रामादेवी निवासी निखिल पुत्र अनिल गुरुवार को बाइक से हाईवे के रास्ते घर जा रहा था। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत त्रिभुवन खेड़ा गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि निखिल उछलकर सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने उसे उठाकर सड़क से किनारे किया और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को इलाज के लिए शुक्लागंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गए।

अमृत विचार



# किशोरी की हत्या में 3 सगे भाइयों सहित 8 को उम्रकैद

## औरास थाना क्षेत्र के बरेठिया गांव में 25 साल पहले नापदान से गंदा पानी बहने को लेकर हुए विवाद में हुई थी फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** औरास थाना क्षेत्र के बरेठिया गांव में 25 साल पूर्व हुए गोली कांड में किशोरी की मौत और उसकी चचेरी बुआ के गंभीर घायल होने के मामले में एससी, एसटी एक्ट की विशेष कोर्ट ने 8 दोषियों को आजीवन कारावास के आदेश दिए है। इनमें तीन सगे भाई भी शामिल है। कोर्ट ने एक दोषी पर 42 हजार व अन्य पर 37 - 37हजार का जुर्माना लगाया है। केस में 13 लोग नामजद हुए थे। इनमें 5 व्यक्तियों की केस की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी थी।

शासकीय अधिवक्ता जगन्नाथ कुशवाहा ने बताया कि औरास थाना क्षेत्र के नरसा गांव के मजरा बरेटिया गनिवासी मछरी ने 22 अक्टूबर-2000 को औरास थाना में तहरीर देकर अपनी भतीजी सुनीता पुत्री शिवराज पासी की गोली मारकर हत्या किए जाने व चचेरी बहन गीता के गंभीर घायल होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के मुताबिक गांव में सिर्फ वह और उसके भाई का परिवार रहता है। गांव में शेष अन्य जाति और समुदाय के लोग रहते है। बताया कि उसका पड़ोसी शौकत पुत्र हजारी गद्दी व उसके परिजन उसके दरवाजे से नापदान का गंदा पानी बहाते थे। इस पर उसने शौकत से नापदान के पानी को अन्य स्थान से बहाने की व्यवस्था करने के लिये कहा था, लेकिन वह नहीं माने और नापदान का पानी मेरे दरवाजे से ही बहाते रहे इसी बात की रंजिश को लेकर 21 अक्टूबर-2000 की रात 10 बजे गांव के शौकत उसका भाई उसमान, न्यामत उल्ला, छोटक्का अपने



रिश्तेदारों चुन्ना, हासिम व हसनगंज कोतवाली के गहाखेड़ा निवासी बाबू, फजल, हनीफ, सदर, नफीस, बली मोहम्मद, आशिक अली तमंचों और लाठी डंडा लेकर उसके घर में चढ़ आए और फायरिंग करने लगे थे। चीख पुकार पर छोटा भाई व परिवार के अन्य लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े। आरोपियों की फायरिंग में उसकी भतीजी सुनीता की गोली लगने से मौत हो गई। वहीं लगने चाचा की बेटी गीता गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना से पूरे गांव में सन्नाटा छा गया तथा आतंक फैल गया। पुलिस ने 16 दिसंबर 2000 को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुकदमें की विवेचना तत्कालीन सीओ दीनानाथ दुबे ने की और सभी आरोपियों के खिलाफ 4 जनवरी-2001 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। लंबे समय से मुकदमा अपर जिला जज द्वितीय की न्यायालय में विचाराधीन था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपियों में शौकत, हासिम, बाबू,फजल, आशिक अली की मौत हो गई थी। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए तर्को को सुनने के बाद न्यायाधीश कविता मिश्रा ने आरोपी उसमान, न्यामत उल्ला, छोटक्का, चुन्ना, हनीफ, सदर, नफीस, बली मोहम्मद को उम्रकैद के आदेश दिए हैं।

### महिला से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म के आरोपी युवक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने उस पर 15000 जुर्माना भी लगाया। बता दें कि फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि कि 25 जून-2019 की रात 11 बजे वह घर के बाहर लगे हैंडपंप से पानी भरने गई थी। घर का दरवाजा खुला देख थानाक्षेत्र के फरखापुर गांव निवासी गुड्डू उर्फ रामसिंह उसके घर में घुस गया था। पानी लेकर घर पहुंचने पर गुड्डू ने उसे दबोच लिया और उससे दुष्कर्म किया था। उसके शोर मचाने पर युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर फेंक कर भाग गया था। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने 26 जून को आरोपी को पकड़कर जेल भेजा था। आईओ धमेंद्र सिंह ने जांच कर पीड़िता के बयान व अन्य साक्ष्य संकलित कर 29 जुलाई कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस फॉस्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन था। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। जिसके बाद न्यायाधीश विमल त्रिपाठी ने शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार पांडेय की दलील व पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर गुड्डू उर्फ रामसिंह को 10 साल की सजा सुनाई है।

### बिना मान्यता के चल रहे 5 स्कूल कराए बंद

**नवाबगंज उन्नावः** क्षेत्र में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय व कोचिंग के नाम पर चल रहे विद्यालयों को नोटिस देने के बाद भी कोई मानने को तैयार नहीं है। इसके बाद 5 ऐसे संस्थानों को बंद कराया गया और दोबारा विद्यालय न चलाने की हिदायत खंड शिक्षाधिकारी ने दी है। खंड शिक्षाधिकारी दीपेश कुमार ने बताया कि शासन की मंशा है कि कहीं भी आमान्य विद्यालय न चलें। जिससे बच्चे सही शिक्षा ग्रहण कर सकें। इसके साथ जो विद्यालय बिना मान्यता के चल रहे हैं या कोचिंग बताकर विद्यालय चलाए जा रहे हैं उन्हें भी रोका जा रहा है। क्षेत्र में केडी पब्लिक स्कूल नवाबगंज, केएलजेपी पब्लिक स्कूल नवाबगंज, राधाकृष्ण एकेडमी नवाबगंज, यूनिवर्सल किड्स एकेडमी नवाबगंज, एमएसएजी बिचपरी नवाबगंज जो कोचिंग सेंटर के नाम पर चल रहे थे उन्हें बंद कराया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जूनियर शिक्षक संघ की बैठक आज

**उन्नाव :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ उन्नाव की मासिक बैठक व शिक्षा उन्नयन गोष्ठी जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में 25 जुलाई को 2 :30 बजे प्रकाश गेस्ट हाउस सिविल लाइन उन्नाव में आहूत की गई है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व मंडल के सभी जनपदीय पदाधिकारी प्रतिभाग करेंगे। इसमें जिले के शिक्षकों की समस्याओं पर विचार किया जाएगा और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों से संपर्क कर वार्ता की जाएगी। यह जानकारी जिला महामंत्री रामजनम सिंह ने दी।

### वार्ड 24 में चलाया गया सफाई अभियान

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत गुरुवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर वार्ड 24 ब्रम्ह नगर में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका के सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाई और नालियों की सफाई की। साथ ही एंटी लार्वा रसायन व चूने का छिड़काव कराया गया। नालियों की सिल्ट हटाई गई। शाम के समय मोहल्ले की गलियों में फॉगिंग भी कराई गई। अभियान का उद्देश्य बीमारियों को फैलने से रोकना और स्वच्छ वातावरण बनाना है।

### राधारानी की निकलेगी भव्य डोली यात्रा

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** हरियाली तीज पर इस वर्ष भी श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर ट्रस्ट द्वारा भव्य डोली यात्रा व हिंडोला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। डोली यात्रा रविवार प्रातः 11 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पोनी रोड होते हुए श्रीनगर स्थित श्री श्याम मंदिर तक जाएगी और फिर वापस मंदिर लौटेगी। कार्यक्रम की शुरुआत 26 जुलाई शनिवार को सायं 4 बजे मेहंदी उत्सव (सिंधारा) से होगी। 28 जुलाई को हिंडोला उत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन शाम 6 बजे होगा। इसमें प्रसिद्ध भजन गायकों विष्णु मिश्रा, सुनील स्नेही, काजल अवस्थी व अमन बाजपेई अपनी प्रस्तुति देंगे।

### नए गोदाम निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**उन्नाव :** सिकन्दरपुर सरोसी विकासखंड परिसर स्थित बी-पैक्स सिकन्दरपुर सरोसी व सरोसी पतारी के 100 एमटी नये गोदाम के नए भवन निर्माण के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि योजनाओं का हर ग्रामीण को लाभ मिल रहा है। अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि सहकारिता से किसानों को लाभ मिले इसके लिए विधानसभा क्षेत्र में दो नई बी-पैक्स रउतापुर व पूरा निस्फ पंसारी में भी शीघ्र निर्माण होगा। यहां बी-पैक्स सिकन्दरपुर सरोसी अध्यक्ष सुनीता त्रिवेदी, सचिव अनित कुमार व बी-पैक्स सरोसी पतारी अध्यक्ष जगवीर सिंह, सचिव आशुतोष कुमार, जिला पंचायत संतोष त्रिवेदी रहे।

### पुलिस ने 5 महिलाओं को दबोचा

**नवाबगंज उन्नाव :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जैतीपुर सहित अन्य मार्गों पर बीते कई दिनों से 5 महिलाओं को वाहनों से जबरन धन उगाही के मामले में दबोचा गया है। पकड़ी गईं महिलाएं में चंची वारो पत्नी आकाश, काजल व पत्नी भोन्तू, सपना पत्नी श्याम वारो, सुशबू वारो पत्नी कमल व रीना वारो पत्नी विनोद हैं। जो गुजरात प्रांत के अहमदाबाद जिला के बटवा थानाक्षेत्र के चारमाले गांव की निवासी हैं। पुलिस के द्वारा उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है।

# सड़क पर घूम रहे गोवंश बन रहे हादसों का सबब

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचारः** कस्बा सफीपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बेसहारा गोवंशों की सड़कों पर बढ़ती संख्या लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। मुख्य मार्गों, राजमार्गों व गलियों में दिनरात घूमते गोवंश हादसों का कारण बन रहे हैं। खासकर रात में इनकी वजह से दुर्घटना का खतरा और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि वाहन चालकों को इन्हें देखकर अचानक ब्रेक लगाने या मुड़ने का समय नहीं मिल पाता।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे की मुख्य सड़क हो या ग्रामीण क्षेत्र की पगडंडी, हर जगह गोवंशों का जमावड़ा आम हो गया है। इससे आवागमन बाधित होता है और कई बार जाम की स्थिति भी उत्पन्न होती है। वाहन चालकों, खासकर दोपहिया वाहन सवारों के लिए यह



सफीपुर क्षेत्र में सड़क पर घूमता गोवंशियों का झुंड। अमृत विचार

- ग्रामीणों ने गोवंशियों को संरक्षित करवाने की उठाई मांग

स्थिति जानलेवा बनती जा रही है। गौरतलब है कि सरकार प्रति वर्ष करोड़ों रुपये गौशालाओं के संचालन पर खर्च करती है ताकि बेसहारा गोवंशों को सुरक्षित आश्रय दिया जा सके। बावजूद इसके सड़कों पर गोवंशों की बढ़ती संख्या यह सवाल खड़ा करती है कि आखिर इतने बजट के बाद भी ये जानवर सड़कों पर क्यों भटक रहे हैं। लोगों ने कहा कि गौशालाओं में भी व्यवस्थाएं बदहाल हैं। समय पर चारा-पानी न मिलने और देखरेख की कमी से गोवंश कुपोषित हो रहे हैं। दुर्घटनाओं में न सिर्फ वाहन चालकों को जान-माल का खतरा बढ़ रहा है बल्कि गोवंशों की भी मौत हो रही है। इसके अलावा, सरकारी संपत्ति जैसे सड़क और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। लोगों ने मांग की कि प्रशासन सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में भेजे। सरकार को चाहिए कि वह गोवंश के प्रति संवेदनशीलता लाने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाए और जो लोग जानकर गोवंशों को सड़क पर छोड़ देते हैं उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाए। तभी सड़कें सुरक्षित व गोवंश संरक्षित रह सकेंगे। खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि अगर किसी गांव में गौवंश खुले में घूमता पाया जाएगा तो जांच कराकर संबंधित सचिव पर कार्यवाही की जाएगी। सभी सचिव को पत्र जारी कर छुट्टा घूम रहे गौवंश को गौशाला में संरक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिला के झोले से 20 हजार पार

**नवाबगंज उन्नावः** कुसुम्भी निवासी रानी (55) पत्नी शिव बहादुर अपने खाते से 20 हजार रुपये निकालने बैंक आफ इंडिया आई थी। करीब 2 बजे वह रुपये निकालकर ई-रिक्शा से वापस गांव पहुंची और जैसे ही रिक्शा से उतरी तो उसके झोले से सिक्के गिरने लगे। यह देख ई-रिक्शा चालक ने पैसे गिरने की बात बताई। महिला ने झोला देखा तो वह कटा था और उसमें रखे 20 हजार रुपये गायब थे। महिला उसी रिक्शा से वापस आई और जानकारी बैंक मैनेजर को दी। तभी उसका लड़का जितेंद्र भी आ गया। सीसीटीवी कैमरे में दिखा कि महिला के साथ दो युवतियां लगातार चल रही हैं। महिला ने बताया कि उनके साथ लड़कियां ई-रिक्शा पर बैठी थीं और कुसुम्भी रोड पर उतर गई थीं। इस पर उसने जानकारी पुलिस को दी। चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे ने बताया कि शिकायत मिली है। सीसीटीवी से युवतियों की पहचान की जा रही है।

# डीआईओएस ने तीन इंटर कॉलेजों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- नामांकन बढ़ाने व छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने गुरुवार को 3 इंटर कॉलेजों का निरीक्षण किया। इस समय एक विद्यालय में केवल 22 छात्र उपस्थित थे और प्रार्थना हो रही थी। उसी समय दो शिक्षक व एक लिपिक पहुंचे। इसके बाद 217 छात्र उपस्थित हो गए।

जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ जीआईसी प्रिंसिपल परमात्मा शरण सुबह 7ः45 बजे एसएबी इंटर कॉलेज अचलगंज पहुंचे तो वहां प्रार्थना हो रही थी। जिसमें 22 छात्र उपस्थित थे। प्रार्थना के दौरान ही शिक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, राजू त्रिपाठी व लिपिक धर्मेंद्र पहुंचे। इस दौरान 556 पंजीकृत छात्रों में 270 छात्र पहुंच गए। प्रधानाचार्य ने बताया कि 651 छात्र पंजीकृत हैं। इसके बाद वे सुबह 9 बजे आरकेडी इंटर कॉलेज भुभुवार पहुंचे तो वहां 1279 में 1010 छात्र उपस्थित मिले। एक शिक्षक विमलेश शुक्ला छुट्टी पर थे। शेष स्टाफ उपस्थित मिला। यहां बीते वर्ष 1459 छात्र पंजीकृत थे। फिर 10ः27 बजे राजकीय हाई स्कूल कुलुहा गाड़ा पहुंचे। जहां 57 में 36 छात्र उपस्थित मिले। यहां बीते साल 65 छात्र संख्या थी। जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने विद्यालय में कम संख्या मिलने पर नामांकन बढ़ाने व छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# एसपी ने आरटीसी प्रशिक्षु सम्मेलन में रिक्रूटों का जाना हाल



रिक्रूटों से वार्ता करते एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** पुलिस लाइन के आरटीसी (रिजर्व ट्रेनिंग सेंटर) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का सम्मेलन गुरुवार को पुलिस लाइन में हुआ। जहां एसपी ने रिक्रूटों को अहम जानकारियां देने के साथ उनको मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर पुलिस लाइन में आरटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों, आईटीआई व पीटीआई का सम्मलेन किया गया। एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता व आवासीय व्यवस्था के साथ मेस, भोजन, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में जाना। इस दौरान एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ लाइन प्रदीप मौर्य व आरआई रहे।

### फटी वॉटर लाइन 5 दिन बाद दुरुस्त

**शुक्लागंज (उन्नाव):** आनंद नगर की मुख्य गली में रविवार को फटी भूमिगत वॉटर लाइन को गुरुवार को दुरुस्त कर दिया गया। पाइप फटने से जलापूर्ति के समय हजारों लीटर पानी सड़क पर बह रहा था, जिससे जलभराव और कीचड़ की समस्या ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। गली में चल रहे निर्माण कार्य के बीच पानी जमा होने से राहगीरों और निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने जलकल प्रभारी पंकज को इसकी सूचना दी, लेकिन शुरुआत में इसे अमृत योजना की पाइप लाइन मानते हुए मामला जल निगम एई अमित कुमार के संज्ञान में लाया गया। बुधवार को जल निगम के ठेकेदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें यह पाइप लाइन पालिका की निकली। इसके बाद गुरुवार को जलकल विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक कराया है।

# नेपाल के शंकर थापा ने दंगल में जीते दो मुकाबले



दंगल में दांवपेच दिखाते पहलवान। अमृत विचार

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

## कुश्ती का आयोजन

- पहलवानों ने प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचारः** विकासखंड क्षेत्र के हुलासी कुआं स्थित मैदान में नशामुक्ति अभियान के तहत राष्ट्रीय एकता द्वारा विशाल दंगल आयोजित हुआ। इसमें देशभर से आए पहलवानों ने कुश्ती का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

दंगल का उद्घाटन समाजसेवी सूर्यकांत पासी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में प्रधान संघ के अध्यक्ष रंजीत यादव, अमित भादव (शाहपुर), बबलू बादल (महमूदपुर), सुरेंद्र यादव (दूहरी), जश करन (रज्जाकपुर), प्रताप माल (कप्पुर चंदेला), गजेंद्र भादव (निहालपुर), जाने आलम (मुस्तफाबाद), हुकुम (नौबतपुर), दिनेश (लिलौरी), प्रशांत (ओसिया), राजेश (मऊ मंसूरपुर) व धमेन्द्र आदि उपस्थित रहे। दंगल में नेपाल से आए शंकर थापा ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने लगातार दो मुकाबले जीते। हालांकि, एक रोमांचक मुकाबले में उन्हें राजस्थान के जल्लब सिंह से शिकस्त भी दी।

कुश्ती की प्रतियोगिता में देश के अन्य नामी पहलवानों में हिमाचल प्रदेश के बाबा पहलवान, राजस्थान के जल्लब सिंह, शेरे पंजाब खिताबधारी बिल्ला पहलवान, हरिद्वार के टाइगर पतंजलि ग्रुप के शास्त्री पहलवान, गोरखपुर रेलवे अखाड़े के टाइगर मुन्ना पहलवान, अयोध्या के बाबा गौरी शंकर दास, आगरा के शिवमोहन, मेरठ के बॉबी मिश्रा, उन्नाव के बालचंद्र, चंद्रराम तिवारी व मनीष पांडेय ने भी अपने दांवपेंच दिखाकर खूब तालियां बटोरीं। दंगल के माध्यम से आयोजकों ने एक ओर जहां कुश्ती को बढ़ावा दिया वहीं नशामुक्ति जैसे गंभीर सामाजिक संदेश को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया।



शास्त्री क्लब को हराने के बाद विजयी मुद्रा में बैठी पीकेसी की टीम। अमृत विचार

**रोमांचक मुकाबले में पीकेसी ने शास्त्री क्लब को 11 रन से हराया, शुक्लागंज (उन्नाव):** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत गुरुवार को प्रतियोगिता का पांचवां मैच राजधानी मार्ग स्थित सप्रू क्रिकेट स्टेडियम में शास्त्री क्लब और पीकेसी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पीकेसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान प्रांजुल तिवारी की शानदार 84 रनों की पारी के बदौलत 29 ओवर में 159 रन बनाए। आयुष ने 19 रनों का योगदान दिया।

शास्त्री क्लब की ओर से लवलेश ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि अभिनव, कृष्णा, अर्जुन पलई और सुयश ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शास्त्री क्लब की टीम 30 ओवर में 8 विकेट पर 148 रन ही बना सकी। टीम के लिए सुयश सिंह ने 47, शिवम वर्मा ने 29 और आर्यन ने 26 रन बनाए। पीकेसी की ओर से कृष्णा सोनी, अनिमेष सैनी, आयुष और प्रद्युम्न ने 2-2 विकेट लेकर टीम को 11 रन से जीत दिलाई। मैच के बाद प्रांजुल तिवारी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता के मौके पर ओम मिश्रा, शाकिर हुसैन, अजीत व सुनील मिश्रा मौजूद रहे। प्रतियोगिता का अंतिम लीग मैच 26 जुलाई को आइडियल क्लब और इंटरनेशनल क्लब के बीच खेला जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने इसकी जानकारी दी।

# गंगा में मगरमच्छ की आशंका पर वन विभाग ने की जांच, नहीं मिला सुराग

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** बीते बुधवार को गंगा नदी में एक अज्ञात जलजीव के मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे लेकर स्थानीय लोग उसे मगरमच्छ बता रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। मामले की जानकारी मिलने पर गुरुवार को उन्नाव की डीएफओ आरुषि के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वन रक्षक नीलू यादव, प्यारेलाल तिवारी और वन दरोगा सुरेश चंद्र ने नवीन गंगापुल से लेकर मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट तक गंगा के किनारे गश्त की और संभावित मगरमच्छ की मौजूदगी का पता लगाने का प्रयास किया। टीम ने आसपास के क्षेत्रीय लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन किसी ने स्पष्ट रूप से मगरमच्छ या उसके जैसे किसी जलजीव को देखने की पुष्टि नहीं की। वन रक्षक नीलू यादव ने बताया कि फिलहाल मगरमच्छ जैसी किसी गतिविधि के प्रमाण नहीं मिले हैं, फिर भी निगरानी बढ़ा दी गई है।

चल रहीं तैयारियां | 26 जुलाई को नवाबगंज स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी नवाबगंज में प्रस्तावित है सीएम का कार्यक्रम

# सीएम के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचेंगे छात्र, शिक्षक और प्रधानाचार्य

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** सीएम योगी आदित्यनाथ का 26 जुलाई को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी नवाबगंज में एक कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसमें शैक्षणिक कैरियर उन्नयन कार्यशाला भी आयोजित होगी। इसके लिये डीआईओएस सुनील दत्त ने जिले के राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं व शिक्षक भी प्रतिभाग करेंगे। डीआईओएस ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी को अनिवार्य रूप से पहुंचना है। साथ ही न पहुंचने पर संबंधित प्रधानाचार्य के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

डीआईओएस ने कहा कि जीजीआईसी नवाबगंज से 90 छात्राएं व 9 शिक्षिकाएं, श्यामलाल इंटर कालेज नवाबगंज से 200 छात्र व 20 शिक्षक, जीआईसी चमरौली से 110 छात्र व 11 शिक्षक, रेम्स इंटर कालेज नवाबगंज से 100 छात्र व 10 शिक्षक, एबीसी इंटर कालेज नवाबगंज से 100 छात्र व 10 शिक्षक, ज्ञानोदय इंटर कालेज नवाबगंज, आर्यावर्त इंटर कालेज नवाबगंज, चन्द्रशेखर आजाद इंटर कालेज रसूलपुर से 750 छात्र-छात्राएं व 75 शिक्षक पहुंचेंगे। उन्होंने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आदेश दिये कि विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ निर्धारित संख्या के अनुसार छात्र-छात्राओं को पूर्ण सुरक्षा व देखभाल के साथ चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में विद्यालय की ड्रेस में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग कराएं। इसमें शिथिलता न बरती जाय। आदेश की अवहेलना होने पर संबंधित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं (विद्यालय संचालन हेतु 1-1 शिक्षक को छोड़कर) अनिवार्य रूप से कार्यक्रम में पहुंचेंगे। कार्यक्रम के आयोजन के लिये परमात्मा शरण प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज उन्नाव को नोडल व कमलेश कुमार प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल अरेरकला उन्नाव को सहायक नोडल नामित किया गया है।

### जिलाधिकारी व एसपी ने देखी सीएम के कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं

**उन्नाव, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के 26 जुलाई को प्रस्तावित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर ने कार्यक्रम स्थल पहुचंकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के मीटिंग हाल में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान डीएम ने स्टेज, हेलीपैड, सेफ हाउस, वीआईपी गैलरी, बैरिकेडिंग, पार्किंग व सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखा और मुख्य बिंदुओं पर जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को समय रहते व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील गोंड, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एएसपी अखिलेश सिंह, एसडीएम हसनगंज प्रज्ञा पांडेय आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी, एसपी व अन्य।

**शहीद भगत सिंह लॉ कॉलेज/ विधि महाविद्यालय**
पेशवा नगर, बिठूर, कानपुर नगर उ0प्र0

**आवश्यकता है**

बी0ए0, एलएल0बी0 पाठ्यक्रम में सहा0 आचार्य हेतु :16 पद
(08 सहा0 आचार्य – विधि विषय एवं 02 सहा0 आचार्य – अंग्रेजी विषय, 02 सहा0 आचार्य – समाजशास्त्र विषय, 02 सहा0 आचार्य – अर्थशास्त्र विषय व 02 सहा0 आचार्य – राजनीति विज्ञान विषय)

योग्यता एवं अर्हता : बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली एवं छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर नगर के नियमानुसार।

नोट : इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन/साक्षात्कार हेतु महाविद्यालय आकर अथवा मो0नं0– 9839232311 पर सम्पर्क कर सकते हैं।



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।"

## अहम कूटनीतिक दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव यात्रा अहम कूटनीतिक दौरा होने के साथ हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में सशक्त कदम है। पड़ोसी देश मालदीव और भारत की दोस्ती दक्षिण एशिया की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियों में गिनी जाती रही है। लेकिन बीते दो वर्षों में मालदीव के साथ भारत के रिश्तों में खटास आ गई थी। मालदीव का चीन की तरफ झुकाव काफी बढ़ गया था। ऐसे में बिगड़े रिश्तों के बीच प्रधानमंत्री मोदी का मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करना बाजी पलटने वाला मिशन साबित हो सकता है। दरअसल, साल 2023 में 'इंडिया आउट' अभियान चलाकर मालदीव के राष्ट्रपति बनने के बाद वहां मौजूद भारतीय सैनिकों को देश छोड़ने का आदेश देने और चीन का गुणगान गाने वाले मोहम्मद मुइज्जू अगर अब प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत करने को आतुर हैं, तो इसे हाल में पाकिस्तान को परास्त करने वाले ऑपरेशन सिंदूर के बाद कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की बड़ी सफलता माना जा रहा है। भारत पहले ही 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत मालदीव को विशेष प्राथमिकता देता रहा है। मालदीव के साथ भारत के संबंध न सिर्फ ऐतिहासिक है, बल्कि मौजूदा वैश्विक भू-राजनीति के संदर्भ में और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गए हैं। हाल के वर्षो में भारत ने मालदीव में सड़कों, पुलों और आवास परियोजनाओं में बड़ा निवेश भी किया है। ऐसे में मोदी की यह यात्रा इन परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करने के साथ नई योजनाओं की शुरुआत का बड़ा अवसर होने के साथ इस बात का स्पष्ट संदेश देगी कि भारत अपने पड़ोसियों की कभी अनदेखी नहीं करता है और उनकी प्रगति में सहभागी बनकर क्षेत्रीय स्थिरता को सुनिश्चित करता है। प्रधानमंत्री का मालदीव दौरा रक्षा सहयोग, नौसैनिक अभ्यास, समुद्री निगरानी, पर्यटन और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ठोस संवाद और समझौते का आधार बन सकता है। भारत पहले ही मालदीव को कोस्टल सर्विलांस रडार सिस्टम में जोड़ता रहा है, जिससे हिंद महासागर में भारत की निगरानी शक्ति सुदृढ़ होती रही है। इस सबके बीच वर्तमान वैश्विक घटनाक्रमों के चलते एशिया और अफ्रीका को जोड़ने वाले समुद्री मार्ग के मध्य में स्थित होने से मालदीव महाशक्तियों की रणनीतिक स्पर्धा के केंद्र में आ गया है। चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति के तहत हिंद महासागर में बढ़ती उपस्थिति भारत के लिए पहले ही चुनौती बनी हुई है। ऐसे में यह जरूरी हो गया था कि मालदीव जैसे पारंपरिक मित्र के साथ विश्वास और साझेदारी को नए सिरे से परिभाषित किया जाए। मालदीव के साथ मजबूत रिश्ते भारत को श्रीलंका और अन्य छोटे द्वीपीय देशों के साथ मामरिक नेटवर्क बेहतर बनाने में भी मदद करेंगे। इन नई परिस्थितियों में मालदीव की लहरों पर भारत की नए सिरे से सवारी को एक नए युग की शुरुआत के साथ कई बड़े बदलावों और प्रभावों की नींव रखने वाला कहा जा सकता है।

### प्रसंगवश

## क्रिप्टो की उड़ान और भरोसे की गिरावट



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

भारत में डिजिटल वित्तीय क्रांति ने निवेश की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। क्रिप्टोकरेंसी अब सिर्फ़ तकनीकी नवाचार नहीं रही, यह एक जीवंत, जोखिमपूर्ण और आकर्षक निवेश का साधन बन चुकी है, जिसमें लाखों भारतीयों ने अपनी मेहनत की कमाई लगाई है। लेकिन इस तेजी से बढ़ते डिजिटल बाजार के पीछे एक सच्चाई ऐसी है, जिसे नज़रअंदाज़ करना अब संभव नहीं रहा-हमारी सुरक्षा व्यवस्था और कानूनी तैयारी, इस तकनीकी रफ्तार के मुकाबले पीछे छूट रही है। हाल ही में क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्स पर हुआ साइबर हमला और उससे एक साल पहले वज़ीरएक्स पर हुआ करोड़ों डॉलर का नुकसान, इस असंतुलन के सबसे जीवंत उदाहरण हैं। 19 जुलाई 2025 को कॉइनडीसीएक्स के एक आंतरिक खाते से 368 करोड़ की डिजिटल संपत्ति चोरी हो गई। हालांकि कॉइनडीसीएक्स ने साफ़ किया कि किसी भी ग्राहक की निधि इस हमले से प्रभावित नहीं हुई है, क्योंकि सभी उपभोक्ता फंड कोल्ड वॉलेट्स में सुरक्षित रखे गए थे। यह साइबर हमला एक्सचेंज के उस वॉलेट पर हुआ, जिसका इस्तेमाल बाजार में लिक्विडिटी बनाए रखने के लिए किया जाता था। कंपनी ने चोरी की गई संपत्ति की वापसी के लिए अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर एक संगठित प्रयास शुरू किया और साथ ही उसने $11 मिलियन तक का बाउंटी प्रोग्राम घोषित किया-एक ऐसा कदम जो दर्शाता है कि यदि निजी संस्थाएं ज़िम्मेदारी और इच्छाशक्ति से काम लें, तो संकट के समय भी जनता का भरोसा बनाए रखा जा सकता है।

कॉइनडीसीएक्स का यह सक्रिय और पारदर्शी रवैया उसकी परिपक्वता का संकेत है। लेकिन इसके साथ ही यह प्रश्न भी ज़ोर से उभरता है कि क्या सभी क्रिप्टो कंपनियां इतनी ज़िम्मेदारी निभा सकती हैं? और अगर नहीं, तो क्या हमारे पास ऐसा कोई कानूनी ढांचा मौजूद है जो निवेशकों को साइबर हमलों से सुरक्षा या हानि की भरपाई की गारंटी देता हो? इस सवाल का उत्तर हमें वज़ीरएक्स की घटना में मिलता है-एक साल पहले जुलाई 2024 में। वज़ीरएक्स पर हुए साइबर हमले में $230 मिलियन (लगभग 1,900 करोड़) की क्रिप्टो संपत्ति हैक हो गई थी। लेकिन इस हमले के बाद कंपनी की ओर से जो प्रतिक्रिया सामने आई, उसने लाखों निवेशकों को असमंजस, चिंता और असुरक्षा में धकेल दिया। सबसे पहले तो इस घटना की सूचना देने में देरी हुई, फिर उपयोगकर्ताओं के फंड लॉक कर दिए गए, और उसके बाद शुरू हुआ कानूनी दांवपेंचों का लंबा सिलसिला-वह भी भारत में नहीं, सिंगापुर की अदालतों में। इस निर्णय ने भारतीय निवेशकों को चकित कर दिया, क्योंकि उन्हें लगा कि उनका मामला अब एक ऐसे मंच पर पहुंच गया है जहां उनकी पहुंच, प्रभाव और अधिकार सीमित हैं। वज़ीरएक्स ने कहा कि वह संरचनात्मक पुनर्गठन के ज़रिए फंड लौटाने के लिए प्रतिबद्ध है, और इस योजना पर 93.1 प्रतिशत लेनदारों ने वोट भी दिया था। लेकिन अदालत ने पहले इसे नामंज़ूर कर दिया, और अब एक संशोधित योजना पर दोबारा वोटिंग होनी है। कंपनी का कहना है कि कुछ हफ्तों में वितरण शुरू हो जाएगा। पर जो बात साल भर बाद भी नहीं बदली, वह है भारतीय निवेशकों की अनिश्चितता। उनकी संपत्ति अब भी अटकी है, और सरकार की ओर से कोई निर्णायक हस्तक्षेप अब तक नहीं आया है। इन दोनों घटनाओं को एक साथ देखने पर भारत की क्रिप्टो दुनिया की एक विडंबनात्मक तस्वीर सामने आती है। एक ओर कॉइनडीसीएक्स जैसी कंपनी है, जो संकट के समय अपनी जवाबदेही निभाने को तैयार दिखती है, तो दूसरी ओर वज़ीरएक्स जैसे मामले हैं जहां निवेशक एक साल बाद भी अदालत के फैसलों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। और इन दोनों के बीच जो चीज़ अनुपस्थित है, वह है सरकार की ओर से ठोस कानूनी पहल। भारत को अब यह तय करना होगा कि वह इस तेजी से बदलती डिजिटल अर्थव्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाना चाहता है या सिर्फ़ दर्शक बना रहना चाहता है। इसलिए अब ज़रूरत किसी आदर्शवाद की नहीं, व्यावहारिक और तत्काल कदम उठाने की है। जो देश इस क्षेत्र में भरोसे और सुरक्षा की बुनियाद तैयार करेंगे, वही डिजिटल अर्थव्यवस्था के भविष्य में नेतृत्व की भूमिका निभा सकेंगे।

## संसद में न हो सड़क जैसा व्यवहार





सुनील कुमार महला
स्तंभकार

> संसद के प्रति हर देशवासी अथाह सम्मान रखता है और यह उम्मीद करता है कि संसद के सत्र में चलने वाली चर्चाएं और मुद्दे सार्थक होंगे, जिससे समाज और देश आगे बढ़ सकेगा, लेकिन संसद में ठीक उलट हो रहा है।

मॉनसून नवीनता और नवसृजन का प्रतीक है और वर्तमान में संसद का मानसून सत्र चल रहा है, जो 21 जुलाई 2025 से शुरू हुआ था, लेकिन यह बहुत ही दुखद है कि लोकतंत्र का मंदिर कहलवाने वाली संसद में बेवजह बात-बात पर हंगामा खड़ा किया जा रहा है। संसद के प्रति हर देशवासी अथाह सम्मान रखता है और यह उम्मीद करता है कि संसद के सत्र में चलने वाली चर्चाएं और मुद्दे सार्थक होंगे, जिससे समाज और देश आगे बढ़ सकेगा, लेकिन संसद में ठीक उलट हो रहा है। मुख्य मुद्दे और चर्चाएं ग़ायब हैं और ऐसे मुद्दों पर परिचर्चाएं हो रहीं हैं, जिनका कोई मतलब और औचित्य नजर नहीं आता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि संसद सत्रों के दौरान अनेक बार देखा गया है कि मुद्दे से ज्यादा हंगामे को महत्व दिया जाता है और ऐसा ही कुछ संसद के मानसून सत्र के दौरान भी देखने को मिल रहा है।

लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण 23 जुलाई बुधवार को लगातार तीसरे दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई। दरअसल, विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में वोटर लिस्ट के लिए किए जा रहे 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (एसआईआर) और अन्य मुद्दों को लेकर सदन में हंगामा किया, जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद दो बार स्थगन के साथ दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

यहां जानकारी देना चाहूंगा कि बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही निर्वाचन आयोग 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' यानी कि एसआईआर करवा रहा है। इस संबंध में आयोग का यह कहना है कि कानून व संविधान के तहत उसे यह अधिकार प्राप्त है कि वह नागरिकता से जुड़े दस्तावेज मांग सकता है, ताकि नागरिकों को उचित मताधिकार मिल सके। इधर, विपक्ष यह आरोप लगा रहा है कि आयोग से एसआईआर की आड़ में नागरिकता (सिटिजनशिप) की जांच कर रहा है।

यहां बताता चलूं कि सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले में यह स्पष्ट कर चुका है कि मताधिकार केवल संवैधानिक अधिकार है, मौलिक अधिकार नहीं। मगर भारतीय नागरिक होने के बावजूद उसे विभिन्न शर्तें पूरी करनी होती है, और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने होते हैं। विपक्ष का यह आरोप है कि गणना फार्म में मांगे गए दस्तावेज में आधार, मतदाता-पत्र व राशन कार्ड का न शामिल होना कहीं न कहीं संदेह पैदा करता है।

चूंकि सरकार 'आधार' को केवल पहचान-पत्र मान रही है, इसलिए यह संशय उठा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि जल्द ही आयोग इसमें सुधार कर ले तो, शायद विपक्ष के इन आरोपों-प्रत्यारोपों से बचा जा सकता है। बहरहाल, जरूरत इस बात की है कि आयोग अपनी छवि, गरिमा और स्वायत्तता का ख्याल रखे।

बहरहाल, संसद के मानसून सत्र में विपक्षी दलों के हंगामे के बीच ही खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक 2025 सदन में पेश किए। दुःखद है कि लोकसभा में विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। इतना ही नहीं, उन्होंने काले कपड़े भी लहराए। विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भड़क गए और उन्होंने विपक्षी सांसदों को चेतावनी देते हुए यह कहा कि 'आप सड़क का व्यवहार संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है।' उन्होंने यह भी कहा कि 'सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी।' कितनी बड़ी बात है कि लोकसभा स्पीकर के इस कथन का विपक्षी सांसदों पर कोई असर दिखाई नहीं दिया। इधर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि- 'सरकार कहती है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प इसे बंद कराने का दावा कर चुके हैं।' हाल फिलहाल, मीडिया के हवाले से यह खबरें आईं हैं कि सरकार 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा को तैयार है और इसके लिए लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी।

बहरहाल, यह अच्छी बात है कि सरकार 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सार्थक चर्चा के लिए तैयार है। ऐसे में विपक्षी दलों के नेताओं का भी यह कर्तव्य व जिम्मेदारी बनती है कि वे सार्थक, संयमित चर्चा को अंजाम दें। आज देश में अनेक मुद्दे मौजूद हैं, जिन पर संसद में सार्थक चर्चाएं होनी चाहिए, व उन मुद्दों के समाधान के लिए यथेष्ठ प्रयासों को बल मिलना चाहिए, लेकिन दुःख इस बात है कि ऐसा होता नहीं है और हर बार सत्र हंगामे की भेंट चढ़ जाते हैं, वास्तव में संसद सही ढंग से चलनी चाहिए, ताकि हम हमारे देश को प्रगति व उन्नयन के पथ की ओर अग्रसर कर सकें। पक्ष-विपक्ष दोनों को ही यह चाहिए कि दोनों ही पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता से देश व समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए माहौल बनाने के लिए आगे आएं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि संसद के सत्र के संबंध में हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 85 में प्रावधान किया गया है और संसद के किसी सत्र को बुलाने की शक्ति सरकार के पास है। इस पर निर्णय संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिया जाता है जिसे राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप दिया जाता है। संसद चलती है तो बहुत पैसा खर्च होता है, चर्चाएं मुद्दों पर होनी चाहिए, अनर्गल, असार्थक बहस का कोई औचित्य नहीं होता। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह चाहिए कि वे लोकतंत्र के पावन व पवित्र मंदिर में अपने आचरण और व्यवहार पर ध्यान दें। सच तो यह है कि संसद हो या व्यावहारिक जीवन, हर कहीं पर अनुशासन और शिष्टाचार बहुत ही जरूरी और आवश्यक है।

### आमने सामने



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, "यह स्वाभाविक है कि महाराष्ट्र में मराठी भाषा बोलने का अनुरोध किया जाएगा। यह गलत नहीं है। लेकिन भाषा को लेकर कोई भी विवाद या भाषा को लेकर किसी के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब भी ऐसी कोई घटना हुई है, हमने सख्त कार्रवाई की है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, "हम सभी अपनी मातृभाषा बोलते हैं। बच्चे सबसे पहले अपनी मातृभाषा में "मां" बोलते हैं। हालांकि, बंगाली भाषा को लेकर भाषा युद्ध की घोषणा कर दी गई है। एक और भाषा आंदोलन से सभी में जागरूकता बढ़नी चाहिए। कई जगहों पर बंगाली बोलने पर लोगों को प्रताड़ित किया जाता है। सिर्फ़ बंगाली बोलने पर लोगों को हिरासत में नहीं लिया जा सकता।



## विभाजनकारी राजनीति की फसल का सीजन



अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

> भयग्रस्त पानवाला यह सवाल नहीं पूछ सकता। उसे सबसे पहले किसी तरह अपनी जान बचानी है। वह जानता है कि सामने वृहन्नमुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव हैं जिसमें मराठी मानुष की अस्मिता को सबसे बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है।

कल्पना कीजिए मुंबई में यूपी के जौनपुर से गया एक आदमी अपनी पान की दुकान पर बैठा है। शिवसेना के उद्धव और राज ठाकरे गुटों के कार्यकर्ता आते हैं। उससे दुकान में रखे सभी सामानों के नाम मराठी में बताने के लिए कहते हैं। उसे सिर्फ भोजपुरी और हिंदी आती है। वे उसे पीटने लगते हैं। पानवाला चिल्लाता है, मराठी नहीं आती तो क्या हुआ हिंदू तो हूं, तुम लोग एक हिंदू को क्यों मार रहे हो? क्या कार्यकर्ता रूक जाएंगे और एक जागरूक हिंदी-हिंदू पानवाले को 'मार दिया जाए या छोड़ दिया जाए' का फैसला करने के लिए अपनी पार्टियों के नेताओं के पास लौट जाएंगे?

भयग्रस्त पानवाला यह सवाल नहीं पूछ सकता। उसे सबसे पहले किसी तरह अपनी जान बचानी है। वह जानता है कि सामने वृहन्नमुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव हैं जिसमें मराठी मानुष की अस्मिता को सबसे बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है। लेकिन सत्ताधारी भाजपा चाहती है कि पानवाला यह सवाल पूछे इसीलिए महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राने ने बयान दिया है कि दोनों प्रकार की शिवसेना और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियां क्यों नहीं मस्जिदों से मराठी में अजान देने और मदरसों में पढ़ाई का माध्यम उर्दू के बजाय मराठी करने की मांग कर रही हैं? यह विभाजन की राजनीति में तू डाल-डाल तो मैं पात-पात की स्थिति है। घृणा का निशाना हिंदी से हटाकर अजान पर कर देने से भाषा और मराठी अस्मिता का मुद्दा पीछे जाएगा और हर किस्म का हिंदू खुश होगा, उसके वोटबैंक को बंटने से रोकने वाला एक पक्का धार्मिक बाड़ा बनेगा।

जब तक उद्धव और राज ठाकरे इस चाल की कोई काट सोच रहे हैं आप एक और कल्पना कीजिए। सभी लोग अपने मोबाइल फोनों के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स (एआई) का इस्तेमाल करने अभ्यस्त हो गए हैं। एक बहुत सस्ती चिप बाजार में आ गई है जिसे लोग अपने दिमागों में फिट कराकर दुनिया की कोई भी भाषा समझने और बोलने लगे हैं। हर तरह का व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और सबसे बढ़कर प्रवासी मजदूरों की जिंदगी बहुत आसान हो गई है। मुंबई की एक मस्जिद में अजान देने की तैयारी कर रहे एक मुल्ला के पास भाजपा और एकनाथ शिंदे समेत शिवसेना के तीनों धड़ों के कार्यकर्ता जाते हैं और उससे मराठी में अजान देने के लिए कहते हैं। वह अपने फोन पर उंगलियां चलाता है और अरबी के बजाय मराठी में अजान देने लगता है। वह अजान के बाद पूछता है, अगर दुनिया की किसी और भाषा चाइनीज या रूसी या फ्रेंच में अजान देने की जरूरत हो तो बताएं, वह फौरन दे सकता है क्योंकि उसके सॉफ्टवेयर में तीन सौ पैंसठ भाषाओं का विकल्प है।

क्या लगता है, अजान देने वाला अपनी धार्मिक पहचान या अस्मिता से जुदा होने के लिए राजी हो जाएगा? अगर संकट की स्थिति में, जान बचाने के लिए कुछ देर के लिए हो भी जाए तो क्या हिंदुत्ववादी पार्टियों के कार्यकर्ताओं के चेहरों पर हवाईयां उड़ने लगेंगी? वे निरूत्तर हो जाएंगे? क्या टेक्नालॉजी के विकास से धर्म-भाषा-जाति की राजनीति की विभाजनकारी दीवारें इतनी आसानी से भरभराकर गिर जाएंगी और एक विज्ञान-तकनीक आधारित राजनीति का नया रास्ता खुल जाएगा? भारतीय राजनीति का देसी अनुभव कुछ और कहता है। ज्यादा संभावना है कि कार्यकर्ता उसके अशुद्ध मशीनी उच्चारण को मुद्दा बनाते हुए मराठी भाषा के अपमान और खुद उसके धर्म के ज्यादातर लोग इस्लाम की पवित्रता और आस्था से खिलवाड़ करने के आरोप लगाएंगे। जब तक यह विवाद चलेगा भाषा और धर्म की रक्षा के नाम पर वोटों के ध्रुवीकरण के नए आक्रामक उपाय सोचे जाएंगे।

कभी शिवसेना भाजपा से ज्यादा उग्र हिंदुत्व वाली पार्टी हुआ करती थी। याद आ सकता है कि बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद भाजपा अगर-मगर कर रही थी लेकिन शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे ने दावा किया था कि इस कारनामें को उनके कार्यकर्ताओं ने अंजाम दिया है। शिवसेना सत्ता के लिए सेकुलर पार्टियों के साथ जाकर कुछ नरम पड़ी और टूटी तो भाजपा आगे निकल गई। भाजपा ने भी सेकुलर पार्टियों का साथ लिया लेकिन अपनी हिंदू उग्रता को बनाए भी रखा। अब विधानसभा का रिहर्सल समझे जाने वाले महापालिका चुनावों को सामने पाकर उसके दो धड़े मराठी अस्मिता का मुद्दा लेकर आए हैं जबकि भाजपा को उग्र हिंदुत्व की ताकत पर ज्यादा यकीन है। इसकी बुनियाद में एक तथ्य है कि गरीब राज्यों से आजीविका की तलाश में तेज आवक से मुंबई का 28 प्रतिशत वोटर हिंदी भाषी हो चुका है। इस हिंसा के पीछे वोटों की राजनीति है कहने से भी कुछ नहीं होने वाला है। जनता उसकी कब की अभ्यस्त हो चुकी है। पानवाला और अजान देने वाला दोनों कार्यकर्ताओं के सामने एक और सवाल उठा सकते हैं कि आपको मराठी या हिंदी से क्या मतलब, आपके नेताओं के बच्चे तो अंग्रेजी मीडियम के मंहगे स्कूलों में पढ़ रहे हैं, खुद आप भी अपने बच्चों को थोड़ा सस्ते अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं या पढ़ाना चाहते हैं? लेकिन यह सवाल भी सिर्फ भय से नहीं एक और बड़े कारण से नहीं पूछा जाएगा। वह यह है कि खुद मुल्ला और पानवाला भी अपने बच्चों को अंग्रेजी सिखाना चाहते हैं ताकि वे आजीविका के अवसरों, ग्लोबल शक्ति और सभ्यता की दौड़ में पिछड़ न जाएं। आजादी के समय सोचा गया था कि शिक्षित होने के साथ धर्मिक जड़ता, जातिवाद, भाषा और क्षेत्रीयताओं के झगड़े खत्म हो जाएंगे लेकिन वे उल्टे बढ़ते गए। इसका कारण यह है कि जनता सिर्फ शिक्षा और आर्थिक बेहतरी से नहीं बदलती बल्कि उसका मानस राजनीतिक पार्टियां अपनी जरूरतों के हिसाब से संगठित अभियान चलाकर निर्मित करती और बिगाड़ती रहती हैं। थोड़ा-बहुत खून बहता है लेकिन यह फूट डालो और राज करो की राजनीति अंग्रेजों के समय से लेकर आज तक कम मेहनत, कम लागत और बहुत कम समय में बंपर फसल दे रही है।

### मंथन

## कौन अधिक आस्थावान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दिमाग़ की सिफ़त है, क़ुदरत की देन। कट्टरता और उदारता किसी मज़हब की संपत्ति नहीं, व्यक्ति के गुण हैं। वही सब पढ़-सुनकर कोई कट्टर हो सकता है, कोई उदार। कट्टर व्यक्ति अपने मज़हब की एकान्तिक बातों को गांठ बांध लेता है और उदार व्यक्ति समावेशी बातों को। कट्टर व्यक्ति को हमेशा यह एहसास बना रहता है कि उसने अन्तिम सत्य पा लिया है। उसके लिए दुनियावाले दो हिस्सों में बंट जाते हैं-वे जो उसके समानधर्मा हैं और वे जो इतरधर्मा हैं। दूसरे हिस्से के लोगों को वह गुमराह और बदतर इंसान मान लेता है। उसका अच्छे-बुरे का विवेक सिमटकर मज़हब में विलीन हो जाता है। रोज़-रोज़ के विपरीत अनुभव को भी वह दरकिनार कर देता है। इतिहास से चुन-चुन कर अपने मज़हब के अच्छे लोगों की अच्छाई याद कर लेता है और दूसरे मज़हब के बुरे लोगों की बुराई।

अपने-पराये का यह बोध अंततः नफ़रत और हिंसा की ओर ही ले जाता है। नफ़रत मनुष्य की सहजता, उसका चैन हर लेती है। घोर कट्टर व्यक्ति नफ़रत से निजात पाने के लिए तलवार तक उठा सकता है। किसी अनजान और निर्दोष व्यक्ति का, जिसने कभी उसका कोई ज़ाती नुक़सान नहीं किया, सर तक क़लम कर सकता है। मज़हबी होने के बावजूद वह भूल जाता है कि उसी ईश्वर/अल्लाह/गॉड ने इतर मज़हबवालों को भी बनाया है। उसकी मर्ज़ी के बिना तो पत्ता तक नहीं हिल सकता, तो दुनिया के इतने सारे लोगों का अस्तित्व (जिनमें स्वभाव से भले-बुरे दोनों शामिल हैं, जैसे उसके मज़हब में भले-बुरे दोनों शामिल हैं) कैसे क़ायम रह सकता है? तात्पर्य यह कि वस्तुतः उसे ईश्वर में विश्वास ही नहीं होता। उसे लगता है, दुनिया ईश्वर ने भले बनाई हो, उसका एक बड़ा हिस्सा ईश्वर के रास्ते पर चलने के बजाय उसके दुश्मन शैतान के रास्ते पर चल पड़ा है। और ईश्वर का इस पर कोई वश नहीं। यानी, ईश्वर शैतान के सामने कमज़ोर पड़ गया है। तो वह ईश्वर का हाथ मज़बूत करने, उसकी सहायता करने, यानी ईश्वर का ही काम करने निकल पड़ता है। ईश्वर को कमज़ोर मानकर ही कोई उसके काम में हाथ बंटाने, उसका काम अपने हाथ में लेने के लिए दौड़ सकता है।

यही हाल किसी विचारधारा, किसी व्यक्ति के कट्टर अनुयायियों का भी होता है। नफ़रत और बेचैनी कट्टरता के अनिवार्य लक्षण हैं। इसी को बुनियादपरस्ती भी कहते हैं। तो बुनियादपरस्ती मज़हब तक महदूद नहीं है। उदार व्यक्ति जैसे किसी मज़हब का अंध या कट्टर अनुयायी नहीं हो सकता वैसे ही किसी विचार, किसी अन्य व्यक्ति का भी अंध या कट्टर अनुयायी नहीं हो सकता। वह किसी अन्य को किसी मज़हब, किसी विचार, किसी व्यक्ति का अंध अनुयायी होने को प्रेरित भी नहीं कर सकता। अपना भी नहीं। उदारता की यही पहचान है। ईश्वर की बनाई दुनिया की विविधता का सम्मान। (पाखण्डियों की बात अलग है। वे जो लगते हैं, वह होते नहीं। वे अवसर देखकर रंग बदलने की कला में माहिर होते हैं। उनकी आस्था सिर्फ़ अपने हित-साधन में होती है।) सवाल है, कट्टर और उदार में अधिक आस्थावान कौन है? ईश्वर को ईश्वर के रूप में कौन ज़्यादा शिद्दत से मानता है।

### सोशल फोरम

## साक्षात्कार के उद्देश्य



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> साक्षात्कार के संबंध में सामान्यतः कहना जरूरी लग रहा है कि यह ज्ञान की जगह न होकर अब सर्कस बन रहा है। दर्शक यह देखकर मजा लेते हैं कि देखो अमुक ने अमुक को कैसा जमकर रगड़ा, अपनी ताल पर किस तरह नचाया या उसके व्यक्तिगत मामलों को सार्वजनिक कर दिया।

हिन्दी संसार को समझने के लिए भारतेंदु के 'अंधेर नगरी': नाटक के 'समर्पण' पृष्ठ की पंक्तियां काम की साबित हो सकती हैं। इसकी ओर सामान्यतः ध्यान नहीं गया है। आज संस्कृत के उस श्लोक का अर्थ जानना बहुत जरूरी है : 'जो चंदन, आम और चंपा के वन को काटकर कीकड़ के पेड़ों की रक्षा करता है, हंस और कोयल के प्रति हिंसक होकर काग लीला का मजा लेता है और जो कपूर और कपास को उनके श्वेत रंग के कारण एक जैसा समझता है-जहां के गुणी जन ऐसी समझ रखते हों उस स्थान को नमस्कार है!' क्या रक्षणीय है और क्या त्याज्य, क्या सुरुचि है और क्या विकृति तथा क्या खोकर क्या हासिल हो रहा है, जब इसका विवेक लेखक और बुद्धिजीवियों के समाज में ही विलुप्त होता जा रहा हो, तो चिंता होती है।

साक्षात्कार के संबंध में सामान्यतः कहना जरूरी लग रहा है कि यह ज्ञान की जगह न होकर अब सर्कस बन रहा है। दर्शक यह देखकर मजा लेते हैं कि देखो अमुक ने अमुक को कैसा जमकर रगड़ा, अपनी ताल पर किस तरह नचाया या उसके व्यक्तिगत मामलों को सार्वजनिक कर दिया। मैंने सोशल मीडिया पर साक्षात्कार लेने वाले की इस वीरता का वर्णन पढ़ा है। यह मुझे लोकतांत्रिक बोध के क्षय और सत्ता की विचारधारा से सहानुभूति रखने के चिह्न की तरह दिखता है। आज यह एक संक्रामक रोग है, इसलिए आश्चर्य नहीं होता। मैं यह कभी कहना नहीं चाहता था, पर आज बता रहा हूं कि मेरे सामने ऐसा प्रस्ताव आया तो मैंने स्पष्ट कहा कि ऐसे साक्षात्कार में मेरी कोई रुचि नहीं है। सचमुच मैंने ऐसा एक भी साक्षात्कार नहीं देखा है और नहीं लगता कि कुछ खोया है। हजार-पांच हजार लोगों को अच्छा लगता है तो वे देखें-सुनें, मजा दें-लें, उन्हें स्वतंत्रता है। मुझे भीड़ में नहीं बहना। इस मामले को मैं 'अंधेर नगरी' के उपर्युक्त समर्पण की तरह लेता हूं।

जब साक्षात्कार कर्ता यह न सोचकर कि कैसे लेखक के भीतर के छिपे सर्वोत्तम को बाहर निकाले और उसकी वैचारिक प्रेरणाओं का उद्घाटन करे, इसकी जगह जब वह केवल उसके भीतर के निकृष्टतम को बाहर करना चाहता है या वह कहलाना चाहता है जो साक्षात्कार कर्ता खुद सुनना चाहता है और खुद नायक बनना चाहता है तो जाहिर है कि यह अहंकार भरा कितना पूर्वग्रहग्रस्त साक्षात्कार हो सकता है। यह संवाद का आनंद नहीं है, विवाद का मजा है! एक लगभग अलेखक द्वारा लिए गए साक्षात्कार और एक लेखक द्वारा लिए गए साक्षात्कार में फर्क है। मुझे अज्ञेय के रघुवीर सहाय और रमेशचंद्र शाह के लिए साक्षात्कार की याद आ रही है। उस समय साक्षात्कार सामान्यतः लेखक को दिखा लिए जाते थे, ताकि वह आखिरी टच दे सके। रामविलास शर्मा से नामवर सिंह का साक्षात्कार है। वर्तमान दौर के प्रसिद्ध विदेशी लेखकों के साक्षात्कार भी हैं, उनसे भी कुछ सीखना चाहिए। ऐसे साक्षात्कारों का उद्देश्य साहित्यकार को अपनी ताल पर नचाना या लोगों की आंखों में उसे गिराना या उसे रगड़ना नहीं होता था। साक्षात्कार कर्ता के प्रश्न सबसे पहले उसके अपने साहित्यिक ज्ञान का खुलासा करते हैं।

-फेसबुक वॉल से


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## आत्मनिर्भरता व तकनीकी संप्रभुता फ्रांस के बाद भारत बना निर्माता

मराल एयरोस्पेस का दावा है कि आईआईटी कानपुर से पीएचडी डॉ. विजय शंकर द्विवेदी के नेतृत्व में विकसित उनका स्वदेशी सौर ऊर्जा आधारित ड्रोन भारत की सीमाओं और विविध भौगोलिक चुनौतियों पर निरंतर निगरानी रखने के लिए विदेशी प्रौद्योगिकी पर निर्भरता कम करके राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी संप्रभुता को मजबूत बनाता है। यह ड्रोन एक अग्रणी नवाचार है, जो देश की आत्मनिर्भरता और तकनीकी प्रगति को भी दर्शाता है। इस तरह का ड्रोन दुनिया में सिर्फ फ्रांस की एक्सन कंपनी बना रही है। आईआईटी कानपुर ने विभिन्न प्रकार के ड्रोन विकसित किए हैं जो राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक आवश्यकताओं दोनों को पूरा करते हैं। इसमें एआई-सक्षम 'आत्मघाती ड्रोन' शामिल हैं जो 100 किमी तक के लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं।

## एक्सीरॉन तकनीक ने बनाया अपने पेलोड वर्ग में अनूठा

अत्याधुनिक यूएवी तेजस-1 पूरी तरह सोलर ऊर्जा पर निर्भर रहने के लिए एक्सीरॉन तकनीक से लैस है। इस तकनीक से इसके पैनल हमेशा सूर्य की ओर रहेंगे और उसकी सबसे अधिक ऊर्जा ग्रहण करेंगे। इस विशेषता ने इसे अपने पेलोड वर्ग में दुनिया का सर्वाधिक समय तक उड़ने वाला सोलर यूएवी बना दिया है।

आईआईटी कानपुर का नवाचार सौर ऊर्जा से चलने वाला ड्रोन हवाई निगरानी में क्रांति लाने का भरोसा दिलाता है। सौर ऊर्जा से संचालित होने के कारण इसकी उड़ान का समय बढ़ जाता है। पांच किलोमीटर ऊंचाई तक उड़ने की क्षमता इसे निगरानी उद्देश्यों के लिए व्यापक हवाई कवरेज प्रदान करती है। हवाई निगरानी के साथ इसका उपयोग सीमा सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण निगरानी जैसे कामों के लिए किया जा सकता है। 10 से 12 घंटे तक लगातार तस्वीरें खींचने में सक्षम यह ड्रोन जमीन पर गतिविधियों की निगरानी में बेजोड़ दक्षता प्रदान करता है। यह उन्नत ड्रोन मध्यम ऊंचाई और लंबी दूरी के लिए डिजाइन किया गया है।

# उड़ने के लिए तैयार भारत का पहला सोलर ड्रोन



भारत का पहला सोलर अनमैंड एयर व्हीकल (यूएवी) तेजस-1 अब आसमान में उड़ान भरने और बाजार में उतरने के लिए तैयार है। इसका निर्माण आईआईटी कानपुर में स्थापित डीप टेक स्टार्टअप मराल एयरोस्पेस ने किया है। सौर-ऊर्जा संचालित इस स्वदेशी फिक्स्ड विंग ड्रोन को 12 घंटे से अधिक की असाधारण उड़ान के लिए डिजाइन किया गया है। यह क्षमता इसे खुफिया निगरानी और टोही मिशनों के लिए "आकाश में लंबी आंख" बनाती है, जो चौबीसों घंटे के मिशन, सीमा गश्त, लक्ष्य ट्रैकिंग के कारण सेना के लिए काफी कारगर साबित हो सकती है। इसके साथ ही यह ड्रोन समुद्री निगरानी, वैज्ञानिक अनुसंधान, खोज और बचाव, मानचित्रण, पर्यावरण संरक्षण और कृषि-तकनीक जैसे क्षेत्रों में भी इस्तेमाल के लिए अनूठा है। भारत के अलावा अभी फ्रांस ही इस तरह के ड्रोन बना रहा है।

मराल एयरोस्पेस के सीईओ विवेक कुमार पांडेय के अनुसार उनका सोलर यूएवी जिसे शुरू में मराल नाम दिया गया था, अब तेजस-1 नाम से अगले माह उपलब्ध हो जाएगा। यह ड्रोन देश की सीमाओं खासकर चीन और पाकिस्तान के साथ हिमालय के कठिन इलाकों में प्रभावी निगरानी करके आतंकी घुसपैठ और तस्करी जैसी गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम है। इसे मिसाइल लॉन्च या बड़ी दूरी पर बड़ी सैन्य गतिविधियों का पता लगाने के लिए सेंसर से लैस किया जा सकता है। यह ड्रोन दूरदराज या पहाड़ी क्षेत्रों में जहां पारंपरिक संचार बुनियादी ढांचे की कमी है या प्राकृतिक आपदा अथवा दुश्मन के हमले में संचार सुविधाएं नष्ट हो गई हैं, वहां हवाई संचार नोड्स के रूप में काम करके सैन्य बलों को विश्वसनीय संचार लिंक प्रदान कर सकता है। यह ड्रोन ग्राउंड स्टेशनों और उपग्रहों के बीच डेटा रिले का काम अंजाम दे सकते हैं, जिससे सीधे लिंक संभव न होने पर भी निर्बाध संचार सुनिश्चित हो जाता है। इसके अलावा बाढ़ या भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के बाद क्षति का विस्तृत आकलन प्रदान करने के साथ प्रभावित क्षेत्रों का मानचित्रण करके राहत और बचाव कार्यों में मदद कर सकते हैं। यहां तक कि मौसम की स्थिति की भविष्यवाणी करके सैन्य अभियानों की योजना बनाने में सहायक हो सकते हैं।

## 12 किलो वजन ... 12 घंटे से ज्यादा उड़ान, 200 किमी की दूरी

सोलर यूएवी का वजन 12 किलो है। यह 12 घंटे से ज्यादा उड़ान भरने के साथ सात किलो वजन लेकर उड़ सकता और 200 किमी तक दूरी तय कर सकता है। यह 5 किलोमीटर तक की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। यह ऊंचाई व्यापक हवाई कवरेज और अधिक गुप्त संचालन की अनुमति देती है। यह 3 किलोग्राम से अधिक का पेलोड ले जाने में सक्षम है। इसे आधुनिक ऑप्टिकल और इन्फ्रारेड कैमरों के साथ ही अत्याधुनिक सेंसर से लैस किया जा सकता है। कैमरों और राउटर सहित विभिन्न पेलोड को समायोजित करने की क्षमता इसकी उपयोगिता को बहुमुखी बनाती है।

## 200 मीटर के रनवे से लॉचिंग, 600 किमी से ज्यादा है रेंज

- सोलर यूएवी तेजस-1 का टेक आफ वजन लगभग 25 किलोग्राम है। इसका पंख फैलाव 11 मीटर है। परिचालन रेंज 600 किलोमीटर से ज्यादा है। इसे सिर्फ 30 मिनट में उड़ान भरने के लिए तैयार किया जा सकता है। यह ड्रोन ऊर्जा भंडारण के लिए बैटरी और गुरुत्वाकर्षण संभावित ऊर्जा का उपयोग करता है। इसे लगभग 200 मीटर के छोटे रनवे से लॉन्च किया जा सकता है, इस कारण इसे विभिन्न प्रकार के भौगोलिक स्थानों पर तैनात करना काफी आसान है। यह उन लंबी अवधि के मिशनों के लिए एक अत्यधिक आकर्षक समाधान है, जहां मानवीय उपस्थिति बनाए रखना या बार-बार ईंधन जुटाना काफी अव्यावहारिक या महंगा पड़ता है।

*प्रस्तुति: मनोज त्रिपाठी*

---

नए उत्पाद

## गैजेट

### आगत का स्वागत

- इस साल कई शानदार स्मार्टफोन लॉन्च होने वाले हैं। कुछ बजट में और कुछ महंगे पर सभी दमदार तकनीक वाले। एप्पल आईफोन 17 प्रो और आईफोन 17 प्रो मैक्स भी बाजार में उतरने को तैयार हैं। दो दूसरे कैमरों के साथ 48 मेगापिक्सल के टेलीफोटो सेंसर वाला कैमरा लेंस, आईफोन 17 की खासियत होने वाली है। एपल 17 सिरीज के लिए सितंबर तक इंतज़ार करना होगा।



- Vivo V60 को लेकर जानकारी ये मिली है कि ये 12 अगस्त को भारत में लॉन्च होगा। इस हैंडसेट में 50-मेगापिक्सल प्राइमरी शूटर, 8-मेगापिक्सल अल्ट्रावाइड लेंस और 50-मेगापिक्सल 3X पेरिस्कोप टेलीफोटो सेंसर के साथ ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप होगा, जो पहले की लीक्स से मेल खाता है। Vivo स्मार्टफोन की कीमत भी लीक हुई है, जिससे पता चलता है कि ये एक मिड-रेंज डिवाइस हो सकता है। हाल ही में एक टिप्स्टर ने Vivo V60 के कथित रेंडर्स ऑनलाइन पोस्ट किए, जिसमें पिल-शेप्ड रियर कैमरा आइलैंड दिखाया गया।



- गूगल का इंडिया स्पेसिफिक भारत में मेड फॉर गूगल इवेंट 14 अगस्त को लांच होगा। इस इवेंट में कंपनी अपने चार स्मार्टफोन को लांच कर सकती है। लीक रिपोर्ट की मानें, तो कंपनी पहली बार फोल्डेबल स्मार्टफोन को लांच कर सकती है, जिस स्मार्टफोन को लॉन्च किया जा सकता है, उसमें Pixel 9, Pixel 9 Pro, Pixel 9 Pro XL और Pixel 9 Pro Fold शामिल हैं।



---



# कैंसर के इलाज का रास्ता दिखाएगा चमगादड़

**हम दोनों स्तन धारी फिर उसे क्यों नहीं यह बीमारी**

फीचर डेस्क

कुछ ही दिनों पहले यह बात उजागर हुई कि स्तनधारी जीव चगादड़ों को कैंसर होने की आशंका लगभग न के बराबर होती है। वे अमूमन 25 साल जीते हैं और उनमें से कई तो इससे बहुत ज्यादा। शायद ही किसी को किसी तरह का कैंसर कभी हुआ हो। ऐसा क्यों होता है, यह समझने के लिये रोचेस्टर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने जो शोध किया है वह नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है। चमगादड़ में मिलने वाले कैंसर विरोधी गुणों की खोज मनुष्यों के लिये बड़े काम की हो सकती है। जीवविज्ञानी वेरा गोरबुनोवा और आंद्रेई सेलुआनोव के नेतृत्व में चार अलग प्रजातियों के चमगादड़ों पर शोध के दौरान वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि चमगादड़ में ट्यूमर सप्रेसर या कैंसर से लड़ने वाला एक गुणसूत्र या जीन होता है, जिसे पी 53 कहा जाता है। यह जीन एपोप्टोसिस, उर्फ सेल डेथ को नियंत्रित करता है। होता तो यह मनुष्यों में भी है। अंतर बस इतना है कि चमगादड़ों में यह पी53 जीन इतनी उन्नत किस्म का है, इतना कारगर और करामाती कि कैंसर को पनपने से पहले इसकी दो प्रतियां प्राकृतिक रूप से कैंसर की अचूक हत्या कर देती हैं। अब यह जानने की कोशिश हो रही है कि चमगादड़ों में कैंसर प्रतिरोधक क्षमता इतनी ताकतवर कैसे है। चमगादड़ वाली पी 53 मानव में पाई जाने वाली एपी53 कैंसर के मुकाबले में इतनी घातक कैसे? उसे इतना सटीक कौन बनाता है? बेशक, चमगादड़ की प्रतिरक्षा प्रणाली की भी इसमें बड़ी भूमिका है जो आक्रमणकारियों को नेस्तनाबूद करने में देर नहीं करते।

इन सबका यह मतलब नहीं है कि चमगादड़ को कभी कैंसर नहीं होता। असल में उनके शरीर का तंत्र कैंसर को झेलने के लिए खास बना है। जब उनमें कैंसर विकसित होता है, तो उनका शरीर बेहद जल्दी और कुशलता से कैंसर से लड़ने लगता है। जबकि हमारी शारीरिक प्राकृतिक प्रतिक्रिया इनके मुकाबले दयनीय लगती है। कैंसर से लड़ने में चमगादड़ इतने कामयाब क्यों हैं उनके गुणों पर शोध अभी जारी है। बरसों बाद, शायद एक दिन, हमको इससे एक ऐसी चिकित्सा प्रविधि हासिल होगी जो हमें इस मामले में कुछ हद तक चमगादड़ों जैसा बना सके, बस उल्टा लटक कर सोने की ज़रूरत नहीं होगी।



---



**नज़र आसमानी**

यह कोई पक्षी नहीं, नए प्रकार का ड्रोन है जिसे लिटिल फाल्कन ऑर्निथॉप्टर कहा गया है। इसका वीडियो फुटेज इसे अपने पंख फड़फड़ाकर पंछी के तरह उड़ता हुआ दिखाता है। चीन ने इसे टोह लेने, निगरानी करने और जरूरत पड़ने पर हमला करने की नीयत से बनाया है। हूबहू पक्षी जैसा दिखने वाले ड्रोन को आसमान में बतौर खतरा पहचानना मुश्किल हो सकता है। हालांकि यह विचार नया नहीं है, 1960 के दशक में ऐसा प्रयोग हो चुका है, पर यह तकनीकी तौर पर उससे बहुत ज्यादा उन्नत है।

## तकनीक क्षेत्र एआई की पहुंच पालतू तक

देश में पालतू पशु पक्षियों का बाज़ार जो अभी दस हजार करोड़ का है, दो बरस बाद तकरीबन 14 हजार और 2032 तक 21,000 करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच जाएगा। वजह यह कि देश में पालतू रखने वालों की तादाद बेतहाशा बढ़ रही है। ऐसे में यह तकनीकी पहलू उनके बहुत काम का साबित होने वाला है। एक शाम संतू जायसवाल के प्यारे पालतू सेंट बर्नार्ड "झुक्का" ग़ायब हो गया तो पुलिस में रिपोर्ट हुई, पोस्टर चिपकाए गये, मुहल्लों और सोशल मीडिया पर मुनादी हुई पर सब बेकार। वह आज भी नहीं लौटा, न तलाशा जा सका। लेकिन अमेरिका के माइकल बोवन का अनुभव अलग है। उनकी पिटबुल- मिल्ली, लोअर मैनहट्टन के खुले इलाके में टहलने के दौरान ऐसे भागी कि वह उसे पकड़ नहीं पाया। बहुत तलाश करने के बाद यह सोचता घर लौट आया, वह भी उसे ढूंढ रही होगी। बोवन की मां ने मिल्ली की तस्वीर लव लॉस्ट नाम के एक वेब साइट के डेटाबेस पर अपलोड कर कर दी जो पालतू पशुओं को एआई के फेस रिकग्नीशन तकनीक का इस्तेमाल कर पालतुओं को तलाशती, पहचान कर मालिकों से मिलवाती है। खैर, 14 घंटे के भीतर, उन्हें एक कॉल आया। पता चला मिल्ली वहां से 10 मील उत्तर भागी थी। वहाँ वह कार से टकराई और किसी ने उसे पशु चिकित्सालय में भरती कर दिया था। अस्पताल ने मिल्ली की तस्वीर भी उसी लव लॉस्ट साइट पर अपलोड की थी, तस्वीर की मिलान हो गई और ज़ाहिर है पालतू और मालिक की भी। नई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित क यह तकनीक पालतू जानवर की अनूठी विशेषताओं जैसे आँखों के आकार पूंछ, मूंछ की लंबाई, टेढाई, बाल, चमड़ी, पंखों का पैटर्न, असामान्य निशान जैसे 512 डेटा पॉइंट एकत्र करता है, इसके बाद मिलान करके जानवरों की खोज करने के लिए मशीन लर्निंग का उपयोग करता है। सिस्टम की सबसे बड़ी खासियत यह कि यह पालतू जानवरों को पहचानने की इतनी शानदार क्षमता रखता है कि जाने के बाद अगर जानवर के रंग रूप में बदलाव भी आ जाए तो यह पहचान जाता है।



---



# बूचड़खाने होंगे बंद

**दशकों बाद यह संभव हो सका तो स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा पशुओं के प्रति क्रूरता के विरुद्ध एक क्रांति होगी**

कुछ बरस पहले आंध्रप्रदेश के हृदय रोग विशेषज्ञ और वैज्ञानिक वेलेटी ने कुछ अमेरिकी वैज्ञानिकों के साथ मिलकर लैब में कृत्रिम मांस तैयार किया था। पशु कोशिका द्वारा 9 से 21 दिनों में बनाया यह मांस हर तरह के संदूषण से दूर और स्वास्थ्य मानदंडों पर पूरी तरह खरा उतरा। इस मीट को मेम्फेसिस मीट कहते हैं। वेलेटी ने विल क्लेम जो बायो मेडिकल इंजीनियर हैं और निकोलस जीनेवेस जो स्टेम सेल बायोलॉजिस्ट हैं, के साथ मिलकर इसे तैयार किया।

लैब में पशु अंश और वनस्पति स्रोत से बना मांस पहले बहुत पसंद नहीं किया गया लेकिन दूसरे जानवरों और टर्की जैसे पक्षियों के मांस की नकल का काम चालू रहा लेकिन जटिल प्रक्रिया और लाखों गुना महंगा होने के चलते यह माना जाता रहा कि यह व्यावहारिक स्तर पर संभव नहीं हो सकेगा। आज इस बात की तैयारी ज़ोरों पर है कि बड़े रेस्त्रां या होटलों में अमीर लोगों की थाली तक बिना जानवरों का खून बहाये, उन्हीं से उत्पादित साफ, सुथरा, स्वास्थ्यप्रद सुस्वादु मांस पहुंचाया जा सके। बस सवाल कीमत का है। बीते दस सालों में वैज्ञानिकों ने इस तरह के मीट बनाने की लागत को 99 फीसदी तक कम किया फिर भी इसकी कीमत बाजारू मीट के हजार गुना रही। कोशिका से सीधे ही मांस को विकसित करने पर यह काम थोडा आसान और सस्ता हो गया है।

## हम्पटन क्रीक कंपनी ने मीट का सस्ता विकल्प बनाया

- हम्पटन क्रीक कंपनी ने मीट का सस्ता विकल्प बनाया, है बिल्कुल मीट जैसा टेक्स्चर, वैसा ही स्वाद, खिंचाव, जो कुछ गुना ही महंगा है। बाजार को जितना मांस चाहिये उससे ज्यादा और लगातार उत्पादन की क्षमता की ओर कंपनियां अब तेजी से बढ़ रही हैं। इस काम में तमाम तरह की मशीनों, ऑटोमेशन तकनीक, प्रयोगशाला का कार्य और मानव श्रम चाहिये, सब झोंका जा चुका है। केमिस्ट, टिश्शू इंजीनियर सेल बायोलोजिस्ट सभी जुट गए हैं, हम्पटन क्रीक में ऐसे 60 से ज्यादा विशेषज्ञ काम पर लगे हैं। देखते है कवायद कितनी और कब तक कारआमद होती है। कब थाली तक पहुंचता है यह मीट। ताकि बूचड़ खाने हों बंद।



*प्रस्तुति: संजय श्रीवास्तव*

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,184.17 | 25,062.10 |
| गिरावट | 542.47 | 157.80 |
| प्रतिशत में | 0.66 | 0.63 |

सोना : 99,620 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,15,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025
www.amritvichar.com



# भारत-ब्रिटेन में अब तक की सबसे बड़ी डील

## एफटीए पर हस्ताक्षर से भारत में लग्जरी कारें, व्हिस्की, चॉकलेट, बिस्किट, सालमन फिश, कॉस्मेटिक सामान होगा सस्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत-ब्रिटेन में अब तक की सबसे बड़ी डील होने के बाद चमड़ा, जूते, ऑटोपार्ट, सीफूड, खिलौने और कपड़ों का रियायती दरों पर निर्यात संभव होगा, जिससे ये चीजें ब्रिटेन के लोगों को सस्ती मिलेगी। इसके साथ ही ब्रिटेन से आने वाले सामानों पर भी आयात सस्ता होगा, जिससे भारतीयों को व्हिस्की, चॉकलेट, बिस्किट, सालमन फिश, कॉस्मेटिक सामान, लग्जरी कारें आदि सस्ती मिलेंगी।

वहीं, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत-ब्रिटेन एफटीए से ब्रिटिश बाजार में चमड़ा, विद्युत मशीनरी और रसायन जैसे कई घरेलू क्षेत्रों को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जिससे लगभग 23 अरब डॉलर के अवसर खुलेंगे। आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) कहे जाने वाले इस समझौते पर बृहस्पतिवार को लंदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, लगभग 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए लगभग 23 अरब डॉलर के अवसर खुलेंगे, जो समावेशी और लैंगिक-समानता के लिए एक नए युग का सूत्रपात करेगा। कपड़ा, चमड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, खिलौने और समुद्री उत्पादों से जुड़े कई एमएसएमई में कार्यरत कारीगर, बुनकर और दिहाड़ी मजदूर समृद्धि के एक नए चरण में प्रवेश करेंगे। गोयल ने कहा कि इस समझौते से लगभग 95 प्रतिशत कृषि उत्पादों का शुल्क मुक्त निर्यात सुनिश्चित होगा, जबकि मछुआरों को 99 प्रतिशत समुद्री निर्यात पर शून्य शुल्क से लाभ होगा, जिससे उनकी आय बढ़ेगी। समझौते का इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण और प्लास्टिक जैसे विनिर्माण-गहन क्षेत्रों पर भी परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा। यह समझौता भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुएं भी प्रदान करेगा।



लंदन में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करते उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व उनके समकक्ष।

### उद्योग जगत ने कहा- देश के उभरते व्यापार ढांचे में मील का पत्थर

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग जगत ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह भारतीय निर्तायकों के लिए परिवर्तनकारी पल है और इससे दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 60 अरब डॉलर से 2030 में दोगुना होकर 120 अरब डॉलर का हो जाएगा। एफटीए से ब्रिटेन को 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम हो जाएगा, जबकि ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत को व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात आसान हो जाएगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने भारत-ब्रिटेन एफटीए पर कहा कि यह भारतीय निर्तायकों के लिए परिवर्तनकारी पल है। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 60 अरब डॉलर से 2030 में दोगुना होकर 120 अरब डॉलर का हो जाएगा।

### ब्रिटेन में सामाजिक सुरक्षा अंशदान से 3 साल छूट, 75,000 भारतीयों को फायदा

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में परिचालन करने वाली टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस जैसी देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों को अब वहां (ब्रिटेन में) स्थानांतरित किए गए अपने कर्मचारियों के लिए तीन साल तक सामाजिक सुरक्षा अंशदान करने की जरूरत नहीं होगी। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि इससे 75,000 से अधिक भारतीय पेशेवरों और 900 से अधिक नियोक्ताओं को लाभ मिलने का अनुमान है। इससे भारतीय पेशेवरों और उनके नियोक्ताओं को ब्रिटेन में 36 महीने तक रहने के लिए इन अंशदानों से छूट मिल जाएगी। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ब्रिटेन 283 अरब डॉलर के भारतीय आईटी उद्योग के लिए दूसरा सबसे बड़ा निर्यात बाजार है।

### जेनेरिक दवाओं, चिकित्सा उपकरण निर्यात को बढ़ावा

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत शून्य शुल्क पर सहमति के बाद भारत के जेनेरिक दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों जैसे एक्स-रे सिस्टम और सर्जिकल उपकरणों के निर्यात को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, सर्जिकल उपकरण, जांच में उपयोग (डायग्नोस्टिक) वाले उपकरण, ईसीजी मशीन, एक्स-रे सिस्टम जैसे चिकित्सकीय उपकरणों के एक बड़े हिस्से पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। भारत वैश्विक स्तर पर दवा क्षेत्र के तहत 23.31 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात करता है और ब्रिटेन करीब 30 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात करता है।



### इंजीनियरिंग वस्तु: 2030 तक निर्यात 7.5 अरब डॉलर होगा

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग वस्तुओं पर सीमा शुल्क को 18 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है, जिससे इनका निर्यात अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएगा। उपकरणों का निर्यात अगले पांच वर्ष में लगभग दोगुना हो सकता है, जो 2029-30 तक 7.5 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगा। ब्रिटेन, भारत का छठा सबसे बड़ा इंजीनियरिंग निर्यात बाजार है। ब्रिटेन के साथ व्यापार में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सालाना आधार पर 11.7 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। सूचीबद्ध क्षेत्रों में इंजीनियरिंग उत्पाद क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक है जिसमें 1,659 शुल्क श्रेणियां हैं जो कुल श्रेणियों का 17 प्रतिशत है। भारत का वैश्विक इंजीनियरिंग निर्यात 77.79 अरब डॉलर है, जबकि ब्रिटेन 193.52 अरब डॉलर मूल्य के ऐसे उत्पादों का आयात करता है।



### परिधान निर्यात के साथ रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** परिधान क्षेत्र में अधिक रोजगार पैदा होंगे। सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और मानकों की पारस्परिक मान्यता में भी मदद मिलेगी, जिससे भारतीय परिधान निर्यातकों के लिए अनुपालन का बोझ कम होगा। ब्रिटेन एक वैश्विक 'फैशन' केंद्र और दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा परिधान आयातक है। 2024 में इसने दुनियाभर से 19.7 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के परिधान का आयात किया। भारत ने पिछले वर्ष 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के वस्त्र का निर्यात किया और ब्रिटेन के शीर्ष चार आपूर्तिकर्ताओं में से एक बन गया।



## एफटीए पर मुख्य बातें

**कृषि क्षेत्र :**

- भारत को ब्रिटेन में फल, सब्जियां, अनाज, हल्दी, काली मिर्च, इलायची जैसे कई कृषि उत्पादों और खाने के लिए तैयार खाद्य, आम का गूदा, अचार और दालों जैसे प्रसंस्कृत उत्पाद तक शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी।
- भारत के 95 प्रतिशत से अधिक कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य शुल्क लाइन पर शून्य शुल्क लगेगा।
- शुल्क मुक्त पहुंच से अगले तीन साल में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर के कृषि निर्यात के लक्ष्य में योगदान देगा।
- 'व्यापार में तकनीकी बाधाओं' (टीबीटी) से संबंधित प्रावधान प्रमाणीकरण को सुव्यवस्थित करेंगे, जिससे निर्यातकों के लिए समय और लागत में कटौती होगी।
- एफटीए कटहल, बाजरा और जैविक जड़ी-बूटियों जैसे उभरते उत्पादों के लिए नए बाजार तक पहुंच बनाता है, जिससे किसानों को घरेलू मूल्य अस्थिरता के खिलाफ विविधता लाने में मदद मिलती है।
- भारत के मत्स्य पालन क्षेत्र, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु को, ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात बाजार तक पहुंच के माध्यम से विस्तार मिलेगा।
- भारत डेयरी उत्पाद, सेब, जई और खाद्य तेलों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दे रहा है।
- भारत वैश्विक स्तर पर 36.63 अरब डॉलर का निर्यात करता है, जबकि ब्रिटेन 37.52 अरब डॉलर का आयात करता है, लेकिन भारत से केवल 81.1 करोड़ डॉलर का आयात करता है, जो उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों में वृद्धि की संभावना दर्शाता है।
- इस समझौते से महाराष्ट्र (अंगूर, प्याज), गुजरात (मूंगफली, कपास), पंजाब और हरियाणा (बासमती चावल), केरल (मसाले) और पूर्वोत्तर राज्यों (बागवानी) को लाभ होगा।

**समुद्री क्षेत्र**

- सीईटीए भारत के समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन के शुल्क को समाप्त करता है।
- इससे भारतीय निर्यातकों के लिए मूल्य प्राप्ति में सुधार होगा, तथा उच्च खरीद दरों के माध्यम से तटीय मछुआरों को लाभ मिलेगा।
- ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात बाजार के बावजूद, भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.25 प्रतिशत ही बनी हुई है, जो एक महत्वपूर्ण अप्रयुक्त निर्यात अवसर को रेखांकित करता है।
- भारतीय झींगा पर ब्रिटेन में मौजूदा शुल्क 4.2 प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत के बीच है। इसके कारण, एफटीए के शुल्क उन्मूलन से विशेष रूप से झींगा, टूना, मछली के भोजन और चारे में तीव्र वृद्धि होने की उम्मीद है।
- झींगा, टूना, मछली का भोजन और चारा, जिन पर वर्तमान में 4.2 प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत के बीच कर लगता है, पूरी तरह से शुल्क मुक्त हो जाएंगे।

**चाय-कॉफी**

- ब्रिटेन पहले से ही भारत के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहां भारत के कुल निर्यात का 1.7 प्रतिशत कॉफी, 5.6 प्रतिशत चाय और 2.9 प्रतिशत मसाला जाता है। अब इन उत्पादों पर शुल्क मुक्त पहुंच के साथ इसमें तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है।
- 'इंस्टेंट कॉफी' तक शुल्क-मुक्त पहुंच से भारतीय व्यवसायों को जर्मनी, स्पेन और नीदरलैंड जैसे त्वरित/मूल्य-वर्धित कॉफी के अन्य यूरोपीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी। ● एफटीए, मूल्यवर्धित कॉफी उत्पादों, विशेषकर भारतीय इंस्टेंट कॉफी का ब्रिटेन को निर्यात बढ़ाने के लिए एक सशक्त मंच तैयार करेगा।

**तिलहन**

- कम शुल्क और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के साथ, भारतीय तिलहन निर्यातक ब्रिटेन के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं, जिससे संभावित रूप से निर्यात में वृद्धि हो सकती है।

**इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर**

- शून्य-शुल्क पहुंच से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है, साथ ही स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इनवर्टर के कारण ब्रिटेन के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी।

**प्लास्टिक**

- शुल्क मुक्त पहुंच से प्लास्टिक, फिल्म, शीट, पाइप, पैकेजिंग, टेबलवेयर और किचनवेयर के लिए ब्रिटेन की मजबूत मांग का लाभ उठाने का अवसर मिलता है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारत ने विनिर्माण क्षमता सिद्ध कर ली है।
- शुल्क मुक्त पहुंच से भारत को ब्रिटेन के प्रमुख आयात स्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, अमेरिका, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्रांस के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।
- अनुमानित वृद्धि दर 15 प्रतिशत है तथा कैलेंडर वर्ष 2030 के लिए अगले पांच वर्षों का लक्ष्य 18.7 करोड़ डॉलर है।

**रत्न एवं आभूषण**

- भारत का ब्रिटेन को कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात 94.1 करोड़ डॉलर का है, जिसमें से 40 करोड़ डॉलर आभूषणों से आता है। यह एफटीए एक विशाल बाजार खोलता है क्योंकि ब्रिटेन सालाना लगभग तीन अरब डॉलर मूल्य के आभूषणों का आयात करता है। एफटीए के तहत शुल्क में छूट से अगले दो-तीन साल में ब्रिटेन को भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात में दोगुना वृद्धि होने का अनुमान है।

## सेबी जुर्माना चूक मामले में दो निदेशकों को 6 महीने की सजा

**मुंबई, एजेंसी**

एक विशेष अदालत ने आभूषण फैशन एक्सेसरीज क्षेत्र से जुड़ी फर्म एम'बेले इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के दो निदेशकों को सेबी द्वारा लगाए गए एक करोड़ रुपये के जुर्माने को जमा करने में विफल रहने पर छह महीने के कारावास की सजा सुनाई है।

विशेष न्यायाधीश आर एम जाधव ने 19 जुलाई को पारित एक आदेश में गोपू बेलानी और अनुपमा मोटवानी को दोषी ठहराया और उन्हें सज़ा सुनाई।



साथ ही, नियामक द्वारा मूल रूप से लगाए गए जुर्माने का भुगतान न करने पर उन्हें एक-एक करोड़ रुपये का भुगतान करने का भी निर्देश दिया। सेबी ने 2014 में कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ सेबी अधिनियम, 1992 के तहत दंडनीय अपराध के लिए मामला दर्ज किया था।

## कानपुर में बढ़ सकता 400 करोड़ का निर्यात कारोबार

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** भारत-ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते का शहर के निर्यात कारोबार पर भी बड़ा असर पड़ेगा। निर्यात विशेषज्ञों की मानें तो इस समझौते से निर्यातकों को दोनों देशों के बीच होने वाले कारोबार में 99 फीसदी उत्पादों पर फ्री ड्यूटी का लाभ मिलेगा।

इसके अलावा शहर में ब्रिटेन के कारोबारियों के साथ होने वाले ई कारोबार में लगभग 20 फीसदी का इजाफा हो सकता है। यह लगभग 400 करोड़ रुपये के आसपास है।



- चमड़ा, खिलौने, इंजीनियरिंग गुड्स सहित शहर से कई अन्य प्रमुख उत्पादों का होता है निर्यात

अभी दोनों देशों के बीच लगभग दो हजार करोड़ रुपये का निर्यात कारोबार होता है। व्यापारिक समझौता होने के बाद माना जा रहा है कि शहर से सबसे अधिक चमड़ा, चमड़े के खिलौने, कृषि उत्पाद, टेक्सटाइल, होजरी, इंजीनियर गुड्स सहित अन्य उत्पादों का निर्यात बढ़ेगा। फियो के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि इस समझौते का शहर के निर्यातक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। शहर के निर्यात कारोबार को लाभ होगा।

### रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

समझौते से स्किल्ड युवाओं के लिए 15 फीसदी रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। एमएसएमई सेक्टर के लिए भी व्यापार के अवसर लेकर आया है। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि उत्पादों का निर्यात बढ़ने से इस सेक्टर का भी दस फीसदी अधिक कारोबार बढ़ सकता है। शहर से ब्रिटेन में चमड़े के उत्पाद, कृषि उत्पाद, इंजीनियरिंग गुड्स, चमड़े के खिलौने सहित अन्य उत्पाद निर्यात होते हैं। वर्ष 2030 तक निर्यात कारोबार में हर वर्ष 10 से 20 फीसदी के आस-पास बढ़ोत्तरी हो सकती है।



### नेशनल ब्रीफ

#### निकम ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को वरिष्ठ वकील एवं न्यायविद् उज्ज्वल निकम ने मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ ली। निकम ने मराठी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ लेने के बाद सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका स्वागत किया। निकम एक विख्यात वकील हैं, जिन्होंने सरकारी वकील के रूप में विभिन्न महत्वपूर्ण मुकदमों को अभियोजन पक्ष की ओर से लड़ा था।

#### साझा उम्मीदवार उतार सकता है इंडिया गठबंधन

**नई दिल्ली।** विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन उपराष्ट्रपति के चुनाव में साझा उम्मीदवार उतार सकता है, हालांकि सभी घटक दलों से विचार-विमर्श के बाद ही इस पर अंतिम निर्णय किया जाएगा। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विपक्षी गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, चुनाव को लेकर यह भावना है कि इसमें उम्मीदवार उतारा जाए।

# विपक्षी सांसदों का संसद परिसर में प्रदर्शन

## सोनिया समेत कई नेताओं ने बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का जताया विरोध

**मानसून सत्र**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के 'मकर द्वार' के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए।

विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर 'एसआईआर-लोकतंत्र पर वार' लिखा हुआ था।




उन्होंने 'एसआईआर वापस लो' के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने कहा कि इस विषय पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद गिरिधारी यादव के बयान का हवाला देते हुए कहा कि अब तो सत्तापक्ष के लोग भी एसआईआर पर सवाल उठा रहे हैं, ऐसे में इस विषय पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। यादव ने एसआईआर की कवायद का विरोध करते हुए कहा कि जो मतदाता सूची लोकसभा चुनाव में सही थी, वो विधानसभा चुनाव में गलत कैसे हो सकती है।

### नई पीढ़ी के संस्कार देश देख रहा है: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों को आड़े-हाथों लिया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार सदन में नारेबाजी करने, तख्तियां लाने और मेजें ठोंकने के लिए नहीं रहे हैं, लेकिन इस दल के मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है। बिरला ने कहा, आपसे पहले भी कहा गया है कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। इसमें जनता के सवाल होते हैं और सरकार की जवाबदेही होती है...कई सांसदों ने कहा कि उनका प्रश्नकाल के दौरान मुश्किल से प्रश्न आता है, लेकिन आप लोगों का जिस तरह का व्यवहार होता है, वो संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है।

## राहुल ने कहा-ईसी की धोखाखड़ी के 100 प्रतिशत सबूत, चुनाव आयोग ने आरोप का किया खंडन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि उनकी पार्टी के पास कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की ओर से धोखाधड़ी किए जाने के 100 प्रतिशत सबूत हैं और यदि आयोग सोचता है कि वह इससे बच निकलेगा, तो यह उसकी गलतफहमी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रहा है।

उन्होंने कर्नाटक के निर्वाचन क्षेत्र के नाम का उल्लेख नहीं किया। राहुल के आरोपों पर निर्वाचन आयोग ने कहा, अगर चुनाव याचिका दायर की गई है, तो माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करें। अगर नहीं, तो अभी बेबुनियाद आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं? चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के भीतर चुनाव याचिका दायर की जा सकती है। ऐसी याचिकाएं उस राज्य के उच्च न्यायालयों में दायर की जा सकती हैं, जिसमें संबंधित निर्वाचन क्षेत्र आता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, यह बहुत ही गंभीर मामला है।

## एसआईआर विवाद: तेजस्वी बोले- बिहार विस चुनाव का बहिष्कार करने का विकल्प खुला है

**पटना, एजेंसी**

राजद नेता तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पैदा विवाद के मद्देनजर उनकी पार्टी के पास आगामी चुनाव का बहिष्कार करने का विकल्प खुला है। विपक्ष के नेता ने मानसून सत्र के अंतिम पूर्व दिन राज्य विधानसभा के बाहर संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।



कहा- समय आने पर गठबंधन सहयोगियों से चर्चा के बाद कोई निर्णय लेंगे

यादव ने कहा, समय आने पर, हम गठबंधन सहयोगियों के साथ चर्चा के बाद कोई निर्णय लेंगे। एसआईआर के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह किसी धोखाधड़ी से कम नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, मतदाताओं की ओर से बूथ-स्तरीय अधिकारी गणना प्रपत्रों पर अपने हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगा रहे हैं। खाली प्रपत्रों का इस्तेमाल रद्दी कागज की तरह किया जा रहा है। इन विसंगतियों की ओर इशारा करने वाले स्वतंत्र पत्रकारों पर प्राथमिकियां दर्ज की जा रही है और सरकार को यह सब ठीक लग रहा है क्योंकि चुनाव आयोग सत्ताधारी दल के एक राजनीतिक औजार की तरह काम कर रहा है।

## मृत और स्थायी प्रवासियों को सूची में नहीं रख सकते: सीईसी

**बिहार वोटर लिस्ट विवाद पर चुनाव आयोग का फैसला**

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि आयोग किसी प्रभाव में आकर मृतकों, स्थायी रूप से पलायन कर चुके लोगों या कई जगहों पर मतदाता के रूप में दर्ज लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं कर सकता।

उनकी यह टिप्पणी विपक्षी दलों द्वारा बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोग पर बढ़ते हमलों के बीच आई है। विपक्ष का दावा है कि इस कदम से करोड़ों पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। आयोग के अनुसार, उन्होंने कहा, क्या निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से तैयार की जा रही शुद्ध मतदाता सूची निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की नींव नहीं है? उन्होंने कहा कि पहले बिहार में और बाद में पूरे देश में अपात्र लोगों को वोट देने की अनुमति देना संविधान के विरुद्ध है।

## शाह ने सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए नई राष्ट्रीय नीति की पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक नई राष्ट्रीय नीति की घोषणा की। इस नीति का उद्देश्य हर गांव में अधिक पेशेवर रूप से प्रबंधित और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सहकारी संगठन बनाना है। सहकारी समितियों के लिए इसी तरह की नीति वर्ष 2002 में लाई गई थी।

उस समय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय



- 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य मुख्य उद्देश्य

जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में था। 23 साल बाद नई नीति लाई गई है। 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति - 2025' का अनावरण करते हुए, शाह ने ज़ोर देकर कहा कि सहकारिताएं, कराधान सहित सभी पहलुओं में कॉरपोरेट क्षेत्र के बराबर हैं। उन्होंने राज्यों से नई नीति को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि सहकारी क्षेत्र में भारत के लिए विकास लाने की क्षमता है।

भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य सहकारी संगठनों को पेशेवर, पारदर्शी, तकनीक से लैस और वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के साथ-साथ सफल भी बनाना है। शाह ने कहा, देश के हर गांव में कम से कम एक सहकारी संस्था स्थापित करने का लक्ष्य है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### शंकराचार्य मंदिर पहुंचा शिव का पवित्र दंड

**श्रीनगर।** भगवान शिव के पवित्र दंड 'छड़ी मुबारक' को सदियों पुरानी परंपरा के अनुरूप 'हरियाली अमावस्या' (श्रावण अमावस्या) के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के लिए बृहस्पतिवार को यहां ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया। महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में छड़ी मुबारक को वार्षिक अमरनाथ यात्रा के तहत पूजा-अर्चना के लिए गोपाद्री पहाड़ियों पर स्थित मंदिर ले जाया गया। 'छड़ी मुबारक' के संरक्षक गिरि ने बताया कि 'छड़ी मुबारक' को यहां लाल चौक के निकट दशनामी अखाड़ा स्थित उसके निवास स्थान से मंदिर लाया गया, जहां पूजन किया गया।

### थाईलैंड-कंबोडिया में सीमा विवाद तेज, 9 मरे

**बैंकॉक।** थाईलैंड और कंबोडिया में चल रहा सीमा विवाद गुरुवार को खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया जिसमें थाईलैंड के नौ नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। देर शाम तक दोनों देशों के सीमांत इलाकों में रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। 'बैंकाक पोस्ट' ने जानकारी दी है कि कंबोडिया के हमले में एक बच्चे सहित नौ थाई नागरिकों मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए। जबकि कंबोडिया में हताहतों की जानकारी नहीं मिल सकी। रायल थाई आर्मी के हवाले से बताया गया कि कंबोडिया की सेना ने रॉकेट दागे और आम लोगों को निशाना बनाया।

### आईएईए के दौरे के लिए सहमत हुआ ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी (आईएईए) की एक तकनीकी टीम को देश में आने की अनुमति दे दी है। ईरान के कानून और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप-विदेश मंत्री काजम गरीबाबादी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आईएईए की टीम अगले दो-तीन सप्ताह में आएगी। गरीबाबादी ने कहा, आईएईए का एक प्रतिनिधिमंडल अगले दो-तीन सप्ताह में आने वाला है। वे कामकाज के तौरतरीकों पर बातचित करने के लिए आ रहे हैं न कि परमाणु स्थलों पर जाने के लिए। हमारा परमाणु उर्जा संगठन परमाणु संयंत्रों को हुए क्षति का आकलन कर रहा है।

### वाहनों में 6 एयरबैग की मांग वाली याचिका रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यात्री वाहनों में छह एयरबैग लगाए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी और कहा कि यह मामला पूरी तरह नीतिगत दायरे में आता है। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह सरकार को अभ्यावेदन दे। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह 17 मई को सरकार को अभ्यावेदन दे चुके हैं।

## अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए नए ऊष्मा स्रोत ईंधन का परीक्षण

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी**



● गहरे अंतरिक्ष में यान की पर्याप्त शक्ति की जरूरत करेगा पूरी

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पृथ्वी से लाखों मील दूर अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए नए ऊष्मा स्रोत ईंधन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

गहरे अंतरिक्ष में अज्ञात चीजों का पता लगाने को अंतरिक्ष यान में पर्याप्त शक्ति होना अत्यंत आवश्यक है। नासा के रेडियोआइसोटोप पावर सिस्टम इन अभियानों के लिए एक व्यवहार्य विकल्प हैं जिसका उपयोग 60 वर्षों से किया जा रहा है। ये परमाणु बैटरी अंतरिक्ष यानों और विज्ञान उपकरणों को दीर्घकालिक विद्युत शक्ति प्रदान करती हैं। नासा ने कहा कि अब नासा एक नए प्रकार के आरपीएस ऊष्मा स्रोत ईंधन का परीक्षण कर रहा है जो भविष्य में चरम वातावरण में लंबी अवधि की यात्राओं के लिए अतिरिक्त विकल्प बन सकता है। ऐतिहासिक रूप से, रेडियोआइसोटोप प्लूटोनियम-238 नासा का पसंदीदा आरपीएस ऊष्मा स्रोत ईंधन रहा है जबकि दो दशकों से अमेरिकियम-241 यूरोप में पसंदीदा रहा है।

## माइक्रोप्लास्टिक के खतरे

### विकसित देशों की तुलना में भारत में ज्यादा

माइक्रोप्लास्टिक वैसे तो एक वैश्विक पर्यावरणीय संकट बन चुका है जो न केवल प्रकृति बल्कि मानव और पशु स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों में इसका खतरा अपेक्षाकृत ज्यादा है। माइक्रोप्लास्टिक एक अदृश्य लेकिन गंभीर संकट है और इसका गहरा असर हवा, पानी, भोजन और स्वास्थ्य पर हो रहा है। मानव ही नहीं, जानवर भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। इस खतरे से बचाव के लिए प्रभावी नीतियों के अलाव वैज्ञानिक अनुसंधान और जान भागीदारी की भी त्वरित आवश्यकता है लेकिन विडंबना है कि इस दिशा में किए जाने वाले प्रयास काफी कम हैं और जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे कोई ज्यादा असरदार साबित नहीं हो रहे हैं।



### कैसे मिलते हैं वातावरण में

- सूरज की अल्ट्रा वायलेट किरणों, घर्षण और समुद्र की लहरों से प्लास्टिक धीरे-धीरे टूटकर छोटे-छोटे कणों में बदल जाता है।
- ये कण पानी, हवा, मिट्टी में मिल जाते हैं और लंबे समय तक नष्ट नहीं होते। हवा और दूसरे माध्यमों से मानव शरीर में पहुंचते हैं।
- वॉशिंग मशीन से निकले सिंथेटिक फाइबर, टायर का घर्षण, माइक्रोबीड्स युक्त सौंदर्य प्रसाधन भी इनका प्रमुख स्रोत हैं।

### क्या होती है माइक्रोप्लास्टिक

**माइक्रोप्लास्टिक यानी 5 मिमी से छोटे आकार के प्लास्टिक कण जो मुख्यत: दो तरह के होते हैं।**

- **प्राथमिक माइक्रोप्लास्टिक** : ये प्लास्टिक के छोटे कण होते हैं जिन्हें सौंदर्य प्रसाधनों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और औद्योगिक अनुप्रयोगों में उपयोग के लिए जानबूझकर बनाया जाता है। उदाहरण के लिए, माइक्रोबीड्स जो एक्सफोलिएटिंग उत्पादों में पाए जाते हैं, ये प्राथमिक माइक्रोप्लास्टिक हैं।
- **द्वितीयक माइक्रोप्लास्टिक** : ये बड़े प्लास्टिक के सामानों के टूटने से बनते हैं, जैसे कि प्लास्टिक की बोतलें, पैकेजिंग, और सिंथेटिक कपड़े. सूर्य के प्रकाश, गर्मी, हवा और लहरों के संपर्क में आने से बड़े प्लास्टिक के टुकड़े टूटकर छोटे कणों में बदल जाते हैं, जो अंतत: माइक्रोप्लास्टिक बन जाते हैं।

### मानव स्वास्थ्य पर खतरे

- माइक्रोप्लास्टिक पीने के पानी, खाद्य पदार्थों जैसे मछली, नमक, शहद, दूध और हवा के जरिए इंसानों के शरीर में प्रवेश कर रहे हैं।
- ये शरीर में जाकर सूजन, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस, और हार्मोनल असंतुलन पैदा कर सकते हैं। इनसे गंभीर रोग पैदा हो सकते हैं।
- कुछ अनुसंधानों में माइक्रोप्लास्टिस की वजह से फेफड़ों, लिवर, आंतों और यहां तक कि मस्तिष्क में सूक्ष्म स्तर पर क्षति देखी गई है।
- एक ताजा रिसर्च के अनुसार इंसान हर हफ्ते 5 ग्राम माइक्रोप्लास्टिक निगल सकता है जो एक क्रेडिट कार्ड के बराबर हो सकती है।

### चिंताजनक : पर्याप्त नहीं प्रयास, निष्फलता ज्यादा

माइक्रोप्लास्टिक के बड़े खतरे सामने आने के बाद प्रतिबंध तो लगाए गए हैं लेकिन इसके बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक का अवैध उपयोग जारी है और सुधार की प्रगति काफी धीमी है। जन जागरूकता की कमी, कचरा पृथक्करण की असफलता और रिसाइक्लिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी से संकट जस का तस बना हुआ है। सरकार, उद्योग और आम जनता तीनों के संयुक्त प्रयासों की कमी से स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

## संबंध बनाने की सहमति उम्र 18 से घटाकर 16 करने की सिफारिश

### शीर्ष कोर्ट में किशोरावस्था की यौन गतिविधियों के अपराधीकरण को चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यायमित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने सहमति से शारीरिक संबंध बनाने के लिये वैधानिक उम्र 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष करने की शीर्ष अदालत से सिफारिश की है। चर्चित 'निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ' मामले में शीर्ष अदालत की सहायता करने वाली न्यायमित्र जयसिंह ने पॉक्सो एक्ट 2012 और आईपीसी की धारा 375 के तहत 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोर एवं किशोरियों से जुड़ी यौन गतिविधियों को पूर्ण अपराधीकरण करने को चुनौती देते हुए लिखित प्रस्तुतियां दी हैं।

उन्होंने दलील दी कि वर्तमान कानून किशोरों के बीच सहमति से बनाए गए प्रेम संबंधों को अपराध मानता है और उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। जयसिंह ने कहा कि कानूनी ढांचा किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों को गलत तरीके से दुर्व्यवहार के बराबर मानता है, तथा उनकी स्वायत्तता, परिपक्वता और सहमति देने की क्षमता को नजरअंदाज करता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, सहमति की आयु 16 से बढ़ाकर 18 वर्ष करने को उचित ठहराने के लिए कोई तर्कसंगत कारण या अकाट्य आंकड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा इसे बढ़ाए जाने से पहले 70 वर्षों से अधिक समय तक यौन सहमति की आयु सीमा 16 वर्ष ही रही थी।

जयसिंह ने कहा कि शारीरिक संबंध बनाने के लिए सहमति की उम्र में वृद्धि बिना किसी बहस के की गई थी, और यह न्यायमूर्ति वर्मा समिति की सिफारिश के विरुद्ध है। इस समस्या के समाधान के लिए, उन्होंने न्यायालय से कानून में आयु के निकट अपवाद को शामिल करने का आग्रह किया, जो 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों के बीच सहमति से किए गए यौन कृत्यों को पॉक्सो और आईपीसी के तहत अभियोजन से छूट देगा। उन्होंने कहा, किशोरों के बीच यौन संबंधों को अपराध घोषित करना मनमाना, असंवैधानिक और बच्चों के सर्वोत्तम हितों के विरुद्ध है।

वरिष्ठ अधिवक्ता ने न्यायालय से कानून में 'आयु के निकट' अपवाद को शामिल करने का आग्रह किया, जो 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों के बीच सहमति से किए गए यौन कृत्यों को पॉक्सो और आईपीसी के तहत अभियोजन से छूट देगा।



● वरिष्ठ अधिवक्ता न्यायमित्र इंदिरा जयसिंह ने दीं लिखित प्रस्तुतियां

### वरिष्ठ अधिवक्ता के तीन तर्क ...



- आजकल किशोर समय से पहले ही यौवन प्राप्त कर लेते हैं और अपनी पसंद के रोमांटिक और यौन संबंध बनाने में सक्षम होते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के निष्कर्षों सहित वैज्ञानिक और सामाजिक आंकड़े बताते हैं कि किशोरों में यौन गतिविधियां असामान्य नहीं हैं।
- जयसिंह ने 2017 और 2021 के बीच 16-18 वर्ष की आयु के नाबालिगों से जुड़े पॉक्सो कानून के तहत अभियोजन में 180 प्रतिशत की वृद्धि का हवाला दिया। कहा, अंतरजातीय या अंतरधार्मिक संबंधों से जुड़े मामलों में अधिकतर शिकायतें अक्सर लड़की की इच्छा के विरुद्ध माता-पिता द्वारा दर्ज कराई जाती हैं।
- न्यायमित्र ने चेतावनी देते हुए कहा कि सहमति से यौन संबंध को अपराध घोषित करने से युवा जोड़ों को खुले संवाद और शिक्षा को प्रोत्साहित करने के बजाय छिपने, शादी करने या कानूनी परेशानी में पड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और भारतीय न्यायशास्त्र का दिया हवाला

वरिष्ठ अधिवक्ता ने अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और भारतीय न्यायशास्त्र का हवाला देते हुए तर्क दिया कि कानूनी क्षमता सख्ती से उम्रबाधित नहीं है। जयसिंह ने बंबई, मद्रास और मेघालय सहित विभिन्न उच्च न्यायालयों के रुझानों की ओर भी इशारा किया गया है, जहां जजों ने पॉक्सो के तहत किशोर लड़कों के खिलाफ स्वत: मुकदमा चलाने पर असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि इन न्यायालयों ने रेखांकित किया कि नाबालिगों से संबंधित सभी यौन कृत्य बलपूर्वक नहीं होते हैं, तथा कानून को दुर्व्यवहार और सहमति से बने संबंधों के बीच अंतर करना चाहिए। जयसिंह ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों के बीच सहमति से बनाए गए यौन संबंध को दुर्व्यवहार नहीं माना जाना चाहिए और इसे पॉक्सो तथा दुष्कर्म कानूनों के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए। उन्होंने पॉक्सो की धारा 19 के तहत अनिवार्य अभ्यावेदन दायित्वों की समीक्षा का आह्वान किया, जो किशोरों को सुरक्षित चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने से रोकता है।

> यौन स्वायत्तता मानव गरिमा का हिस्सा है, और किशोरों को अपने शरीर के बारे में विकल्प चुनने की क्षमता से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 19 और 21 का उल्लंघन है।
> – इंदिरा जयसिंह

## पूर्वजों को श्रद्धांजलि



तमिलनाडु के कन्याकुमारी त्रिसमुद्री स्थल पर आदि अमावस्या के अवसर पर लोग गुरुवार सुबह अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हुए। कन्याकुमारी जिले में इस परंपरागत आयोजन के दिन सरकारी अवकाश रहता है। एजेंसी

### भारत ने किया गाजा में संघर्षविराम का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने गाजा में जारी मानवीय संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वहां संघर्षविराम जरूरी है और यह भी स्पष्ट किया कि बीच-बीच में संघर्षविराम क्षेत्र की जनता के सामने मौजूद चुनौतियों को दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को हुई एक चर्चा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा, आज की बैठक गाजा में जारी मानवीय संकट की पृष्ठभूमि में हो रही है। हरीश ने 'फलस्तीन समेत पश्चिम एशिया में स्थिति' पर एक बहस में भाग लेते हुए कहा, बीच-बीच में संघर्षविराम, लोगों के सामने आ रही मानवीय चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है।

## अल्ट्रा लॉन्ग उड़ानों के लिए एअर इंडिया को चार कारण बताओ नोटिस

**मुंबई, एजेंसी**

● 16 घंटे से ज्यादा लंबी उड़ानें कहलाती हैं अल्ट्रा लॉन्ग

विमानन नियामक डीजीसीए ने एअर इंडिया को चालक दल के सदस्यों के आराम और ड्यूटी मानदंडों, प्रशिक्षण नियमों और परिचालन प्रक्रियाओं से संबंधित विभिन्न उल्लंघनों के लिए चार कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

एअरलाइन द्वारा नियामक के समक्ष कुछ स्वैच्छिक खुलासे करने के एक महीने बाद ये नोटिस जारी किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि एअरलाइन की ओर से 20 और 21 जून को डीजीसीए के समक्ष किए गए स्वैच्छिक खुलासे के आधार पर 23 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हमें नियामक से ये नोटिस प्राप्त हुए हैं, जो पिछले एक साल में एअर इंडिया द्वारा किए गए कुछ स्वैच्छिक खुलासों से संबंधित हैं। हम निर्धारित अवधि के भीतर इन नोटिस का जवाब देंगे।

सूत्रों ने बताया कि एअर इंडिया द्वारा 20 जून को किए गए स्वैच्छिक खुलासे के आधार पर तीन कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें कम से कम चार 'अल्ट्रा लॉन्ग हॉल' उड़ानों के संबंध में चालक दल की ड्यूटी और विश्राम नियमों का उल्लंघन शामिल है। इनमें से दो उड़ानें 27 अप्रैल को और एक-एक उड़ान 28 अप्रैल और दो मई को संचालित की गई थी।

संयुक्त रूप से 16 घंटे से अधिक समय तक चलने वाली किसी भी उड़ान को 'अल्ट्रा लॉन्ग' कहते हैं। सूत्रों के अनुसार, कम से कम चार उड़ानों के संबंध में चालक दल के प्रशिक्षण और परिचालन प्रक्रिया का भी उल्लंघन हुआ, जिनमें 26 जुलाई, 2024 और नौ अक्टूबर, 2024 तथा 22 अप्रैल, 2025 को संचालित उड़ानें शामिल हैं। हाल के दिनों में, एअर इंडिया कुछ उल्लंघनों के लिए नियामकीय जांच के घेरे में रही है। इस बीच, 12 जून को लंदन के गैटविक जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान अहमदाबाद से उड़ान भरने के तुरंत बाद एक इमारत से टकरा गया। इस दुर्घटना में 260 लोगों की मौत हो गई थी।

## बांग्लादेश: राजद्रोह और जालसाजी के मामले में पूर्व सीजेआई हिरासत में

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एबीएम खैर-उल-हक को राजद्रोह के आरोप सहित तीन आपराधिक मामलों में बृहस्पतिवार को हिरासत में लिया गया है।

हक 2010 से 2011 तक देश के 19वें प्रधान न्यायाधीश रहे थे। उन्हें ऐतिहासिक फैसले सुनाने के लिए जाना जाता है। उनकी अगुवाई वाली पीठ ने 2011 में व्यवस्था देते हुए बांग्लादेश की गैर-दलीय कार्यवाहक सरकार प्रणाली को असंवैधानिक घोषित किया गया था। ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के उपायुक्त तालिब-उर-रहमान ने संवाददाताओं को बताया कि जासूसी शाखा के अधिकारियों ने 81 वर्षीय पूर्व न्यायाधीश को राजधानी के धनमंडी इलाके में उनके आवास से हिरासत में लिया।

रहमान ने कहा, हक तीन मामलों में आरोपी हैं। कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान न्यायाधीश को अदालत में पेश करने से पहले कम से कम एक मामले में गिरफ्तार किया जा सकता है।

## जन्मजात नागरिकता : ट्रंप के फैसले पर रोक बरकरार

**वाशिंगटन, एजेंसी**



● आदेश को संघीय अपील कोर्ट ने असंवैधानिक बताया, निचली अदालत का देश भर में रोक का फैसला बरकरार

अमेरिका की एक संघीय अपील अदालत ने बुधवार को एक फैसले में कहा कि जन्म आधारित नागरिकता को समाप्त करने संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आदेश असंवैधानिक है। अदालत ने साथ ही देशभर में ट्रंप के फैसले पर अमल पर रोक लगाने वाले अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा।

यह फैसला '9वीं अमेरिकी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स' के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने सुनाया, इससे पहले न्यू हैम्पशायर के एक संघीय जज ने ट्रंप के आदेश पर रोक लगाई थी। अपील अदालत के फैसले से ट्रंप प्रशासन पर उस आदेश को लागू करने पर रोक रहेगी जो अवैध रूप से या अस्थायी रूप से अमेरिका में रहने वाले लोगों के बच्चों को नागरिकता देने से इनकार करता है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, डिस्ट्रिक कोर्ट ने सही निष्कर्ष निकाला है कि शासकीय आदेश की प्रस्तावित व्याख्या, जो अमेरिका में जन्मे कई लोगों को नागरिकता से वंचित करती है असंवैधानिक है। हम इससे पूरी तरह सहमत हैं। अदालत के फैसले पर फिलहाल 'व्हाइट हाउस' और न्याय मंत्रालय ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

### भारतीयों को काम देने और चीन में कारखाने लगाने के दिन गए

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन में कारखाने लगाने और भारत में लोगों को काम पर रखने के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की आलोचना की और आगाह किया कि ऐसा करने के दिन अब लद चुके हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी बुधवार को एआई शिखर सम्मेलन में की, जहां उन्होंने एआई संबंधी तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें एआई के उपयोग के लिए व्हाइट हाउस की कार्य योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक अमेरिका का अधिकतर प्रौद्योगिकी उद्योग कट्टरपंथी वैश्वीकरण का अनुसरण करता रहा, जिसके कारण लाखों अमेरिकी ठगा महसूस करते रहे हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जुलाई, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 11.22 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष** – आज मानसिक तनाव का असर आपके काम और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे। कारोबार में सहकर्मियों के रवैये से नाखुश हो सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। जॉब में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बौद्धिक कार्यों में आप काफी ध्यान देंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज विदेशी संस्थानों से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। करियर को लेकर नई दिशा प्राप्त हो सकती है। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा। वैचारिक मतभेदों को अपने व्यक्तिगत संबंधों पर हावी न होने दें। आपको एकसाथ अनेक कार्य करने पड़ सकते हैं।

**कर्क** – आज युवा उद्यमियों को सम्मान मिल सकता है। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। घर की सुख-शांति बनी रहेगी। आपकी आय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष शुभ है।

**सिंह** – आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। आसपास के लोगों के व्यवहार पर नजर बनाये रखें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ सकती है।

**कन्या** – आज आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग में आप भाग लेंगे। खानपान पर आप अत्यधिक धन खर्च करेंगे। नौकरीपेशा लोगों की आय में वृद्धि होगी।

**तुला** – आज विद्यार्थी उच्च शिक्षा को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे। प्रेम संबंधों में आपको थोड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। मन की चञ्चलता पर नियंत्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे। अपने विचारों को लेकर थोड़े स्पष्ट रहें। जीवनसाथी की अहमियत को समझें।

**धनु** – आज आपकी परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती हैं। इसीलिए आपको सोच-समझकर ही निर्णय लेने चाहिए। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या होगी। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं। ईर्ष्यालु लोग आपके विषय में गलत बातें प्रसारित कर सकते हैं।

**मकर** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनंद उठायेंगे। मित्र आपकी प्रत्येक कार्य में सहायता करेंगे। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव उत्पन्न होगा। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**कुंभ** – आज आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियां दूर होंगी। पढ़ाई में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। उधार दिया हुआ धन आपको वापस करना पड़ेगा। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी।

**मीन** – आज आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है। नए काम की शुरुआत करने का विचार बनायेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। अपनी गलतियों को सुधारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुण्य 16.00 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | 8 | |
| | 8 | 9 | | | 4 | | | 5 |
| 3 | | | 2 | | | 7 | | |
| | 2 | | | 8 | 9 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 3 | 9 | |
| 9 | | | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | | | 7 | | | 8 |
| 4 | | | 1 | | | 9 | 5 | |
| | 9 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू - 48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |



> इंग्लैंड में जीतना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और टी-20 तथा वनडे दोनों में ऐसा करना टीम की तैयारी और मानसिकता के बारे में बहुत कुछ बयां करता है। इस शानदार प्रदर्शन से टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा।
> –सचिन तेंदुलकर


# स्टेडियम

कानपुर, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## स्पोर्ट्स हाईलाइट



सिंगापुर में विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में कनाडा की खिलाड़ी कलात्मक तैराकी के महिला युगल फ्री फाइनल में प्रतिस्पर्धा करती हुईं।

### डॉसन से इंग्लैंड को मजबूती मिली : वॉन

**मैनचेस्टर :** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि बायें हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को टीम में शामिल करने से मेजबान टीम को मजबूती मिली है क्योंकि वह ऑलराउंडर हैं और टीम को आवश्यक संतुलन प्रदान करते हैं। शोएब बशीर की चोट के कारण आठ साल के अंतराल के बाद अंतिम एकादश में शामिल किए गए 35 वर्षीय डॉसन ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल को अपनी सातवीं गेंद पर ही आउट करके अपना प्रभाव छोड़ा। वॉन ने कहा वह ऐसे क्रिकेटर हैं जिनसे कप्तान अच्छी गेंदबाजी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी फील्डिंग की उम्मीद कर सकता है।

### ईएफआई की साख कम हो रही है: कुरैशी

**नई दिल्ली :** अदालत द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एसवाई कुरैशी ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के कामकाज का आकलन करने के बाद चुनाव कराने की मांग करते हुए कहा इसके कार्यकारी समिति के सदस्यों के बीच अंतहीन कलह खेल संस्था की साख कम कर रही है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने नवंबर 2019 में राजस्थान घुड़सवारी संघ की एक याचिका का जवाब देते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी को ईएफआई के कामकाज की देखरेख का जिम्मा सौंपा था। उच्च न्यायालय ने 29 मई 2024 को अंतरिम व्यवस्था के रूप में नवंबर 2019 में चुनी गई कार्यकारी समिति को बहाल कर दिया था।

### आईओए ने सीईओ को लेकर विवाद खत्म किया

**नई दिल्ली :** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद ने बृहस्पतिवार को एक लंबे विवाद को खत्म करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी और डोपिंग से निपटने के लिए एक पैनल का गठन किया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक परिषद (आईओसी) ने 2036 ओलंपिक की दावेदारी के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान डोपिंग में देश के खराब रिकॉर्ड पर चिंता जताई थी, इसलिए इससे निपटना काफी अहम है। कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने जनवरी 2024 में अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा की गई अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था जिसका मुख्य कारण उनका 20 लाख रुपये प्रति माह का वेतन और अन्य भत्ते थे।



नई दिल्ली में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मुक्केबाज विजेंदर सिंह (बीच में) व कजाकिस्तान में आयोजित 2025 विश्व मुक्केबाजी कप की विजेता साक्षी चौधरी (दाएं) और जैस्मीन लैम्बोरिया। एजेंसी

### बीएफआई ने विजेंदर की विशेषज्ञता मांगी

**नई दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाजी की अंतरिम समिति के प्रमुख अजय सिंह ने कहा कि उन्होंने ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह से 'कुछ ट्रेनिंग शिविरों' का निरीक्षण करके और सुधार के लिए सुझाव देकर अपनी विशेषज्ञता प्रदान करने का अनुरोध किया है। बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीतने वाले विजेंदर ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने वाले भारत के एकमात्र पुरुष मुक्केबाज हैं। उन्होंने कहा विजेंदर गतिविधियों में काफी सक्रिय रहते हैं। बेशक वह मुक्केबाजों के लिए बड़ी प्रेरणा हैं, हम उनके कौशल और विशेषज्ञता का उपयोग प्रशिक्षण में करना चाहते हैं।

# शतक से चूके डकैट और क्राली इंग्लैंड के नाम रहा दूसरा दिन

## भारत के 358 के जवाब में इंग्लैंड ने दो विकेट पर बनाए 225 रन, अंशुल कम्बोज ने दिलाई दूसरी सफलता

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

कप्तान बेन स्टोक्स (72 रन पर पांच विकेट) ने आठ साल में पहली बार पांच विकेट चटकाकर भारत को 358 रन पर रोक दिया। जिसके बाद बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके इंग्लैंड को पहली पारी में दो विकेट पर 225 रन तक पहुंचाकर चौथे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा।

डकेट ने 100 गेंद में 13 चौकों की मदद से 94 रन की पारी खेलने के अलावा क्रॉली (84) के साथ पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी करते हुए भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय तेज गेंदबाजों की दिशाहीन गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाया और इस दौरान 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर बल्लेबाजी करना) की झलक भी दिखाई जिसके लिए टीम मशहूर है। दिन का खेल खत्म होने पर ओली पोप 20 जबकि जो रूट 11 रन बनाकर खेल रहे थे।

इंग्लैंड अब भारत के पहली पारी के 358 रन के स्कोर से सिर्फ 133 रन पीछे है जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं। स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर (73 रन पर तीन विकेट) ने दूसरे दिन बेहतर गेंदबाजी करते हुए भारत को 358 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। ऋषभ पंत ने पैर में फ्रैक्चर के बावजूद 75 गेंद में 54 रन की पारी खेली। उन्हें चलने में परेशानी हो रही थी लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। शारदुल ठाकुर (41 रन, 88 गेंद) ने भी जुझारू पारी खेलकर भारत का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय तेज गेंदबाजों ने अच्छी शुरुआत नहीं की और दिशाहीन गेंदबाजी की। पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज (48 रन पर एक विकेट) अपने शुरुआती दो स्पैल में विकेट हासिल नहीं कर पाए जबकि अनुभवी जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। क्रॉली ने धीमी शुरुआत के बाद लय हासिल की और कुछ आकर्षक शॉट खेले।



बेन डकेट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते अंशुल कम्बोज। एजेंसी

### भारत पहली पारी

**358/10** (114.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| जायसवाल का ब्रूक बो डॉसन | 58 |
| केएल राहुल का क्रॉली बो वोक्स | 46 |
| सुदर्शन का कार्स बो स्टोक्स | 61 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो स्टोक्स | 12 |
| ऋषभ पंत बो आर्चर | 54 |
| रविंद्र जडेजा का ब्रूक बो आर्चर | 20 |
| शारदुल का डकेट बो स्टोक्स | 41 |
| वाशिंगटन का वोक्स बो स्टोक्स | 27 |
| कंबोज का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 |
| बुमराह का स्मिथ बो आर्चर | 04 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी :** वोक्स 23-5-66-1, आर्चर 26.1-3-73-3, कार्स 21-1-71-0, स्टोक्स 24-3-72-5, डॉसन 15-1-45-1, रूट 5-0-19-0

### इंग्लैंड पहली पारी

**225/2** (46 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉली का राहुल बो जडेजा | 84 |
| बेन डकेट का बो कंबोज | 94 |
| ओली पोप खेल रहे हैं | 20 |
| जो रूट खेल रहे हैं | 11 |

**गेंदबाजी :** बुमराह 13-4-37-0, कम्बोज 10-1-48-1, सिराज 10-0-58-0, शारदुल 5-0-35-0, जडेजा 8-0-37-1

### भारतीय टीम अगले साल इंग्लैंड में पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगी

**मैनचेस्टर :** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत अगले साल सीमित ओवरों की शृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा जिसमें पांच टी20 अंतर्राष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच शामिल हैं। भारत का दौरा एक जुलाई को डरहम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जिसके बाद मैनचेस्टर (चार जुलाई), नॉटिंघम (सात जुलाई), ब्रिस्टल (नौ जुलाई) और साउथम्प्टन (11 जुलाई) में मैच खेले जाएंगे। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला 14 जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगी। इसके बाद 16 जुलाई को कार्डिफ और 19 जुलाई को लॉर्ड्स में मैच खेले जाएंगे। भारतीय महिला टीम भी अगले साल फिर से इंग्लैंड का दौरा करेगी। वह इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और एक टेस्ट मैच खेलेगी। टी20 शृंखला 28 मई को चेम्सफोर्ड में शुरू होगी। 30 मई को ब्रिस्टल और दो जून को टॉन्टन में मैच खेले जाएंगे। एकमात्र टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।



ऋषभ पंत (दाएं) का स्वागत करते मोहम्मद सिराज। एजेंसी

# पंत के अंगूठे में फ्रैक्चर, दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतरे

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

- बीसीसीआई ने कहा ऋषभ बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध रहेंगे

ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण मौजूदा टेस्ट में विकेटकीपर की जिम्मेदारी नहीं निभा पाएंगे, लेकिन बृहस्पतिवार को दूसरे दिन बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी कहा कि इस अहम मुकाबले में वह टीम की जरूरत के अनुसार वह बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध रहेंगे।

पंत बुधवार को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में चोटिल हो गए थे। तब वह 37 रन पर खेल रहे थे। दाहिने पैर में चोट लगने के कारण वह रिटायर्ड हर्ट हो गए और स्कैन के लिए गए। बीसीसीआई ने 'एक्स' पर लिखा मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन दाहिने पैर में चोट लगने के बाद ऋषभ पंत बाकी मैच में विकेटकीपिंग नहीं कर पाएंगे। ध्रुव जुरेल विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे।

चोट के बावजूद ऋषभ पंत दूसरे दिन टीम से जुड़ गए हैं और टीम की जरूरत के अनुसार बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। इससे पहले बोर्ड से शुरुआत में संकेत मिले थे कि पंत शृंखला से बाहर हो गए हैं और उनके कवर के तौर पर इशान किशन को बुलाया जाएगा। भारत ने 314 रन के स्कोर पर शारदुल ठाकुर के रूप में अपना छठा विकेट गंवाया जिसके बाद पंत बल्लेबाजी के लिए उतरे। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने आक्रामक अंदाज के कारण विश्व क्रिकेट में खास जगह बनाई है। उन्होंने इस शृंखला में भी अच्छा प्रदर्शन किया है।



महिला यूरो 2025 सेमीफाइनल फुटबॉल मैच में जीत के बाद जश्न मनातीं स्पेन के खिलाड़ी। एजेंसी

# स्पेन पहली बार यूरो फाइनल में

**ज्यूरिख, एजेंसी**

- बीमारी से लौटी ऐताना बोनमाटी के गोल से मिली सफलता

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बीमार होने के कारण कुछ दिन अस्पताल में बिताने वाली ऐताना बोनमाटी के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया जहां रविवार को उसका सामना इंग्लैंड से होगा।

दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी इसके बाद दो बार की बैलन डी'ओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया। यूरो 2025 का फाइनल 2023 में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल की पुनरावृत्ति होगा। तब स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया था। स्पेन की जर्मनी के खिलाफ यह पहली जीत थी। वह पहली बार यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है। स्पेन ने पिछले दो साल में विश्व कप और नेशंस कप जीते हैं और अब उसकी निगाह खिताब की हैट्रिक पूरी करने पर होगी। यूरो 2025 के लिए बोनमाटी की तैयारियां उस समय गंभीर रूप से प्रभावित हो गई थी जब टूर्नामेंट से एक सप्ताह से भी कम समय पहले बार्सिलोना की मिडफील्डर को वायरल मैनिंजाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। बोनमाटी ने कहा मैं अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना चाहती थी।

### बीसीसीआई एशिया कप की मेजबानी के लिए तैयार

**नई दिल्ली/ढाका :** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता सितंबर में संक्षिप्त रूप से फिर से शुरू होगी क्योंकि बीसीसीआई के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आगामी एशिया कप टी 20 टूर्नामेंट की मेजबानी करने का रास्ता साफ हो गया है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एसीसी की बैठक के बाद यह फैसला हुआ जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया। बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व इसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया। एसीसी के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया बीसीसीआई यूएई में एशिया कप की मेजबानी करेगा। भारत के अपने सभी मैच दुबई में खेलने की संभावना है। कार्यक्रम पर अब भी विचार-विमर्श चल रहा है। यह टूर्नामेंट यूएई में आयोजित किया जा रहा है।

# भारतीय बल्लेबाजों ने दिखाया कि वे केवल सपाट पिचों पर ही रन नहीं बनाते

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि भारत के युवा बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन विषम परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन करते साबित कर दिया कि वे केवल सपाट पिचों या कमजोर आक्रमण के खिलाफ ही रन नहीं बनाते। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (58) और केएल राहुल (46) ने भारत को ठोस शुरुआत दी।

इसके बाद साई सुदर्शन (61) और ऋषभ पंत (37 रन पर रिटायर्ड हर्ट) ने 72 रन की साझेदारी की जिससे भारतीय टीम पहले दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 264 रन बनाने में सफल रही। मांजरेकर ने जियो हॉटस्टार पर कहा आज का दिन उन लोगों के लिए करारा जवाब था जो यह मानते हैं कि यह युवा भारतीय बल्लेबाजी क्रम केवल सपाट पिचों पर या कमजोर आक्रमण के खिलाफ ही रन बनाता है। उन्होंने कहा इंग्लैंड में अमूमन इस तरह की परिस्थितियां मिलती है और उनका गेंदबाजी आक्रमण भी पहले से मजबूत नजर आ रहा था। बेन स्टोक्स ने फिर से अधिक ओवर किए जबकि लियाम डॉसन ने शोएब बशीर से बेहतर गेंदबाजी की। जोफ्रा आर्चर उसकी गेंदबाजी को और मजबूती प्रदान कर रहे थे। मांजरेकर ने कहाभारत का इन परिस्थितियों में पहले दिन चार विकेट पर 264 रन बनाना उसका एक और ठोस बल्लेबाज़ी प्रदर्शन है।



संजय मांजरेकर। एजेंसी

### कुंबले की तरह याद किया जाएगा पंत को

**मैनचेस्टर :** ऋषभ पंत का पैर में फ्रैक्चर के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरना 2002 में अनिल कुंबले का टूटे जबड़े के साथ गेंदबाजी करते हुए ब्रायन लारा को आउट करने की तरह याद रखा जाएगा जो भारतीय उप-कप्तान की टीम के प्रति प्रतिबद्धता और बहादुरी का प्रमाण है। मांजरेकर ने कहा, जब आप इस तरह की चीजें करते हैं जैसे अनिल कुंबले का जबड़े पर पट्टी बांधकर गेंदबाजी करना तो ये इतिहास के वो पल होते हैं जिन्हें आप 50 साल बाद भी याद रखेंगे। यह दर्शाता है कि वह भारत के लिए खेलने को कितने प्रतिबद्ध हैं। टेस्ट क्रिकेट में कुछ खास बात होती है, खासकर जब यह इंग्लैंड में खेला जा रहा हो। एक क्रिकेटर के तौर पर आपके ऊपर कितना ध्यान होता है।

# उन्नति ने बड़ा उलटफेर करते हुए सिंधु को हराया

**चांग्झू (चीन), एजेंसी**

- चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग

उन्नति हुड्डा ने अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधु को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर गुरुवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपनी प्रतिष्ठित हमवतन खिलाड़ी का केवल दूसरी बार सामना करते हुए 17 वर्षीय हुड्डा ने कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है।

रोहतक की इस किशोरी ने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते थे। वह अगले दौर में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से भिड़ेगी। सिंधु सात साल में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किसी साथी भारतीय से हारी हैं। पिछली बार उन्हें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में साइना नेहवाल से हार का सामना करना पड़ा था। वह 2019 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी साइना से ही हार गई थी।

इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की।

### वैष्णवी ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीता

**बर्लिन (जर्मनी) :** वैष्णवी अडकर विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को यहां एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। तीरंदाजों ने दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कंपाउंड पुरुष और मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक दौर में प्रवेश किया। कई ट्रैक एवं फील्ड एथलीट भी फाइनल में पहुंच गए। वैष्णवी को सेमीफाइनल में स्लोवाकिया की एस्टर मेरी के खिलाफ 6-2, 4-6, 4-6 से हार के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व विश्वविद्यालय खेलों के मौजूदा सत्र में यह देश का अब तक का दूसरा पदक है।

टेनिस प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक दिया जाता है। बीस वर्षीय वैष्णवी विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय टेनिस खिलाड़ी बनीं।

**प्रशंसा** | भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी-20 व वनडे दोनों सीरीज जीतकर किया है कमाल

# इंग्लैंड में जीत से भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा : सचिन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि इंग्लैंड की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भारत की दो श्रृंखलाओं में जीत से इस साल होने वाले वनडे विश्व कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले महिला टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने टी20 श्रृंखला 3-2 से जीत कर नया इतिहास रचा।

यह पहला अवसर था जबकि भारतीय महिला टीम ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती। भारत ने इसके बाद वनडे श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 30 सितंबर से श्रीलंका के साथ एकदिवसीय विश्व कप की सह-मेजबानी करेगा। इसके बाद इंग्लैंड में 2026 में टी-20 विश्व कप का आयोजन होगा। तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा इंग्लैंड में जीतना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और टी-20 तथा वनडे दोनों में ऐसा करना टीम की तैयारी और मानसिकता के बारे में बहुत कुछ बयां करता है।

उन्होंने कहा इस शानदार प्रदर्शन से टीम का आगे होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा। दो विश्व कप सामने होने के कारण यह टीम के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी था। शाबाश टीम इंडिया। भारत अब 14 सितंबर से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा और इसके बाद अपनी धरती पर होने वाले विश्व कप में भाग लेगा।




इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के बाद जश्न मनाती महिला टीम। एजेंसी

### सभी खिलाड़ियों ने धैर्य से काम लिया

तेंदुलकर ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सभी खिलाड़ियों ने धैर्य से काम लिया और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में अपना पहला टी-20 शतक बनाया, जबकि कप्तान हरमनप्रीत ने तीसरे वनडे में शतक लगाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा 21 वर्षीय क्रांति गौड़ ने तीसरे वनडे में छह विकेट लिए। यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय तेज गेंदबाज और कुल मिलाकर पांचवीं गेंदबाज बन गई। तेंदुलकर ने कहा पहले टी20 मैच में स्मृति के शतक ने दौरे की शुरुआत में ही लय बना दी थी। आखिरी वनडे में हरमनप्रीत के शतक ने उस लय को और मजबूती प्रदान की। अन्य ने भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई।